

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पक

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

10 इलेट्रिक राजमार्ग के विकास पर कई कंपनियों से चर्चा: गडकरी

हार के बाद रिकी पोंटिंग हुए आग-बबूला 11



वर्ष : 11 | अंक : 01 | पटना, शुक्रवार, 12 मई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 40°C

न्यूनतम तापमान 24.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,995 |
| चांदी | 72,500 |
| सेंसेक्स | 57,635 |
| निफ्टी | 16,986 |

# भारत के लिए प्रौद्योगिकी देश के विकास पथ में गति जोड़ने का एक साधन : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत के लिए, प्रौद्योगिकी देश के विकास पथ में गति जोड़ने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और समाज में असमानताओं को दूर करने में एक बड़ी भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री ने गुरूवार को प्रगति मैदान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2023 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम 11 से 14 मई तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के 25वें वर्ष के उत्सव की शुरूआत को भी चिह्नित करता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति से जुड़ी 5800 करोड़ रुपए से अधिक की अनेक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रधान मंत्री ने कहा कि 11 मई भारत के इतिहास में सबसे प्रतिष्ठित दिनों में से एक है। प्रधानमंत्री ने पोखरण में परमाणु परीक्षण की 25वीं वर्षगांठ को भारतीय इतिहास के सबसे गौरवशाली दिनों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन भारत ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पोखरण परमाणु परीक्षण किया था, जिसने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की शक्ति का प्रदर्शन किया।

उन्होंने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण के जरिए भारत ने ना केवल अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को साबित किया बल्कि भारत के वैश्विक कद को एक नई ऊंचाई भी दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय में हम आजादी के ह्यअमृतकालह्न के शुरूआती महीनों में हैं। हमें 2047 के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य मिला है, हमें अपने देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है। चाहे वह देश की आर्थिक वृद्धि हो या सतत विकास लक्ष्य हो या नवाचार के लिए एक

समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र बनाना हो, प्रौद्योगिकी हर कदम पर महत्वपूर्ण है। इसलिए आज भारत एक नई सोच के साथ, 360 डिग्री समग्र दृष्टिकोण के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि एक समय था, जब प्रौद्योगिकी सामान्य भारतीय की पहुंच से बाहर थी लेकिन भारत का यूपीआई आज अपनी सादगी की वजह से नया सामान्य बन गया है। आज रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर रिक्शे वाले तक, डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत, प्रौद्योगिकी को अपना दबदबा कायम करने का माध्यम नहीं मानता बल्कि देश की प्रगति को गति देने का एक साधन मानता है। उन्होंने कहा कि जब हम प्रौद्योगिकी के सामाजिक संदर्भ को समझकर और पहचान कर आगे बढ़ते हैं, तो प्रौद्योगिकी सशक्तिकरण का एक बहुत बड़ा माध्यम बन जाती है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और समाज में असमानताओं को दूर करने में एक बड़ी भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा दिमाग को नवाचार की तरफ प्रेरित करने के लिए बीते 9 वर्षों में देश में एक मजबूत बुनियाद बन चुकी है। कुछ साल पहले शुरू की गई अटल टिंकरिंग लैब्स आज देश की नवाचार नर्सरी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने जो स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया, जो डिजिटल इंडिया अभियान शुरू किया, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई, उसने भी तकनीकी क्षेत्र में भारत की सफलता को नई ऊंचाई दी है। 2014 में, देश में लगभग 100 स्टार्टअप थे, जबकि आज यह संख्या लगभग 1 लाख है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब डेबिट और क्रेडिट कार्ड को जेब में रखना स्टेटस सिंबल हुआ करता था, लेकिन आज समय आ गया है जब भारत का यूपीआई अपनी सरलता के कारण न्यू नॉर्मल हो गया है। आज जेम ट्रिनिटी, कोविन पोर्टल, ई-नेम हो या किसानों के लिए डिजिटल मार्केट, हमारी सरकार ने तकनीक को समावेशन एजेंट के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले लगभग 4,000 पेटेंट सालाना पंजीकृत होते थे, अब यह 30,000 से अधिक है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने हाल के दिनों में भारत में की गई वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करने वाले एक्सपो का उद्घाटन भी किया। उन्होंने इस अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एनआईए का जम्मू-कश्मीर में 12 ठिकानों पर तलाशी अभियान

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी द्वारा आतंकी फंडिंग मामले की चल रही जांच में गुरुवार को कश्मीर में करीब 12 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बड़गाम और बारामूला जिले में 11 स्थानों पर तलाशी जारी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जम्मू-कश्मीर में एक गैरकानूनी संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेइएल) द्वारा आतंकी फंडिंग के मामले में छापेमारी की जा रही है। जेइएल को फरवरी 2019 में केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। कश्मीर में 21 से 23 मई तक होने वाली जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की बैठक से पहले (अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने वाली पहली बड़ी अंतरराष्ट्रीय घटना है) एनआईए ने उग्रवादियों, उनके सहयोगियों, ओवरग्राउंड वर्कर्स और फाइनेंसरों के खिलाफ अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। आतंकवाद विरोधी एजेंसी ने पिछले दो दिनों में दो अलग-अलग मामलों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। गौरतलब है कि गत मंगलवार को एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में हाल ही में राजौरी में पांच सैनिकों की हत्या के पीछे समूह सहित नए उग्रवादी संगठनों पर कार्रवाई की और पूरे प्रदेश में 16 स्थानों पर तलाशी ली। एक दिन बाद, एनआईए ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों की संपत्तियों को जब्त कर लिया।

### बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली नाबालिग का बयान दर्ज

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक नाबालिग का बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस से 12 मई तक स्थिति रिपोर्ट मांगी थी। अदालत ने प्रदर्शन कर रहे पहलवानों की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया। याचिका में अनुरोध किया गया है कि जांच की निगरानी की जाए और कथित पीड़ितों के बयान अदालत के समक्ष दर्ज कराये जाएं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ह्यनाबालिग महिला पहलवान का बयान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किया गया है। शेष छह महिला पहलवानों के बयान भी जल्दी ही मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए जाएंगे।ह्न दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 किसी मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज किए जाने से संबंधित है। पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत नाबालिग शिकायतकर्ता सहित सभी सात महिला पहलवानों के बयान दर्ज किए हैं। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 पुलिस द्वारा गवाहों की जांच से जुड़ी है। दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने सिंह के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की थी। सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर देश के कई पहलवान 23 अप्रैल से यहां जंतर मंतर पर धरना दे रहे हैं।

## विपक्षी एकजुट की मुहिम में सीएम नीतीश को मिला शरद पवार व उद्धव ठाकरे का साथ

# पीएम बनने की लालसा नहीं, विपक्षी एकजुटता की चाहत : नीतीश

## बोलें- इतिहास बदलने की हो रही कोशिश, केन्द्र को देश से कोई मतलब नहीं

प्रात : किरण

पटना/ एजेंसी। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकजुटता को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। इसी कड़ी में गुरूवार को मुख्यमंत्री मुंबई में एनसीपी के प्रमुख शरद पवार व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। मातोश्री में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव का स्वागत उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे ने किया। इस मौके पर सीएम नीतीश ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम चाहते हैं ज्यादा से ज्यादा पार्टियां एकजुट हों, केंद्र सरकार कोई काम नहीं कर रही है। साथ मिलकर हम देश को आगे लेकर जाएंगे। ये लोग देश का इतिहास मिटा रहे हैं। केंद्र को देश से कोई मतलब नहीं है। अपने तरीके से सब चीजों को बदल रहे हैं। हम सभी पार्टियों के साथ जल्द ही बैठक करेंगे। नीतीश कुमार से साफ शब्दों में कहा कि वे विपक्ष की एकता चाहते हैं। उन्हें पीएम नहीं बनना है और जो भी पीएम बनेंगे उनको सपोर्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया के साथियों को कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन आज इस पर भी कब्जा है। अलग-अलग राज्यों में दूसरी पार्टी के लोगों ने जो काम किया है, उसकी कोई चर्चा नहीं होती है। देश के हित में जरूरी है कि ये आगे बढ़े। आपस में किसी तरह का विवाद नहीं हो, लेकिन कोशिश क्या हो रही है कि समाज में एक तरह का विवाद पैदा हो, जो नहीं होना चाहिए। हिंदू-मुस्लिम या किसी जाति के हों सबको एकता में रहना चाहिए। हमलोग तो यही चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा पार्टियां एक साथ मिलकर काम करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि इस समय देश में सिर्फ धर्म पर राजनीति हो रही है। हमें इसमें कोई भी विवाद नहीं करना है। हम सब मिलकर देश की सेवा करें और बीजेपी के लोगों को आजादी जंग से क्या मतलब है। अगर सब एक हो है तो आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका असर दिखेगा।

**हम 2024 में सफल होंगे और देश आगे बढ़ेगा**

एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात के बाद सीएम नीतीश ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री बनने की लालसा नहीं है। वे विपक्ष की एकता चाहते हैं। इसके लिए सभी लोगों से बात कर रहे हैं। नीतीश ने आगे कहा, वे चाहते हैं कि सभी एकजुट होकर लड़ें और देश को आगे बढ़ाएं। हम 2024 में सफल होंगे और देश आगे बढ़ेगा। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वह इतिहास बदलने में लगी है। बीजेपी जो कर रही है वह कहीं से भी देशहित में नहीं है, इसलिए हम चाहते हैं कि बीजेपी के खिलाफ सभी विपक्षी दल एकजुट हों। नीतीश ने दावा किया कि महाराष्ट्र दौरे के दौरान सभी दलों से बातचीत हुई है और विपक्ष को एकजुट करने पर सबकी सहमति हो रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही साथ बैठकर निर्णय ले लिया जाएगा और अब सब कुछ देशहित में होने जा रहा है।

### लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होना जरूरी : पवार

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि देश के हालात को देखते हुए लोकतंत्र को बचाने के लिए मिलकर काम करना जरूरी है। ऐसा लगता है कि अगर हम मिलकर काम करेंगे तो देश को जिस विकल्प की जरूरत है, उसके लिए समर्थन मिलेगा। पवार ने कहा कि आज हमारी अच्छी मुलाकात हुई है। देश का आज जो माहौल है वो सब देखने के बाद देश की प्रजातंत्र को बचाने के लिए हमें मिलकर काम करने की आवश्यकता है और हम इसका समर्थन करते हैं। मुलाकात की तस्वीरें ट्वीट करते हुए शरद पवार ने कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का गुरूवार को मेरे मुंबई आवास पर स्वागत किया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए हमने संक्षिप्त चर्चा की। एनसीपी प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारेगी। उन्होंने कहा, मेरी जानकारी के अनुसार, वहां के लोग भाजपा को हटाकर एक धर्मनिरपेक्ष सरकार का चुनाव करेंगे।

### हम सब मिलकर अब देश को बचाएंगे : ठाकरे

शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव एकदम सही समय पर आएं हैं। आज सुप्रीम कोट्र में साबित हो गया कि किस तरह से लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। मेरे लड़ाई सिर्फ मेरे देश और राज्य के लिए हैं। राजनीति में विवाद होता रहता है और लेकिन अब हम देश को बचाने के लिए एकजुट हो गए हैं। नीतीश कुमार इस समय पूरे देश के दौरे पर हैं और यहां भी आएं हैं। हम सब मिलकर अब देश को बचाएंगे।

## जातिगत गणना : सुप्रीम कोर्ट पहुंची बिहार सरकार

### पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दायर

प्रात : किरण

पटना। बिहार में जातिगत जनगणना पर पटना हाईकोर्ट की रोक के खिलाफ बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी है। बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका दायर कर पटना हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने और जातिगत जनगणना शुरू करने की इजाजत देने की मांग की है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट इस पर कब सुनवाई करेगा ये तय नहीं हुआ है। बता दें कि इससे पहले पटना हाईकोर्ट ने नीतीश सरकार को बड़ा झटका दिया था। 4 मई पटना हाईकोर्ट ने बिहार में चल रहे जातीय जनगणना को असंवैधानिक और गलत करार देते हुए अगले आदेश तक इस पर रोक लगा दिया था।

हाईकोर्ट ने इस मामले पर अगली सुनवाई के लिए 3 जुलाई की तारीख तय की थी। लेकिन इसके बाद बिहार सरकार ने जातीय जनगणना मामले की जल्द सुनवाई के लिए फिर से पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. 9 मई को पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया था। पटना हाईकोर्ट में बिहार सरकार की ओर से ये भी मांग की गयी थी कि उसे जातिगत जनगणना का काम जारी रखने दिया जाये। इसका 80 परसेंट काम हो चुका है, कोर्ट बाकी बचे काम को भी पूरा करने की इजाजत दे। सरकार ने कहा था कि जातिगत जनगणना का काम पूरा करने के बाद इसे सार्वजनिक तभी किया जायेगा जब कोर्ट इसकी इजाजत देगी। लेकिन हाईकोर्ट ने इसे मानने से भी इंकार कर दिया था. ऐसे में बिहार सरकार अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी है।

## देश के कोने-कोने तक जल्द ही ड्रोन से होगी रक्त आपूर्ति

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। पूरे देश में अब ड्रोन के जरिए रक्त की आपूर्ति करने का सपना जल्द ही हकीकत में तब्दील हो सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने बृहस्पतिवार को अपनी आई-ड्रोन पहल के तहत ड्रोन के जरिए ब्लड बैग की आपूर्ति का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह पहल भारत में ड्रोन पारिस्थितिकी का विस्तार करने के राष्ट्रीय अभियान का हिस्सा है। आईसीएमआर ने सबसे पहले दूरदराज के इलाकों तक टीका पहुंचाने के लिए कोविड-19 महामारी के दौरान ह्यआई-ड्रोनह्न का इस्तेमाल किया था। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा, आज, हम रक्त तथा रक्त से संबंधित उत्पाद भेज रहे हैं जिन्हें कम तापमान पर रखा जाता है। इस प्रयोग के बाद हमने पाया कि हम न केवल तापमान बनाए रख सकें बल्कि उत्पादों को कोई नुकसान भी नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हमने एक एम्बुलेंस के जरिए एक अन्य नमूना भेजा और अगर दोनों तरीकों का इस्तेमाल कर भेजे गए नमूनों में कोई अंतर नहीं है तो फिर पूरे भारत में ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। बहल ने कहा, डिजीटलीकरण के साथ टीकों के प्रभावी निर्माण और त्वरित आपूर्ति प्रणाली विकसित होने से भारत ने एक साल के भीतर 90 फीसदी कवरेज हासिल की। आईसीएमआर, दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज तथा नोएडा के जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के संयुक्त प्रयासों से देश में पहली बार का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।

# भाजपा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह

## बोलें- पीएम मोदी ने देश को एक मजबूत नेतृत्व दिया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह बृहस्पतिवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कुर्सी के मोह में वह अपराध और भ्रष्टाचार से समझौता कर रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पार्टी महासचिव अरुण सिंह और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी की मौजूदगी में आरसीपी सिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कभी नीतीश कुमार के बेहद करीबियों में शुमार रहे आरसीपी सिंह ने पिछले साल अगस्त में जदयू से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा से नजदीकियों के चलते जदयू ने उन्हें दोबारा राज्यसभा भी नहीं भेजा। इसके बाद उन्हें केंद्रीय मंत्री का पद भी गंवाना पड़ा था। कुमार पर निशाना साधते हुए सिंह

ने कहा, उन्हें अंग्रेजी के सी अक्षर से बहुत प्यार है। सी से क्राइम, करप्शन और चेयर यानी कुर्सी भी होता है। बिहार के मुख्यमंत्री को पलटू राम कहकर उनका मजाक उड़ाते हुए आरसीपी सिंह ने कहा, नीतीश पीएम थे, हैं और रहेंगे। पीएम यानी पलटू मार। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उन्होंने गरीबों के लिए काम किया और देश को एक मजबूत नेतृत्व दिया है। सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंत्रिपरिषद के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार इन दिनों दावा करते फिर रहे हैं कि देश में कोई विकास नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि काम नहीं हो रहा है तो भारत ऐसे ही दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया? मैंने उन्हें कई बार आईना दिखाने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश कहां से कहां पहुंच गया जबकि बिहार आज भी वहीं है। उन्होंने कहा, बिहार में 2005 से पहले कानून-व्यवस्था की जो स्थिति थी, उससे भी बुरी स्थिति आज है। जदयू छोड़ने के बाद से ही आरसीपी सिंह के भाजपा में जाने के कयास लगाए जा रहे थे। वह कुर्मी समाज से आते हैं। कुर्मी मतदाता नीतीश कुमार के समर्थक माने जाते हैं क्योंकि वह खुद भी इसी समाज से ताल्लुक रखते हैं। भाजपा में शामिल होने को अपने लिए गौरव और गर्व का क्षण करार देते हुए सिंह ने नीतीश पर विपक्षी दलों को एकजुट करने के उनके प्रयासों के लिए भी निशाना साधा।

## दिल्ली सरकार के नौकरशाहों पर यहां की चुनी सरकार का हो नियंत्रण : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार और केंद्र के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास ही असली शक्ति होनी चाहिए। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने दिल्ली के प्रशासनिक सेवाओं के निर्णय लेने के मामले में अपना फैसला दे दिया है। न्यायाधीश ने कहा कि ये फैसला बहुमत का फैसला है। कोर्ट ने इसी के साथ कहा कि चुनी हुई सरकार के पास असली शक्ति होनी चाहिए और उसी के पास ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और माना कि नौकरशाहों पर उसका नियंत्रण होना चाहिए। कोर्ट ने ये भी कहा कि एलजी को सरकार के साथ हर फैसले के लिए सरकार से बात करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार अन्य राज्यों की तरह लोगों के प्रति जवाबदेह है, लेकिन उसके अधिकार कम है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर अधिकारी मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर देते हैं या उनके निदेर्शों का पालन नहीं करते हैं, तो सामूहिक जिम्मेदारी का सिद्धांत प्रभावित होता है। अधिकारियों को लगता है कि वे सरकार के नियंत्रण से अछूते हैं, जो जवाबदेही को कम करेगा और शासन को प्रभावित करेगा।

**फैसला** महाराष्ट्र में पिछले साल के राजनीतिक संकट पर उच्चतम न्यायालय का बड़ा फैसला, शिंदे को राहत

# राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने का अधिकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। महाराष्ट्र में पिछले साल के राजनीतिक संकट पर उच्चतम न्यायालय के गुरुवार के फैसले से भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से मुख्यमंत्री बने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में बनी सरकार पर मंडराते संकट के बादल फिलहाल छंट गए। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने कहा कि पूरे घटनाक्रम में तत्कालीन राज्यपाल राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी द्वारा सदन में विधायकों के शक्ति परीक्षण कराने और विधानसभा अध्यक्ष का व्हिप की नियुक्ति का फैसला गलत था। पीठ ने श्री शिंदे और उनके समर्थक विधायकों द्वारा शिवसेना में विद्रोह के बाद राज्यपाल की कार्रवाई के संबंध में कहा कि न तो संविधान और न ही कानून ने राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने और राजनीतिक दलों के बीच या उनके विवादों में कोई भूमिका निभाने का अधिकार दिया है। पीठ ने कहा कि चूंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विधान सभा सदन में शक्ति परीक्षण का सामना किए बगैर खुद ही इस्तीफा दे दिया था, इस वजह से उनके नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी सरकार को अब वह बहाल नहीं कर सकती। इस सरकार में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल थी। शीर्ष अदालत ने 16 मार्च को इस मामले में आठ दिनों तक चली सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शिवसेना में एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद श्री ठाकरे ने अपने पद से सदन में शक्ति परीक्षण से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद श्री शिंदे ने भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से राज्य में सरकार बनाई

थी। महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल श्री कोश्यारी को तत्कालीन मुख्यमंत्री ठाकरे से विधानसभा में बहुमत साबित करने के लिए कहा था, लेकिन बागी शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार को अवैध घोषित करने से परहेज किया था। श्री ठाकरे ने विश्वास मत का सामना किए बिना मुख्यमंत्री ने खुद इस्तीफा दे दिया था। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास यह निष्कर्ष निकालने के लिए कोई वस्तुनिष्ठ सामग्री नहीं थी कि श्री ठाकरे महाविकास अघाड़ी सरकार (कांग्रेस, राकांपा और शिवसेना) के नेता के रूप में विधायकों का बहुमत खो चुके हैं। शिंदे सरकार से असंतुष्ट थे हालांकि, उन्होंने सरकार से समर्थन वापस लेने की अपनी इच्छा व्यक्त नहीं की। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में यह भी कहा कि केवल ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना विधायक दल के पास पार्टी के मुख्य सचेतक को नामित करने की शक्ति थी। अदालत ने कहा कि शिंदे समूह द्वारा भरत गोगावाले को शिवसेना के मुख्य सचेतक के रूप में नियुक्त करने के अध्यक्ष के फैसले को अवैध घोषित कर दिया। पीठ ने अपने फैसले में शिंदे समूह के इस तर्क को खारिज कर दिया कि मुख्य सचेतक विधायक दल द्वारा नियुक्त किया जाता है न कि राजनीतिक दल द्वारा। पीठ ने एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों द्वारा विद्रोह के बाद राज्यपाल की कार्रवाई के संबंध में कहा कि न तो संविधान और न ही कानून ने राज्यपाल को राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने और अंतर-पार्टी या अंतर-पार्टी विवादों में भूमिका निभाने का अधिकार दिया है। शीर्ष अदालत ने भारतीय जनता पार्टी नेता देवेंद्र फडणवीस और निर्दलीय विधायकों के एक पत्र के आधार पर विधानसभा में शक्ति परीक्षण कराने के राज्यपाल के फैसले को नामंजूर कर दिया। पीठ ने 2016 के फैसले को संविधान पीठ द्वारा संदर्भित करने का फैसला किया, जिसमें अध्यक्ष की शक्ति को अयोग्यता याचिका तय करने के लिए प्रतिबंधित किया गया था, क्योंकि निष्कासन के प्रस्ताव के लंबित होने के मद्देनजर उसे दसवीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) के प्रभाव के कारण सात-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष रखा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांग अस्पताल में जीवन जीने की कला पर कार्यशाला

पटना सिटी। भारत विकास विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में मरीजों एवं परिजनों के बीच जीवन जीने की कला एवं शाकाहार विषय पर आशा बिहार द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। जिओ और जीने दो बोध वाक्य को जीवन में उतारने का संदेश दिया गया। घर को मंदिर जैसा पवित्र बनाने के लिए शाकाहार जीवन अपनाने के लिए अनुरोध किया गया। आकृति से नहीं, प्रकृति से मनुष्य बनें। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आज की पीढ़ी को शाकाहार जीवन के प्रति रुचि को जगाना था। इस कार्यशाला में करीब 20 लोगों को आजीवन शाकाहार जीवन व्यतीत करने का शपथ दिलाया गया।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

फतुहा। फतुहा स्टेशन के पश्चिमी छोर स्थित रेल पुल के नीचे अप लाइन पर गुरुवार को किसी ट्रेन से कटकर एक 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। रेल पुलिस ने अप लाइन से शव को बरामद किया है। उसके पास से फतुहा से पटना का टिकट भी मिला है। परिजनों के अनुसार बांकीपुर गोरख निवासी 50 वर्षीय जितेन्द्र कुमार घर से पटना जाने के लिए निकले थे। कुछ ही घंटे बाद ट्रेन से गिरने से मौत की खबर आ गई। इसके बाद लोग स्टेशन पहुंचे जहां परिजनों के चित्कार से कोहराम मच गया। रेल थानाध्यक्ष भरत उरांव ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### खुदकुशी करने गयी महिला को स्थानीय लोगों ने बचाया

फतुहा। स्थानीय मस्ताना घाट से गुरुवार को एक 60 वर्षीया महिला को बेहोशी की हालत में स्थानीय लोगों द्वारा फतुहा अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। चर्चा के अनुसार महिला ने त्रिवेणी संगम से छलांग लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया था। वह बहती हुई आ रही थी तभी मस्ताना घाट के पास स्थानीय लोगों ने उसे गंगा नदी से बेहोशी की हालत में निकाला और एम्बुलेंस को खबर देकर अस्पताल पहुंचवाया। इधर सूचना के बाद फतुहा पुलिस भी अस्पताल पहुंची और मामले की छानबीन की। महिला की पहचान नहीं हो पाई है।

### वाहन के चपेट में आने से महिला घायल

फतुहा। स्थानीय पुलिस ने बुधवार की रात सोनारू मोड़ के समीप से एक घायल महिला को बरामद कर फतुहा अस्पताल में भर्ती कराया। महिला किसी वाहन की चपेट में आकर जख्मी हो गई थी जबकि उसके पास रहे एक साल के बच्चे को खंरोच तक नहीं आई थी। काफी मशक्कत के बाद महिला की पहचान बाढ़ के कुंआपर निवासी 28 वर्षीया शगुनी देवी के रूप में हुई। वह फतुहा के मौजीपुर स्थित ईंट भट्ठे पर काम करती थी। सूचना मिलने पर परिजन फतुहा अस्पताल पहुंचे और उसे बेहतर इलाज के लिए पटना लेकर चले गए।

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ

पटना सिटी (प्राकि)। सिख पंथ के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी की गुरुता गद्दी मनाया जाना है। इसे लेकर गुरुवार को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में रखा गया। इसका समापन शनिवार को होगा। उस दिन दरबार साहिब में विशेष दीवान सजेगा। उसमें शबद कीर्तन और कथा होगा। दूसरी ओर सिख पंथ के पाचवें गुरु श्री अर्जन देव जी महाराज के शहीदी पर्व को लेकर माता साहिब कौर व स्त्री साध संगत की ओर से सुखमणि साहिब का पाठ गुरुवार को होगा। 40 दिनों तक चलने वाले पाठ का समापन 23 मई को होगा। उसी दिन विशेष दीवान सजेगा।

### सतगुरु बाबा हरदेव सिंह को समर्पित समर्पण दिवस कल

पटना सिटी (प्राकि)। सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की स्मृति में समर्पण दिवस 13 मई को मनाया जाएगा। संत निरंकारी सत्संग भवन, हरदेव नगर, इलाही बाग में विशाल समागम का आयोजन किया गया है, जिसमें पटना जोन के तहत आने वाले सभी ब्रांच बिहटा, आराप, दानापुर, खगौल, दीदारगंज, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा आदि के निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हरदेव सिंह के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

### गंगा में डूबने से वृद्ध की मौत

पटना सिटी (प्राकि)। खाजेकलां थाना क्षेत्र के खाजेकलां घाट पर गुरुवार को गंगा स्नान के दौरान वृद्ध की डूबने से मौत हो गई। करीब 65 सालके वृद्ध जयप्रकाश जैन की डूबने से मौत हो गई। मृतक चौक थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि वृद्ध के डूबने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ और गोताखोर राजेंद्र सहनी की मदद से डूबे वृद्ध के शव को निकलवाया। इसकेबाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

# हाई पावर जांच कमेटी असंवैधानिक, तो ज्ञानी रणजीत को जारी पत्र भी गलत

## तख्तश्री कमेटी ने 22 मार्च को जांच रिपोर्ट जल्द मांगी, अब उसे गलत बता रहे

आनंद केसरी




पटना सिटी। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की बैठक में और पत्रकारों से बातचीत के दौरान तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही का कहना है कि हाई पावर जांच कमेटी असंवैधानिक है। इसे बोर्ड की बैठक में स्वीकृत नहीं कराया गया। तत्कालीन अध्यक्ष अवतार सिंह हित ने दिल्ली में रह कर कमेटी का गठन तो कर दिया, मगर उसे बोर्ड की बैठक में पास नहीं कराया। इसलिए वे इसे सही नहीं मानते हैं।

दरअसल जालंधर के डॉ गुरविंदर सिंह सामरा के द्वारा तख्तश्री पटना साहिब के दरबार साहिब में सोने का श्री साहिब यानी तलवार भेंट किया गया था। बाद में जांच के दौरान उनके द्वारा बताए गए सोना-चांदी नहीं के बराबर मिल पाया था। मामला उजागर हुआ, तब उन्होंने तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह पर अनेक आरोप लगाया। मामले को तूल पकड़ता देख श्री हित में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। यही नहीं, प्रधान श्री सोही ने यहां तक कहा कि उन्हीं की सलाह पर अवतार सिंह हित ने जांच समिति में दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरएस सोढ़ी को जांच समिति में शामिल किया था। अध्यक्ष अवतार सिंह हित के निधन के बाद श्री सोही पहले कार्यकारी अध्यक्ष और बाद में 31 दिसंबर,22 की बैठक में अध्यक्ष बन गए। 22 मार्च, 23 को कमेटी की हुई बैठक में इस पर चर्चा भी हुई और इसके बाद अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के निर्देश पर महासचिव इंद्रजीत सिंह और सचिव हरवंश सिंह के द्वारा पत्र जारी कर जांच समिति के द्वारा जल्दी रिपोर्ट देने का आग्रह किया गया। यही नहीं, जब जांच कमेटी के चेयरमैन से दिल्ली हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस आरएस सोढ़ी ने 18 अप्रैल को मौखिक और 19 अप्रैल को लिखित तौर पर उन्हें आकर रिपोर्ट प्राप्त करने का पत्र भेजा। इसके बाद जब वे करीब एक सप्ताह तक रिपोर्ट लेने की दिशा में प्रयास नहीं किया और साजिश की बू आने लगी तब उन्होंने संयोजक चरणजीत सिंह से इसे मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक करने को कहा गया। तब तक हाई पावर जांच कमेटी के गठन से लेकर उस समय तक यह कमेटी वैध रही। रिपोर्ट में जब ज्ञानी रणजीत सिंह को निर्दोष साबित किया गया, तब किंतु-परंतु करते हुए नुक्श निकालने का काम शुरू कर दिया गया। इस संबंध में महासचिव चरणजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह और सदस्य चरणजीत सिंह का कहना है कि जांच कमेटी के गठन होने से लेकर रिपोर्ट तैयार होकर सौंपने या सार्वजनिक किए जाने तक असंवैधानिक बताने वाले तब कहां थे। यदि यह कमेटी दिल्ली में बैठकर श्री हित ने बनाया और बोर्ड की मीटिंग में पास नहीं कराया गया। इस दौरान ज्ञानी रणजीत सिंह को दिल्ली में बैठ कर ही सेवा करने से रोके जाने और जत्थेदार और मुख्य ग्रंथी के पद का इस्तेमाल नहीं करने का पत्र जारी किया जाना भी गलत और असंवैधानिक था। छह दिसंबर, 22 को श्री अकाल तख्त साहिब के द्वारा जारी हुक्मनामा में भी हाई पावर जांच कमेटी के द्वारा जल्द रिपोर्ट सौंपी जाने का हुक्म दिया गया था। तब इस जांच कमेटी को वर्तमान कमेटी के पदाधिकारियों के द्वारा क्यों नहीं असंवैधानिक बताया गया। आखिर ज्ञानी रणजीत सिंह को अब तक सेवा से रोके जाने और इंसाफ दिए जाने का काम क्यों नहीं किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भी संगतों के द्वारा हाई पावर जांच कमेटी को असंवैधानिक बताए जाने को लेकर तरह-तरह की क्रिया-प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है।

# वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने को 10 दिन का समय फिर बढ़ा

## तख्तश्री कमेटी का चुनाव लड़ने वाले व संगतों में आक्रोश के साथ निराशा

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी का चुनाव निर्धारित समय पर होने में संशय है। इसके पीछे कारण यह है कि लगातार छठी बार मतदाता सूची तैयार करने के लिए तिथि का विस्तार किया गया है। बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के सचिव ने पहले पत्र जारी कर 16 मार्च तक मतदाता सूची फाइनल कर सौंपने का निर्देश दिया था। बाद में संगतों के आग्रह पर इसे बढ़ाकर 31 मार्च किया गया। फिर तख्तश्री कमेटी ने इसके लिए चुनाव पदाधिकारी के रूप में अधिवक्ता गुरमीत सिंह को मनोनीत किया। फिर 22 अप्रैल तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने और घटाने के लिए घोषित किया। इसके बाद फिर इसे बढ़ा कर 30 अप्रैल और फिर 10 मई किया गया। तख्तश्री कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही के द्वारा 10 मई को जारी पत्रांक तपस/3/4931 जारी कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए 20 मई को अपराह्न पांच बजे तक बढ़ाने का आदेश जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि चुनाव क्षेत्र हलका संख्या 1, 2, 3 और दक्षिण एवं उत्तर बिहार के जिम्मेवार मतदाता सूची के तैयार करने वालों के द्वारा किए गए आग्रह पर 10 दिनों के लिए तिथि में विस्तार किया गया है। हालांकि इसके पूर्व जो तिथि बढ़ाई गई थी, वह महासचिव इंद्रजीत सिंह के हस्ताक्षर से जारी किया गया था। मगर 10 मई को जारी पत्र प्रधान जगजोत सिंह सोही के द्वारा जारी किया गया है। इसकी सूचना संबंधित अधिकारी और पदाधिकारियों को भी भेजी गई है।

संगतों में और चुनाव लड़ने को इच्छुक प्रत्याशियों के बीच इसे लेकर खासा आक्रोश के साथ निराशा भी है। उन लोगों का कहना है कि वर्तमान कमेटी समय से चुनाव कराने में रुचि नहीं ले रही है और वोटर लिस्ट तैयार किए जाने को लेकर अनावश्यक रूप से बार-बार तिथि को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। जबकि कमेटी का कार्यकाल जुलाई, 23 में समाप्त हो रहा है। इसके पूर्व हर हाल में चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाने के साथ ही कमेटी का गठन हो जाना चाहिए। इसे लेकर कमेटी के सदस्य चरणजीत सिंह ने भी बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के सचिव और जिला जज के यहां ससमय कमेटी के चुनाव कराए जाने के रवैया को लेकर निराशा जताते हुए कमेटी के पदाधिकारियों को समय से चुनाव कराने का निर्देश देने या वर्तमान कमेटी को सुपरसीड करते हुए एडहाक कमेटी बनाकर चुनाव कराने का आग्रह कर चुके हैं।

# महिलाएं परिवार में संस्कार निर्माण का आधार, धर्म परिवर्तन से बचे

## विहिप ने महिलाओं को दिखाया द केरला स्टोरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

लव जिहाद को लेकर बनाई गई फिल्म द केरला स्टोरी को शहरवासियों का समर्थन मिल रहा है। लोग बड़ी संख्या में इस फिल्म को देखने थिएटर को पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में समाजसेवी विक्रम शाह के सहयोग से विश्व हिन्दू परिषद, वाहिनी पटना महानगर के नेतृत्व में करीब तीन सौ महिलाओं को फिल्म दिखाया गया। इस दौरान सभी महिलाओं और युवतियों का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। वहीं फिल्म के समर्थन में जमकर नारे लगाए गए। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे बिना गोली और बम के देश में आतंकवाद फैलाया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद पटना महानगर के सह मंत्री राजेश रौशन ने कहा कि फिल्म में इस तथ्य को भी प्रदर्शित किया गया है कि किस तरह से बालिकाओं का ब्रेनवॉश कर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने इस फिल्म को वास्तविकता से परिचित कराने तथा धर्मान्तरण एवं आतंकवाद के विरुद्ध जनजागरुकता को बढ़ावा देने वाली बताया। कारण कि महिलाएं परिवार में संस्कार निर्माण का आधार होती हैं। इसलिए उनका भी यह फिल्म देखना उतना ही जरूरी है, जितना आज की युवतियों को इस चलचित्र को देख कर जागरूक एवं सावधान होना।

साथ लोगों ने बिहार सरकार से मांग की कि इस फिल्म को मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी टैक्स फ्री किया जाए। इस कार्यक्रम में पटना साहिब भाग मंत्री मनीष चंद्रवंशी एवं सह मंत्री गंगाधर गिरी, प्रियांशु अवस्थी, निशांत कुमार, संतोष मेहता, हरिओम दिनकर, अंकित कुमार, रितिक मौर्य, सोनू कुमार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक्युप्रेशर स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र : सीता साहू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। एक्युप्रेशर द्वारा असाध्य रोगों की चिकित्सा सरलतापूर्वक की जाती है। इसे जीवनशैली बना कर गंभीर रोगी होने से बचा भी जा सकता है। उक्त बातें बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज, स्वास्थ्य जागरुकता मिशन एवं इंडियन काउंसिल ऑफ एक्युप्रेशर योग के संयुक्त तत्वावधान में भारत में 11 से 25 मई तक आयोजित एक्युप्रेशर पखवारा के कॉलेज परिसर में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में एक्युप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कही। संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि देश के 16 राज्यों में चिकित्सकों एवं समाजसेवी द्वारा एक हजार से अधिक निःशुल्क शिविर का आयोजन होगा। एक लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। कुछ स्थानों निःशु ल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की गई है। पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू ने एक्युप्रेशर को स्वस्थ जीवन का मूलमंत्र बताया तथा सभी को इसे अपनाने पर बल दिया। कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी ने ग्रामीण स्तर पर भी आयोजित हो रहे शिविर की सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जलन एवं एक्युप्रेशर जनक डॉ चन्द्रमा प्रसाद गुप्त के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत गान शाम्भवी प्रकाश ने किया। कार्यक्रम को वीणा कुमारी, वार्ड पार्षद बाला जी, गंगाधर गिरी आदि ने संबोधित किया। आयोजन में सर्वप्रकाश, आदित्य प्रकाश, अभव्या, गीता कुमारी, श्रुति कुमारी, सुम्मी शर्मा, जितेन्द्र कुमार, डॉ अभिषेक, गोपाल कुमार, सोनी कुमारी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# जिसने खायी उसने सराही, ये है फतुहा की मिरजई मिठाई

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। बिहार की राजधानी पटना जिले का फतुहा कस्बा गंगा किनारे बसा हुआ वह छोटा सा शहर है जो व्यापारिक गतिविधियों का पुराना केंद्र रहा है. मौर्य और गुप्त काल में जहां यह राजधानी पटना का जुड़वां शहर हुआ करता था वहीं 1850 ई के आसपास जब रेल लाइन यहां से गुजरते हुए मोकामा तक गयी तो यह शहर व्यापारिक गतिविधियों का बड़ा केंद्र हो गया। इस शहर में आजादी के पहले ही मिरजई नामक मिठाई अपना नाम स्थापित कर चुका था।

यहां से लोग संदेश के रूप में मिरजई ले जाया करते थे जो परंपरा अभी भी जारी है। बिहार ही नहीं जब देश के प्रमुख राजनीतिज्ञ जब भी इस फतुहा से गुजरते हैं तो उनके कार्यकर्ता भेंट के रूप में उन्हें मिरजई जरूर देते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जब 1990 में फतुहा में अपने चुनावी अभियान के तहत आये थे, तब कांग्रेस कार्यकताओं ने उन्हें मिरजई खिलायी थी। कहते हैं मिरजई उन्हें इतनी पसंद आई तो उन्होंने कार्यकताओं से इसे पुनः मंगवाया था। यहां के कांग्रेस नेता बताते हैं कि राजीव गांधी ने दिल्ली से संदेशा भेजा तो उन्हें फतुहा से मिरजई भेजी गयी थी। बिहार के लालू प्रसाद, नीतीश कुमार, स्व राम विलास पासवान सरीखे नेता को भी मिरजई पसंद है और उन्हें भी कार्यकर्ता का प्यार इसी मिठाई के जरिये मिलता है। बुलकन साव की मिरजई फेमस यूं तो शहर में मिरजई की दुकान बहुत है, लेकिन स्व. बुलकन साव की दुकान के चर्चे दूर-दूर तक हैं। पसंद करने वाले ऑर्डर देकर यहीं से मिरजई बनवाते हैं। स्व. बुलकन साव के बेटे मोहन साव फिलहाल इस दुकान को चला रहे हैं। मोहन साव बताते हैं कि आम बिक्री और ऑर्डर की क्वालिटी में थोड़ा अंतर होता है।

# हत्या में फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना की पुलिस ने बस स्टैंड के एजेंटी विवाद में हुई हत्या में सन्नी कुमार को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आठ फरवरी को मसौढ़ी मोड़ के समीप बैरिया बस स्टैंड में एजेंटी के विवाद में कृपा शंकर सिंह की हत्या हुई थी। इस मामले में फरार अभियुक्त सन्नी कुमार को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि घटना के बाद वह मोबाइल बंद कर अपनी महिला मित्र के यहां कोलकाता में छिप कर रह रहा था। पुलिस की टीम ने कोलकता के मूचीपारा थाना क्षेत्र से उसे गिरफ्तार करने के बाद पटना लाई है। गिरफ्तार सन्नी ने पुलिस को बताया कि रामप्रवेश महतो बस की एजेंटी वसूली में वर्चस्व कायम रखना चाहता था। इसी को लेकर हुए विवाद में हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। फायरिंग के दौरान सन्नी भी दोस्तों की गोली से जख्मी हो गया था। पुलिस से बच कर वह अपना उपचार कराया था। पुलिस गिरफ्तार सन्नी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

### दहेज के लिए पत्नी की हत्या के दोषी पति को सात साल की सजा

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के. व्यवहार न्यायालय के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश 6 ब्रजेश कुमार सिह ने दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने वाले पति को सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। प्रभारी लोक अभियोजन पदाधिकारी रामकेश्वर प्रसाद ने बताया कि नौबतपुर थाना कांड संख्या 622/18 व सेक्शन ट्रायल संख्या 810/19 के मामला में गुरूवार को सुनवाई की गई. उन्होंने बताया कि जानीपुर निवासी संजीव साव अपनी पुत्री गुड्डी की शादी नौबतपुर के खूजरी निवासी ओम प्रकाश उर्फ भोला साव के पुत्र सूरज प्रकाश से 30 मई 15 को हिंदू रीति रिवाज के साथ किया था और क्षमतानुसार दान दहेज दिया था।

# पारा मेडिकल छात्रों ने दूसरे दिन आश्वासन पर स्थगित किया आंदोलन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव सुधीर कुमार के द्वारा मांगों के मान लिए जाने के आश्वासन पर पारा मेडिकल छात्र संघ ने आंदोलन स्थगित किया है।

पारा मेडिकल छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण, कोषाध्यक्ष आशुतोष नंदन, प्रधान सचिव सुरेंद्र सुमन, उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, लक्की सिन्हा, पीएमसीएच इकाई के मनोहर कुमार, एनएमसीएच अध्यक्ष प्रियेश वर्मा एवं उपाध्यक्ष रजनीश झा ने संयुक्त रूप से कहा कि संयुक्त सचिव सुधीर कुमार के द्वारा आश्वासन से संतुष्ट होकर आंदोलन स्थगित किया है। सरकार ने छात्रों की मांग पर स्वास्थ्य विभाग के परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति कर दी है एवं परीक्षा नियंत्रक के कार्यालय से कहा गया है कि 15 दिनों पूर्व में ली गई परीक्षा का परिणाम प्रकाशित कर दिया जाएगा। जो परीक्षा लंबित है, उसकी तिथि घोषित की जाएगी। इससे सत्र नियमित हो सके। पारा मेडिकल काउंसिल का गठन बहुत जल्द किया जाएगा। पारा मेडिकल कॉलेज में ट्यूटर और डेमोनस्ट्रेटर की नियुक्ति गेस्ट फैकल्टी के तौर पर किया जाएगा इसके लिए प्रति क्लास 800 रुपए तय की गई है। ट्यूटर व डेमोनेट्रेटर के नियमित नियुक्ति के लिए नई नियमावली बनाई जा रही है, जो जल्द ही कैबिनेट से अप्रूवल मिल जाएगा। इसके बाद नियमित नियुक्ति की जाएगी। छात्रों के पैड इंटर्नशिप की राशि मुहैया कराने के लिए सभी मेडिकल कॉलेज एवं पारा मेडिकल कॉलेज को आदेश दिया गया है कि सभी छात्रों के अकाउंट डिटेल लेकर उपस्थिति के हिसाब से सभी को 1500 रुपया महीना के हिसाब से मुहैया कराई जाए। नए कोर्सेज का सेवा नियमावली भी कैबिनेट के अप्रूवल से शीघ्र बनाई जाएगी।

# पहली बार तख्तश्री कमेटी की बैठक 3 दिनों तक चली, रही बेनतीजा

## लखबिंदर, इंद्रजीत व अन्य ने लिखित में व्यस्तता की बात कह किया स्थगित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की पहली बार बैठक लगातार तीन दिनों तक चली, मगर बैठक का जो एजेंडा रहा, वह निर्णय तक नहीं पहुंच पाया। इसके पीछे कमेटी के दो-तीन पदाधिकारी का मतभेद भी उभर कर सामने आया। इस दौरान कमेटी के प्रधान जगजोत सिंह सोही की तबीयत भी खराब हुई और चिकित्सक को बुलाना पड़ गया। दरअसल हाई पावर जांच कमेटी के द्वारा रिपोर्ट को मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किए जाने के बाद उत्पन्न स्थिति पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए जाने को नौ मई को बैठक आहूत की गई थी। उस दिन बैठक के दौरान अनेक बार पदाधिकारी, अधीक्षक और प्रबंधक को ज्ञानी रणजीत सिंह के पास इस्तीफा दिए जाने को लेकर भेजा गया, मगर तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि उन पर जो आरोप लगाए गए थे, वह हाई पावर जांच कमेटी की जांच में गलत पाए गए हैं। उन्हें निर्दोष साबित किया गया है। ऐसे में वह इस्तीफा नहीं देंगे। मान मनौव्वल के बीच अंततः बैठक बुधवार तक के लिए टाल दिया गया। इसके बाद बुधवार को पूर्वाह्न नौ बजे कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसके बाद कमेटी के बोर्ड की बैठक शुरू हुई, जो देर रात 11 बजे तक चली। मगर इसमें भी कोई सार्थक फैसला नहीं लिया गया। अंततः कमेटी की बुधवार को पूर्वाह्न में फिर बैठक हुई। बैठक के दौरान महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह और हरबंश सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे पाप का भागी नहीं बनना चाहेंगे। जिस व्यक्ति ने ज्ञानी रणजीत सिंह पर आरोप लगाया है, उसकी जांच के लिए जांच कमेटी का गठन हुआ। उसकी रिपोर्ट में वह निर्दोष साबित किए गए हैं। ऐसे में वह उन्हें जबरन सेवानिवृत्त किए जाने के मामले में सवार्नुमति कायम करने और साथ देने में असमर्थ हैं। वे पाप के भागी नहीं बनना चाहेंगे। इन सबों ने मामले को श्री अकाल तख्त साहिब भेजे जाने की बात कही, ताकि वहां से जो फैसला आएगा, वह सबों को मंजूर होगा। अध्यक्ष श्री सोही के द्वारा सवार्नुमति कायम करने की भरसक कोशिश की गई। तीन दिनों से चली बैठक और राय परामर्श, लगातार लोगों के आ रहे कॉल के बाद अचानक से अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ गई। इस बीच एक बड़े निजी अस्पताल के चिकित्सक को बुलाया गया। जांचोपरांत उन्हें चिकित्सीय सलाह देने के साथ ही आराम करने को कहा गया। इस बीच वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह एवं अन्य ने लिखित में दिया कि कमेटी की बैठक नौ मई को होने की सूचना दी गई थी और बैठक दो दिन आगे तक चली, मगर बेनतीजा रही। उन सबों को पूर्व से निर्धारित अन्य कार्यक्रम की व्यस्तता है। इस कारण से बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाता है। बाद में अध्यक्ष के परामर्श के बाद बैठक की तिथि निर्धारित की जाएगी।

### ईसीएचएस पॉली क्लीनिक में गुरूवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया.

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के शिविर में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों का जांच किया गया. शिविर में मेडिवर्सल हॉस्पिटल की ओर से भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को हड्डी रोड विशेषज्ञ डा रवि शंकर से जुडी बीमारियों और उनके लक्षणों के बारे में भी जागरूक किया और जांच किया . साथ ही हॉस्पिटल की ओर से पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को ईसीएचएस मान्यता प्राप्त अस्पतालों की सूची में शामिल होने की जानकारी दी गई. इस मौके पर पॉली क्लीनिक के अधिकारी आई/सी ग्रुप कैप्टन यादव ने मेडिवर्सल हॉस्पिटल और अस्पताल प्रबंधन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया. उन्होंने इस मौके पर अस्पताल के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा, "मेडिवर्सल हॉस्पिटल ने एक अद्वितीय पहल की है और उन्हें गर्व है कि इस इलाके में एक ऐसा अस्पताल भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की सेवा के लिए तत्पर है जो हर एक वर्ग के लोगों के लिए समर्पित है।

# अंजनी पटेल को उजियारपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के सचिव सह उजियारपुर विधानसभा प्रभारी मच्छरहट्टा गली के अंजनी पटेल को बनाया है। इसके लिए श्री पटेल ने सीएम नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का आभार जताया है।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से चेन छिना

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक सवार चेन स्नैचर सक्रिय है। पिज्जा खरीदने घर से निकली महिला को महंगा पडा। बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से सोने के चेन झपटी मार कर फरार हो जाने का मामला सामने आया है। यह घटना थाने के आरकेपूरम मोड पर बुधवार को सरेशाम घटी है। इस संबंध में आरकेपूरम निवासी प्रकाश कुमार की पत्नी पूजा ने स्थानीय थाना में बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में पूजा ने बताया कि बुधवार को शाम में अपने घर से पैदल पिज्जा खरीदने के लिए आरकेपूरम मोड स्थित आपरके पूरम डोमिनोज पिज्जा दुकान जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमशों ने मेरे गले से सोने के चेन झपटी मार कर छीन कर कैंट रोड की ओर तेज गति से फरार हो गया। पूजा ने बताया कि चेन छीनने के बाद उसने शोर मचाया । लेकिन जब तक आसपास के लोग वहां पहुंचते तब तक बाइक सवार बदमाशों तेज गति से फरार हो गया। थानाध्यक्ष केपी सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाला जा रहा है, ताकि बाइक सवार बदमाशों का पहचान किया जा सके।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम फेज-2 कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

# युवाओं को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनने की आवश्यकता : आर्लेकर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि युवाओं को श्रेष्ठ विचारों एवं स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ राष्ट्र के विकास में सहभागी बनने की आवश्यकता है। गुरूवार को आईआईटी पटना में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम फेज-2 कार्यक्रम के तहत एनआईटी त्रिची, तमिलनाडु से आए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों में संस्कृति के अलग-अलग रंग और पहलू हमें दिखाई देते हैं, परन्तु हमारा देश सांस्कृतिक एवं वैचारिक रूप से एक है। सभी राज्यों की संस्कृति भारत की ही संस्कृति है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से राष्ट्रीय एकता को बल मिलेगा तथा भारत की सांस्कृतिक एवं अन्य विभिन्न पहलुओं को संपूर्णता में समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए कहा कि भारत की एकता और अखंडता अक्षुण्ण रहने पर ही हमारा देश विश्व में श्रेष्ठ हो सकता है। हमारे देश का भविष्य युवाओं की सोच पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि आगामी 25 वर्षों के अमृतकाल में हमारे युवाओं को श्रेष्ठ विचारों एवं स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ राष्ट्र के विकास में सहभागी बनने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने आईआईटी, पटना के परिसर में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, आईआईटी, पटना के निदेशक, प्रोफेसर टीएन सिंह, संस्थान के शासक मंडल के सदस्य, सीनेट के सदस्य, संकाय सदस्य और कर्मचारीगण, एनआईटी त्रिची, तमिलनाडु के विद्यार्थीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा के मंसूबों को नेस्तनाबूद करेगा जदयू : उमेश कुशवाहा

### पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों को सौंपी गई प्रदेश मुख्यालय, प्रमंडल व विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रदेश पदाधिकारियों के बीच कार्यों का बटवारा करते हुये उनके बीच से मुख्यालय, प्रमंडलीय प्रभारी एवं विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जिन प्रदेश पदाधिकारियों को अभी तक कोई जिम्मेदारी नही दी गयी है, वे मुख्यालय के सम्पर्क में रहेंगे। जिन्हें पार्टी की विशेष अभियान में जिम्मेदारी दी जा सकती हैं आगामी लोकसभा और बिहार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी के हित में यह महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। हम सभी नव मनोनित प्रभारीगण को कुशल और सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं देता हूं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की जदयू को धरातल पर मजबूती प्रदान करने की दिशा में यह एक सकारात्मक और निर्णायक कदम है। पार्टी के पदाधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश जारी कर दिया है कि पूरी निष्ठा से अपने-अपने प्रभार वाले विधानसभा के पंचायतों एवं बूथों को मजबूती प्रदान करने के मिशन में अभी से ही लग जाएं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ताकत देने के लिए पार्टी का प्रत्येक सिपाही समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगे उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई उस भाजपा से है जो देश के लोकतंत्र और सविंधान को तबाह कर जनता के उसके मौलिक अधिकारों से वंचित रखना चाहती है। हम जनता के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। भारत के लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए हम सभी को एकजुट होकर पूरी ताकत से संघर्ष करने की आवश्यकता है और हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसके लिए तैयार है। 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा के नापाक मंसूबो को बूथ स्तर पर नेस्तनाबूद करने के लिए जदयूने अपना कमर कस लिया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि अगर हम पूरी शक्ति और सामर्थ्य से लोकसभा चुनाव लड़ने का संकल्प लेते हैं तो भाजपा का एक भी प्रत्याशी अपनी जमानत बचाने में भी सफल नहीं हो सकेगा। जदयू हर मोर्चे पर लड़ाई लड़ने के लिए सक्षम है और इस बार हमारी पार्टी हर बूथ पर भाजपा को धूल चटाने का काम करेगी। साथ ही वर्ष-2024 में भाजपा मुक्त भारत बनाने के लक्ष्य की ओर हम एकजुट होकर कार्य कर रहे हैं।

### पार्टी को कमजोर करने में लगे थे आरसीपी

पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह के भाजपा में शामिल होने पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पहले से ही वो भाजपा की कठपुतली बनकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कमजोर करने की जद्दोजहद में लगे हुए थे। आरसीपी सिंह का भाजपा में जाना कोई हैरान करने वाली खबर नहीं है। हमें तो हैरानी इस बात की हो रही है कि भाजपा की सदस्यता लेने में उन्हें इतना विलम्ब क्यों हुआ इसका मतलब स्पष्ट है कि भाजपा ने भी इनको स्वीकार करने की स्थिति में नही थी। क्योंकि सच्चाई यह है कि जिस समाज से आरसीपी सिंह सम्बंध रखते हैं वह शतप्रतिशत समाज मुख्यमंत्री के साथ मजबूती से खड़ा है। कहा कि पहले पर्दे के पीछे से भाजपा के लिए काम करते थे और अब औपचारिक घोषणा के बाद खुलकर भाजपा के लिए काम करें। इससे कोई फर्क पड़ने वाला नही है। प्रदेश अध्यक्ष ने आरसीपी सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि एक जदयू का साधारण कार्यकर्ता भी आरसीपी सिंह जी के मुकाबले राजनीतिक धरातल पर अधिक प्रभाव रखता है। उनके जाने से न जदयू को तिनके भर का नुकसान पहुंचा है और न भाजपा को तिनके भर का फायदा होने वाला है। आरसीपी सिंह बिहार की राजनीति में अपनी प्रासंगिकता और प्रतिष्ठा दोंनो खो चुकें हैं। उनके पास न कोई जनाधार है और ना ही अपनी राजनीतिक पहचाना। मीडिया कवरेज में बने रहने व अपने राजनीतिक कैरियर को जिंदा रखने के लिए उन्होंने भाजपा के सामने घुटना टेका है। बिहार की जनता कभी भी उन्हें माफ नहीं करने वाली।

# अरविन्द सहनी बने राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष

- प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने किया मनोनीत

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने अरविन्द कुमार सहनी को राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि 15 दिनों के अन्दर प्रदेश एवं जिला कमिटी के गठन के साथ-साथ राज्य एवं जिला स्तर पर पार्टी के द्वारा किये गये कार्यों को मजबूती से चलाने का निर्देश दिया गया। अरविन्द सहनी को अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बिहार सरकार के मंत्री आलोक कुमार मेहता के अलावा प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, मदन शर्मा, फैयाज आलम कमाल, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, भाई अरूण कुमार, निर्भय अम्बेदकर, प्रमोद कुमार राम, संजय यादव, देवकिशुन ठाकुर, अभिषेक कुमार सिंह, प्रदेश सचिव संजीव कुमार मिश्रा, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार यादव, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमर राय, उपेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी, जेम्स कुमार यादव, शिवेन्द्र कुमार तांती सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने बधाई देते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के माध्यम से अतिपिछड़ा के हक और अधिकार की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ेंगे।

# भाजपा का गैर संवैधानिक चरित्र बेनकाब : गगन

पटना। राजद के प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुरूवार को दिए गए दो महत्वपूर्ण फैसले में जिस प्रकार दिल्ली के उप राज्यपाल और महाराष्ट्र के तत्कालीन राज्यपाल पर टिप्पणियां की गई है, उससे एक बार फिर यह साबित हो जाता है कि किस प्रकार देश के संवैधानिक व्यवस्था और लोकतांत्रिक मयादाओं के साथ खुलेआम छेड़छाड़ किया जा रहा है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया आज का दोनो फैसलों ने यह साबित कर दिया है कि देश में अभी भी संविधान जिन्दा है और किसी को भी संवैधानिक व्यवस्था के खिलाफ जाने का अधिकार नहीं है। महाराष्ट्र में जिस प्रकार सारे संवैधानिक मयादाओं को तोड़ते हुए उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास आघाड़ी ( एमवीए) की सरकार को गिरा कर एकनाथ शिंदे की सरकार बनाई गयी उसने न केवल लोकतांत्रिक मयादाओं को तार-तार किया बल्कि संवैधानिक व्यवस्था की हीं हत्या कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस टिप्पणी कि यदि उद्धव ठाकरे इस्तीफा नहीं दिए हुए रहते तो उन्हें राहत मिल सकती थी, अपने आप में एक बहुत बड़ी टिप्पणी है ।इस टिप्पणी के बाद एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इसलिए उन्हें स्वतः इस्तीफा दे देना चाहिए। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने केन्द्र की भाजपा सरकार के चेहरे से नकाब को हटा दिया है। इसके गैर संवैधानिक चरित्र को बेनकाब कर दिया है।

## 13 को युवा राजद के जिला अध्यक्ष एवं 14 मई को प्रदेश पदाधिकारियों की होगी बैठक

पटना। बिहार प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल की ओर से 13 मई को जिलाध्यक्षो एवं 14 मई को प्रदेश पदाधिकारियो की बैठक राज्य कार्यालय में आहुत की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव करेगें। जबकि राजद के प्रदेश अध्यक्ष श्री जगदानंद सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण भी बैठक को संबोधित करेंगे ।इस आशय की जानकारी बिहार प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने दी है।

## प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति दयनीय : अरविन्द

पटना। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि महाठगबंधन की सरकार ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था, नियोजित शिक्षकों एवं शिक्षक अभ्यर्थियों को बेबस एवं लाचार बना कर रख दिया है। बिहार मे सरकारी विद्यालयों की स्थिति दयनीय है सरकारी विद्यालयों की इमारतें जर्जर है, बच्चों के बैठने का बेंच डेस्क तक का अभाव है। शिक्षकों को महीनों का वेतन नहीं मिल रहा है और विश्वविद्यालय शिक्षकों को पेंशन नहीं दिया जा रहा है। लेकिन महागठबंधन की सरकार को इससे कोई मतलब नही है वह तो सत्ता भोग में मदमस्त है। महागठबंधन की सरकार सिर्फ बिहार को धोखा देना जानती है, पहले 10 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा कर बिहार के लोगों के साथ विश्वासघात किया। श्री अरविन्द ने कहा है कि अब नई शिक्षक नियमावली 2023 के तहत नियोजित शिक्षकों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है। शिक्षक अभ्यर्थियों के जायज मांग पर महागठबंधन की सरकार आए दिन शिक्षक अभ्यर्थियों पर बेरहमी से लाठियां बरसाती रहती है। सरकारी विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालय तक बुनियादी जरूरतें के अभाव से जूझ रही है, शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है और सरकार गलत बयानी कर झूठ मुठ का अपना पीठ थपथपा में लगी है।

# जाति गणना रोकने के मामले में बीजेपी की साजिशों का हुआ खुलासा : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जाति गणना मामले पर एक बार फिर जदयू ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधानपार्षद नीरज कुमार और प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि जाति गणना रोकने के मामले में बीजेपी की साजिशों का खुलासा हो गया है। नीरज कुमार ने बीजेपी से सवाल पूछते हुए कहा कि जाति गणना को रोकने के मकसद से बीजेपी ने अपने सहयोगी ह्ययूथ फॉर इक्वालिटीह्ल के लोगों की मदद से कोर्ट में याचिका डलवाई। उन्होंने कहा कि जदयू बीजेपी से पूछना चाहती है कि आखिर यूथ फॉर इक्वालिटी के लोगों से बीजेपी का क्या संबंध है? मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि जाति गणना रोकने को लेकर जदयू के खुलासे के बाद भी आखिर बीजेपी इस मामले पर चुप्पी क्यों साधे हुए है? वही पार्टी के दोनों प्रवक्ताओं ने कहा है कि अगर बीजेपी जाति गणना मामले पर इतनी गंभीर है तो उसने कोर्ट में अपने वकीलों की मदद से हस्तक्षेप याचिका क्यों नहीं डाली? अभिषेक झा ने आरोप लगाते हुए कहा कि हकीकत यही है कि बीजेपी ने जाति गणना को रोकने की साजिश की और अपने सहयोगियों की मदद से कोर्ट में याचिका दाखिल करवाई। जदयू प्रवक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि आखिर बीजेपी मंदिरों और मस्जिदों में लाउडस्पीकर गिनवाने का काम तो करती है, लेकिन जाति गणना को लेकर लोगों की गिनती से क्यों भागती है?

# महंगाई के कारण उज्ज्वला योजना फेल : राजीव

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि मोदी सरकार में मंहगाई और उनके पूंजीपति मित्रों को छोड़कर किसी और का विकास नहीं हुआ है। आज मंहगाई गरीबों पर कहर बन कर टूट रही है, गरीब मंहगाई से तिल-तिल कर मर रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार कान में तेल डाल कर बेसुध पड़ी हुई है। हाल ऐसा है कि कमर तोड़ मंहगाई के कारण आज मोदी सरकार की बहुप्रचारित उज्ज्वला योजना भी बुरी तरह से फेल हो गयी है। बेतहाशा बढे दामों के कारण इस योजना के अधिकांश लाभार्थियों ने गैस सिलिंडर लेना तक छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से ऊर्जा उपभोग में बदलाव पर सलाहकार समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह साफ कहा गया है कि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 80 प्रतिशत घरों को एलपीजी कनेक्शन मिल चुका है, लेकिन इसके बावजूद 67 फीसद घरों में लकडी, उपलों व दूसरे स्त्रोतों से खाना पकाया जा रहा है। यह दिखाता है कि मंहगाई के कारण यह योजना अपने लक्ष्य से पूरी तरह भटक चुकी है। न तो इससे आम जनता को लाभ मिल रहा है और न ही कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्य को पाया जा सकता है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि दरअसल आज देश भर में सबसे बड़ा मुद्दा मंहगाई है, जिससे गरीब, मजदूर, दलित, किसान और आम आदमी बुरी तरह पीड़ित हैं। इस योजना के फेल होने का कारण भी यही है। केंद्र सरकार यदि चाहे तो तुरंत इसपर लगाम लगा सकती है लेकिन सरकार इस इतने गंभीर मुद्दे पर भी आंखे मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चाहे तो इंटरेस्ट रेट कम कर के लोगों के पैसे बचवा सकती है। इसी तरह इन्होने पेट्रोल-डीजल के दामों में भी कमी का वादा किया था लेकिन आज कच्चे तेल के दाम जहां पिछले 15 महीने के न्यूनतम स्तर पर हैं, वहीं इनके बाजार मूल्य जस के तस हैं। वादे के बाद भी पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं गिराना इनके कहे से पलटने का सबसे बड़ा प्रमाण है।

# समग्र दलित सम्मेलन 21 मई को होगा : शर्मा

पटना। लोजपा रा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. सत्यानंद शर्मा, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान ने कहा कि 17 वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि दलित/महादलित परिवार को 4 डिसमिल जमीन देंगे। दलितों की हत्या होने पर उनके आश्रित के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देंगे। दलितों को 4 डिसमिल जमीन आजतक नही दिया। कागज का टुकड़ा परवाना के रूप में दिया। जमीन का टुकड़ा कही नही दिया। दलितों का टारगेट किलिंग हो रहा है। दलित, महादलित समुदाय सब देख रहा है, और समझ रहा है। आगे इन नेताओं ने कहा कि बिहार में दलितों की हो रही दुर्दशा के विरुद्ध 21 मई को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में समग्र दलित सम्मेलन होगा। उसी दिन राज्यव्यापी आन्दोलन की घोषणा होगी। सम्मेलन की अध्यक्षता एससी/एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र पासवान और सुदामा पासवान ने किया। सम्मेलन में विजय पासवान, कचहरी पासवान, चुनचुन पासवान, रीना देवी, लल्लू पाण्डेय, बिहारी पासवान, डॉ. रामाधार पासवान, छोटे लाल पासवान, पिंकू पासवान ने सम्बोधित किया। उक्त आशय की जानकारी एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव कुमार ने दिया।

## पारस के बयान को गंभीरता से ले केन्द्र सरकार : लोजपा रा

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस द्वारा लोजपा (रा) सुप्रीमों को मिली जेड कैटेगरी सुरक्षा पर टिप्पणी को निंदनीय करार दिया है। पार्टी के पटना स्थित बिहार प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान ने केंद्रीय मंत्री के उस बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि यह बयान मानसिक दिवालियापन का परिचायक है। श्री पासवान ने कहा कि जिस तरह से पशुपति पारस ने जेड श्रेणी की सुरक्षा के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी हत्या का हवाला दिया है, ऐसे लगता है कि कहीं ना कहीं वे हमारे नेता को नुकसान पहुंचाने का प्रयत्न कर रहे हैं। श्री पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को पशुपति पारस के इस बयान को गंभीरता से लेना चाहिए और उन पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्हें केंद्रीय कैबिनेट से बाहर कर मामले की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए। श्री पासवान ने कहा कि मंत्री के बयान से यह प्रतित होता है कि वे हमारे नेता चिराग पासवान की हत्या की साजिश रच रहे हैं। उनके इस बयान के बाद पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में चिराग पासवान की सुरक्षा को लेकर घोर चिंता व्याप्त है। श्री पासवान ने कहा कि एक केंद्रीय मंत्री के मुंह से इस तरह का बयान शोभा नहीं देता। इससे देश की सेना के मनोबल और सम्मान को ठेस पहुंचता है। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र के लिए अमृत समान : भाई अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा दिल्ली सरकार एवं महाराष्ट्र सरकार पर दिए गए ऐतिहासिक फैसला दम तोड़ते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को अमृत पिलाने के समान है। जिस प्रकार केंद्र सरकार के द्वारा चुनी हुई दिल्ली सरकार को काम करने नहीं दे रही थी, उसे उसका वाजिब हक दिलाकर न्यायालय ने केंद्र सरकार को उनकी औकात दिखा दी। वहीं, दूसरी ओर महाराष्ट्र सरकार पर जो भी टिप्पणियां की उससे भारतीय जनता पार्टी के द्वारा की गई असंवैधानिक कार्यों को उजागर कर दिया। हालांकि सरकार तो शिंदे जी की बच गई परंतु भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एवं राज्यपाल के द्वारा किए गए असंवैधानिक कार्यों को उन्होंने उजागर करने का काम किया। राजद नेता ने आगे कहा कि साथ ही साथ बहुत सारे ऐसे फैसले दिए जिससे कि केंद्र और राज्य सरकार की विधानसभा अध्यक्ष, चुनाव अयोग व राज्यपाल की क्या-क्या शक्तियां है इसे भी डिफाइन करने का काम किया। सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले से लोकतंत्र को नई संजीवनी मिल गई।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की जनता के हित में दिया फैसला : आप

पटना। आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास अब अधिकारियों की तैनाती और तबादले का अधिकार सौंपने के लिए सर्वोच्च न्यायालय को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से दिल्ली की 2 करोड़ जनता के हित में चलाए जा रहे कार्यों को गति प्रदान होगी ।राजेश सिन्हा ने कहा कि 1991 में दिल्ली में नेशनल कैपिटल टेरिटरी एक्ट लागू किया गया था लेकिन दिल्ली की केन्द्र सरकार ने 2021 में इसमें इरादतन संशोधन कर दिल्ली में उपराज्यपाल को अतिरक्ति शक्ति प्रदान कर दी थी जिसे आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

## रालोजपा के सभी सांसद पारस के साथ एकजुट : ललन

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रस्संकरण उद्योग मंत्री पशुपति पारस की बढ़ती लोकप्रियता एवं पार्टी के बढ़ते जनाधार से महागठबंधन तथा दूसरे राजनेता को पच नहीं रहा है। जिसको लेकर कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा सोशल मीडिया के सहारे अरनगल दुष्प्रचार कराया जा रहा है। आगे चन्द्रवंशी ने कहा कि राष्ट्रीय लोजपा सांसद महबूब अली कैसर शिष्टाचार मुलाकात के वास्ते एक राजनेता से मिलने गये उसे कुछ सोशल मीडिया के द्वारा भ्रामक खबर फैला दिया गया कि रालोजपा सांसद दूसरे पार्टी का दामन थाम रहे हैं। इस खबर को सांसद ने भी खण्डन किया।

प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी के जितने भी कार्यक्रम हुआ उसमें पार्टी के सभी सांसद कार्यक्रम में शामिल होकर सभी सांसदों ने पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। 28 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व में खगड़िया सांसद चैधरी महबूब अली कैसर, वैशाली सांसद वीणा देवी, समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज पासवान, और नवादा सांसद चंदन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात किया और सभी सांसदों ने अपने नेता पशुपति पारस के प्रति आस्था व्यक्त कर एकजुटता का परिचय दिया। आगे चन्द्रवंशी ने कहा कि रालोजपा का सभी सांसद एकजुट है और आगे भी रहेगें।

# अपमान करने वालों को भूले नहीं हैं बिहारवासी : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महाराष्ट्र दौरा और मातोश्री में उद्धव ठाकरे से मुलाकात की घोर आलोचना की है। श्री चिराग ने कहा है कि मुख्यमंत्री उन लोगों से भी हाथ मिला सकते हैं, जिन्होंने बिहारियों को अपने घर में जलील किया है, जिन्होंने सुशांत सिंह राजपूत जैसे सफल अभिनेता के परिजनों को न्याय से वंचित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री चिराग कहा कि महाराष्ट्र में बिहारियों को बेरहमी से पीटा गया, बिहारियों के सब्जी ठेलों को पलट दिया जाता था और बिहारियों को बाहरी कह कर मारा जाता था, जो बिहारियों को पसंद नहीं करते। बिहारियों का यह अपमान भूलने वाला नहीं है। मुख्यमंत्री को भी बिहारियों को अपमान करने वालों से नजदीकी बनाने से परहेज करना चाहिए। आने वाले चुनावों में बिहारी भी उन्हें भूलने में परहेज नहीं करेंगे। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) के मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

# विप में मनी पूर्व सभापति ताराकांत झा की जयंती

पटना। बिहार विधान परिषद् में गुरूवार को पूर्व सभापति पं. ताराकान्त झा की 9वीं पूण्य तिथि परिषद् सभागार में मनाई गई। परिषद् के पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह, कौशल कुमार झा, वरीय अधिवक्ता एवं स्व. झा के पुत्र, परिषद् के कार्यकारी सचिव विनोद कुमार, निदेशक कमलेन्दु कुमार सिंह सहित उनके प्रशंसकों, परिषद् के पदाधिकारियों / कर्मचारियों ने स्व झा के तैलचित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अपिर्त किया। अवधेश नारायण सिंह ने एक सभापति के रूप में उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व की

### यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा किया जा रहा समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

# हैदराबाद और रक्सौल के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

यात्रियों की सुविधा हेतु दिनांक 13 से 30 मई तक दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी के रास्ते हैदराबाद/सिकंदराबाद और रक्सौल के मध्य 03 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी संख्या 07051 हैदराबाद-रक्सौल समर स्पेशल 13, 20और 27 मई शनिवार को हैदराबाद से 20.35 बजे खुलकर दूसरे दिन अर्थात सोमवार को 13.30 बजे रक्सौल पहुंचेगी ।वापसी में गाड़ी सं. 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद समर स्पेशल 16, 23 और 30 मई मंगलवार को रक्सौल से 08.30 बजे खुलकर दूसरे दिन अर्थात गुरूवार को 04.50 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह समर स्पेशल ट्रेन सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-किउल-झाझा-जसीडीह-मधुपुर, चितरंजन-बराकर, धनबाद-बोकारो स्टील सिटी-रांची सहित अन्य स्टेशनों पर रूकेगी ।इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 01, शयनयान श्रेणी के 12 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच लगेंगे ।उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

**आरा, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दानापुर-डॉ. अम्बेडकर नगर समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन**

पटना। यात्रियों की सुविधा हेतु 15 से 27 मई तक आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते दानापुर और डॉ. अम्बेडकर नगर के मध्य 07 ट्रिप साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । गाड़ी संख्या 09341 डॉ. अम्बेडकर नगर-दानापुर समर स्पेशल 15 से 26 मई तक प्रत्येक सोमवार को 14.50 बजे खुलकर अगले दिन मंगलवार को 16.15 बजे दानापुर पहुंचेगी । यहां से वापसी में गाड़ी संख्या 09342 दानापुर-डॉ. अम्बेडकर नगर समर स्पेशल 16 से 27 मई तक प्रत्येक मंगलवार को दानापुर से 18.45 बजे खुलेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन बुधवार को 18.45 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी । अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना आदि स्टेशनों पर रूकेगी ।इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 15 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच लगेंगे ।

### 20 मई से बछवारा स्टेशन पर रूकेगी भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस

पटना। यात्रियों की सुविधा हेतु भागलपुर और जयनगर के मध्य संचालित की जा रही गाड़ी संख्या 15553/15554 भागलपुर-जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस का दिनांक 20 मई के प्रभाव से सोनपुर मंडल के बछवारा स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया जा रहा है ।20 तदग से गाड़ी संख्या 15553 भागलपुर-जयनगर एक्सप्रेस 11.30 बजे बछवारा स्टेशन पहुंचेगी तथा 02 मिनट पश्चात 11.32 बजे प्रस्थान करेगी ।इसी तरह गाड़ी संख्या 15554 जयनगर-भागलपुर एक्सप्रेस 00.10 बजे बछवारा पहुंचकर 00.12 बजे आगे की यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी ।उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार द्वारा दी गई है।

# 2024 में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी भाजपा : सम्राट

### सुहेली व सत्येंद्र वर्मा सहित सैंकडों ने थामा भाजपा का कमल

- गौरवशाली अतीत को फिर से कायम करेंगे : रेणु
- 2025 में बिहार में भाजपा की बहुमत की सरकार बनेगी : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू नेत्री डॉ सुहेली मेहता और सत्येन्द्र वर्मा गुरुवार को अपने सैकडों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जदयू छोडकर आए लोगों को सदस्यता दिलाई और भाजपा में स्वागत किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने जोर देकर कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, यहीं कारण है कि इसके प्रति लोगों की दिलचस्

## संक्षिप्त खबरें

### अगलगी की घटना 9 कार्टून मछली जलकर राख

कल्याणपुर समस्तीपुर। खरसंड पूर्वी पंचायत के कोयला कुंड गांव में एक घर में आग लगने से घर में रखा 9 कार्टून मछली जलकर राख हो गया। वहीं ग्रामीण का बताना है कि देवेंद्र सहनी के फुस के घर में रखा शादी समारोह में बारात को खिलाने के लिए 9 कार्टून मछली देने के लिए रखा हुआ था, जो अगलगी की घटना में जलकर राख हो गया। वहीं, आग पर काबू फायर बिग्रेड पहुंचने पर आग पर काबू पा लिया गया। वहीं सीओ कमलेश कुमार ने बताया कि स्थानीय कर्मचारी द्वारा स्थल जांच कराने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

### जितवारिया पंचायत में विभिन्न योजनाओं की सीओ ने की जांच

कल्याणपुर, समस्तीपुर। समस्तीपुर डीएम के आदेश पर गुरुवार को कल्याणपुर सीओ कमलेश कुमार ने कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के जितवारिया पंचायत का निरीक्षण किया। जहां जांच के दौरान उन्होंने विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, जनवितरण प्रणाली, सड़क, नल जल योजना सहित अन्य योजनाओं की जांच की। वहीं सीओ कमलेश कुमार ने बताया कि जांच उपरांत रिपोर्ट जिला को भेज दिया जाएगा।

### लूट मामले के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

समस्तीपुर। समस्तीपुर मुफस्सिल थाना के पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना कांड संख्या 95/23 के अभियुक्त मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के फतेहपुर वार्ड नंबर 2 निवासी भूषण प्रसाद सिंह के पुत्र बबलू कुमार उर्फ शशि रंजन को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि गिरफ्तारी उपरांत आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

### सीओ ने हरपुर बरहेता में अग्निपीड़ित को पहुंचाया राहत

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के हरपुर बरहेता पंचायत के वार्ड चार में बुधवार की दोपहर अगलगी की घटना में 9 घर जलकर राख हो गए थे। वहीं गुरुवार को सीओ पंकज कुमार झा ने सभी अग्नि पीड़ित परिवार को 19-19 हजार का चेक एवं पॉलीथिन व खाद्य सामग्री प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर से मिलने वाली अन्य सुविधाओं उपलब्ध कराने का हरसंभव आश्वासन दिया है।

### मृतक व अग्नि पीड़ित परिवार से मिले मंत्री

सरायरंजन, समस्तीपुर। वित्त वाणिज्य एवं संसदीय कार्य मंत्री सह स्थानीय विधायक विजय कुमार चौधरी गुरुवार को रायपुर गांव निवासी मृतक कमलेश कुमार राय एवं रौशन कुमार के परिजन से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किये। साथ ही दोनों मृतक के परिजन को पारिवारिक लाभ योजना से मिलने वाली 20-20 हजार रुपए का चेक प्रदान किए। वहीं वरुणा रसलपुर गांव में अग्नि पीड़ित परिवार से मिले। साथ ही अग्नि पीड़ित परिवार को मिलने वाली 19-19 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। कहा कि हमलोग हर संभव सहायता के लिए तैयार हैं। उन्होंने लोगों से खाना बनाने के दौरान सावधानियां बरतने की भी अपील की। इस दौरान श्री चौधरी ने मूसापुर पंचायत के मुखिया रामानुज पंडित के परिजन से मिलकर शोक व्यक्त किया। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, मुकेश कुमार, राम कुमार झा, हरेराम सहनी, मुखिया प्रतिनिधि संजीत साह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### दीघा घाट पर मुक्तिधाम का उद्घाटन

पटना । इनर व्हील कल्ब ऑफ पाटलीपुत्रा द्वारा कई जॉयन्ट प्रोजेक्ट किया गया। सबसे पहले दीघा घाट पर मुक्तिधाम का उद्घाटन किया गया। सके पश्चात ए.एन. कॉलेज परिसर में में ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया गया तथा साथ ही मेगा हेल्थ चेक-अप कैम्प लगाया गया जिसमें सीबीसी, इसीजी, शुगर, ब्लड प्रेशर, आई चेक-अप इत्यादी जांच मेदन्ता हॉस्पीटल के डाक्टरो द्वारा किया गया। जांच के पश्चात दवाईया भी बांटी गई। वही पर कॉलेज की लड़कियों के लिए पैड वेंडींग मशीन भी डोनेट किया गया। कंकड़बाग स्थित रेनबो अनाथालय में फिर से मेडिकल कैम्प लगाया गया जिसमें एनीमिया का चेक-अप हुआ तथा साथ ही सोलर लाइट, पंखा, कम्प्यूटर, किताबे डोनेट किये गये। अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट भी रेनबो में किया गया जिसके तहत जरूरतमंदो को खाना खिलाया जाता है। सभी कार्यो का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन रिता झा द्वारा किया गया। प्रोजेक्ट में प्रेसीडेंट निशा विद्यार्थी, सेक्रेट्री प्रिती कश्यप, सितू गांधी, नीलांजना भट्टाचार्या, कंचन राय, नीलू अड़ोड़ा, पूनम सिन्हा, बबीता बिदेसिया, अंजू ढींगरा, ऊषा सिन्हा आदी मौजूद रही। प्रोजेक्ट में पाटलिपुत्रा के अलावा इनर व्हील पटना, पाटलिपुत्रा अंजुना एवं लॉयन्स क्लब का सहयोग रहा।

# बाइक और मोबाइल लूट की घटना का हुआ उद्भेदन, लूट के सामान के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

## एसपी के निर्देश पर किया गया था एसआईटी गठन, कांड में प्रयुक्त बाइक व मोबाइल बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते 3 मई को हुई बाइक और मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने घटना में संलिप्त चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट की गई मोबाइल और घटना में प्रयुक्त सहित कुल चार मोबाइल एवं लूटी गई स्प्लेंडर बाइक और अपराधियों के द्वारा घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक बरामद की गई है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के प्रेम ब्रहंडा निवासी जितेंद्र पासवान के पुत्र नीरज कुमार, विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के खनुआ निवासी सुरेंद्र साह के पुत्र बॉबी कुमार एवं हरिश्चंद्र सहनी के पुत्र पिंटू कुमार तथा मोहनपुर ओपी के पत्थरघाट निवासी धनेश्वर पासवान के पुत्र गोलू कुमार के रूप में हुई है। गुरुवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में लूटकांड का उद्भेदन करते हुए एसपी विनय तिवारी ने बताया कि बीते 3 मई की रात्रि विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के साहिट 10 नंबर रेलवे ढाला के पास दो बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों के द्वारा बाइक और मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के सफल उद्भेदन व इसमें संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए उनके निर्देश पर दलसिंहसराय डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी के द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर छापेमारी कर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए लूटी गई बाइक एवं मोबाइल को बरामद कर घटना में संलिप्त चार अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि पुलिस की छापेमारी टीम में डीआईयू शाखा से इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, विद्यापतिनगर थानाध्यक्ष प्रसूनजय कुमार, उजियारपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार, मोहनपुर ओपी अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मोहनपुर ओपी से एएसआई रंजीत कुमार एवं डीआईयू शाखा से सिपाही अरविंद कुमार और सिपाही संतोष कुमार शामिल थे।

# पुलिस ने दो शराब लाइनर बदमाशों को एक देसी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के कपूर्रीग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत समस्तीपुर-ताजपुर मार्ग के आधारपुर के पास से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शराब माफियाओं के लिए लाइनर का काम करने वाले दो बदमाशों को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान थाना क्षेत्र के आधार पुर निवासी विनय भगत के पुत्र सकिन्दर कुमार एवं मंतोष यादव के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बदमाश शराब माफियाओं के साथ मिलकर शराब लदे वाहनों को पुलिस की नजर से बचाने में लाइनर का काम किया करते थे। पुलिस के द्वारा बताया गया कि तीन बदमाशों के किसी शराब लदे वाहन को पुलिस की नजर से पास कराने को लेकर सड़क पर खड़े होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने समस्तीपुर-ताजपुर मार्ग में आधारपुर के पास छापेमारी कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा भी बरामद किया। वहीं, एक बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# केएसआर कॉलेज सरायरंजन में राजकीय सेमिनार आयोजित

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

उद्यमिता एवं नवाचार से ही भारत विकसित बनेगा। उक्त बातें कहीं राजकीय सेमिनार के मुख्य अतिथि एवं बलराम भगत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य तथा वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ देवेंद्र चौधरी ने राजकीय सेमिनार को संबोधित करते हुए। स्थानीय केएसआर कॉलेज सरायरंजन के वाणिज्य विभाग के द्वारा आयोजित उद्यमिता एवं नवाचार विशेष राज्य के सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ चौधरी ने बताया कि आज राज्य सरकार के द्वारा हर पंचायतों में युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रशिक्षण देकर बिहार सहित भारत को विकसित करना चाहिए। ऐसा नहीं हो रहा है विकास के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्य अतिथि ने राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय पूसा के द्वारा साल में दो बार जिले के किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच कर, समृद्धि के लिए अपेक्षित उपायों से अवगत कराना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा इस कार्य में शिथिलता बरतना तथा लगभग 20 वर्षों से मिट्टी की जांच की रिपोर्ट अभी तक लंबित होना किसानों के आर्थिक विकास के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि ने कृषि विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार के द्वारा उद्यमिता के विकास के लिए अग्रसर होने का आह्वान करते हुए उद्यमिता एवं नवाचार पर विस्तार से प्रकाश डाला। बीआरबी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता एवं नवाचार को जीवन में साकार करने के लिए एशिया एवं विश्व रत्न डॉक्टर बिन्देश्वर पाठक की तरह सुलभ शौचालय जैसी नयी चीजों की खोज कर समाज, देश एवं विश्व मानव जीवन को समृद्ध बनाने का प्रयास करने का आह्वान किया। डॉ गुप्ता ने उद्यमिता एवं नवाचार से हैं इसके इंडिया की सफलता की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ विपिन कुमार झा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के विकास के लिए सदा समर्पित रहने का संकल्प व्यक्त करते हुए आगत अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अवधेश कुमार झा के संचालन में, मार्गदर्शक एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ जयेन्द्र कुमार भट्ट ने स्वागत भाषण एवं समन्वयक प्रोफेसर विजय कुमार ने विषय प्रवेश कराया। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ संजय सिन्हा, प्रो अशोक कुमार सिंह, प्रो राम सुधीर चौधरी, प्रो हरेंद्र कुमार ईश्वर सहित सभी विभागीय प्राध्यापकों के द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष एवं पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ शरद कुमार चौधरी को चादर, माला एवं पाग पहनाकर सम्मानित किया गया। संगीत विभागाध्यक्ष प्रो विभा सिन्हा, प्रो आभा सिन्हा, प्रो शोभा कुमारी, प्रो सत्य संघ भारद्वाज, एवं राम मूर्ति झा के द्वारा भगवती वंदना प्रस्तुत की गई। डॉ शरत कुमार चौधरी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। आदर्श कुमार, सत्यम कुमार, अंशु कुमार, प्रतिभा कुमारी, प्रेरणा कुमारी, अंशु कुमारी, रविनंदन, चांद बाबू, मेघा कुमारी, रश्मि कुमारी, गौरव कुमार, दिव्या कुमारी एवं शीतल कुमारी ने राजकीय सेमिनार को संबोधित किया। प्रोफेसर रंजन कुमार राय, प्रो अभयनाथ ठाकुर, डॉ शर्देन्दु कुमार झा, प्रोफेसर रमेश कुमार, प्रो गगन देव चौधरी, अमरकांत ईश्वर, मुकुंद कुमार, दयानंद झा, बबलू कुमार, आदि ने सक्रिय सहयोग किया। मौके पर अधिकांश प्राध्यापक एवं कर्मी मौजूद थे।

# बीडीओ ने किया लोहिया स्वच्छ अभियान दो का उद्घाटन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत भगवतपुर में गुरुवार को लोहिया स्वच्छ मिशन बिहार अभियान दो का उद्घाटन किया गया। अवसर पर बीडीओ नीतू प्रियदर्शनी गुप्ता, मुखिया रीना कुमारी ने इस अभियान का फीता काटकर उद्घाटन किया। अपने संबोधन में बीडीओ ने कहा कि इस योजना से गांव के रहन-सहन एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सुधार होगा। गांव के हर घर में स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे बच्चों के रहन-सहन में भी काभी परिवर्तन देखने को मिलेगा। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पंचायत की मुखिया रीना देवी ने इससे पंचायत के रहन सहन एवं स्वच्छ वातावरण के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र में पंचायत विकसित करे। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत लोगों को रोजगार एवं स्वच्छ वातावरण दोनों का लाभ मिलेगा। मौके पर पंचायत के विभिन्न वार्डों के वार्ड सदस्य एवं सैंकड़ों लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता वीरचंद्र सहनी, दीपक कुमार राय, उपमुखिया नवल किशोर ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य अरुण कुमार सहनी, विजय ठाकुर, रामलाल पासवान, संतोष ठाकुर, मोहन पासवान, विजय कुमार ठाकुर आदि ने सक्रिय रूप से योगदान दिया।

# कांग्रेस ने समस्तीपुर के युवा नेता जेंटिल को दी बड़ी जिम्मेदारी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

सऊदी अरब में रहने वाले बिहार निवासियों के संगठन बिहार अंजुमन का वार्षिक कार्यक्रम 12 मई को देश की राजधानी रियाज में शाम-ए-बिहार के उन्वान से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सऊदी अरब में रहने वाले बिहार के निवासी भाग लेंगे और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। बिहार अंजुमन का यह सातवां वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें बिहार के समस्तीपुर से कांग्रेस के उभरते हुए नेता और दिल्ली कांग्रेस में सोशल मीडिया के अध्यक्ष हिदायत जेंटल को विशिष्ट अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। बिहार अंजुमन के अध्यक्ष डॉ अब्दुल फराह ने कि बिहार अंजुमन का मकसद सऊदी अरब में रह रहे बिहारवासियों को एकजुट रखना, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना और देश के सुधार और विकास के संघर्ष में शामिल होना है। उन के अनुसार वार्षिक कार्यक्रम का बहुत महत्व है, जिसमें एक हजार से अधिक लोग भाग लेते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी मातृभूमि से ऐसे प्रमुख नेताओं को आमंत्रित करने का प्रयास किया जाता है जो लोगों के बीच रहते हैं और उनकी समस्याओं को हल करते हैं। हाल के कार्यक्रम में हमने दिल्ली कांग्रेस के सोशल मीडिया अध्यक्ष और बिहार के उभरते हुए नेता हिदायतुल्लाह जेंटिल को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। आरजेडी एमएलए अख्तरुल इस्लाम शाहीन भी मुख्य अतिथि के रूप में आ रहे हैं।

इस कामयाबी पर समस्तीपुर के युवा समाजसेवी निशात रहमानी उर्फ डब्लू ने बताया कि हिदायतुल्लाह जेंटिल एक युवा नेता के साथ-साथ लोकप्रिय जन नेता भी हैं। समाज के दबे-कुचले लोगों के लिए हमेशा उनके दुख दर्द में साथ खड़े रहते हैं। उनकी लोकप्रियता को देखते हुये ही देश की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने दिल्ली प्रदेश का आईटी सेल चेयरमैन बनाया हैं।

# अरविन्द सहनी राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत, राजद में हर्ष

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिह द्वारा अरविन्द सहनी को राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने पर जिला में चहुंओर हर्ष व उमंग का आलम है। स्थानीय राजद कार्यकताओं ने इसके लिए उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव तथा राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिह के प्रति आभार प्रकट करते हुए अरविन्द सहनी को बधाई दिया है। हर्ष व्यक्त कर बधाई देने वालों में भूमि सुधार सह राजस्व मंत्री आलोक कुमार मेहता, राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू, पूर्व विधान पार्षद सह राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद कुमार राय, प्रदेश महासचिव फैजुर रहमान फैज, मोहिउद्दीननगर प्रमुख जवाहर लाल राय, राजद पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार राय, जिला प्रधान महासचिव विपीन सहनी, प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश शर्मा, वरीय नेता चंद्रिका प्रसाद सिह, रामवरन महतो, मो० अरमान सदरी, प्रोफेसर राजेन्द्र भगत, सदानंद झा, जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, प्रोफेसर भिखारी लाल सिह, सत्यविन्द पासवान, मो० परवेज आलम, लालबाबू महतो, शम्भू भूषण यादव, जितेन्द्र सिह चन्देल, ललन यादव, उमेश प्रसाद यादव, मो० परवेज आलम, मो० नसीम अब्दुल्लाह, प्रोफेसर सत्यनारायण राय, रामविनोद पासवान, राजेश्वर महतो, अजय कुमार राय, भोला महतो, हरेन्द्र कुमार, राजू यादव, प्रमोद राम, शत्रुध्न यादव, राजेन्द्र राम, विश्वनाथ राम, रोशन यादव, प्रोफेसर लक्ष्मी यादव, मो० कलाम खान, रामईश्वर साह, प्रभु नारायण राय, मदन राय, हरिश्चंद्र राय, डॉ० सूरज दास, राकेश यादव, सुंदेश्वर राय, संतोष यादव, कपूर्री ठाकुर, मनोज राय, नवीन कुमार, दीपक यादव, अजीत यादव, जितेन्द्र कुमार यादव, मुकेश यादव, जयशंकर राय, सुबोध यादव, भिखारी राय, उमाशंकर यादव, उमा यादव, प्रोफेसर रजनीश कुशवाहा, राजीव राय, रामस्वार्थ यादव, राकेश पांडेय, जयशंकर राय, ज्ञान प्रकाश झा, सुरेश राय, अनीता राय, अरविन्द उर्फ डोमन राय, विष्णुदेव पासवान, लालबहादुर पंडित, नंदकिशोर महतो, चंदन प्रसाद, मो० जाबिर, विनोद कुमार राय, मो० फैयाज, मो० अजहर मिकरानी, राहुल राय, संजय नायक, राकेश राय, मो० राजा, पिंकी राय, अर्चना कुमारी, बेबी साह, पूनम देवी, रामबाबू राय, लक्ष्मी कुमार निराला, गरीब मांझी, प्रमोद राय, संजीत पासवान, पवन राय, देवेन्द्र महतो, पप्पू यादव, रामकुमार राय, शशि यादव, प्रमोद कुमार पप्पू, रंजीत कुमार रम्भू, मनोज कुमार राय, जयलाल राय, ज्योतिष महतो, मो० नुरूजोहा कमाल आफो, मो० चीना, रविन्द्र कुमार रवि, मनोज पटेल, अरविन्द शर्मा, विमल पासवान, श्याम किशोर कुशवाहा, रामाशीष यादव, गंगा यादव, रविन्द्र यादव, मुकेश पूर्वे, तिलो यादव, राकेश कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, जित्तू कुशवाहा, विजय कुशवाहा, प्रोफेसर जितेन्द्र प्रसाद उर्फ ननकी, रामानंद राय, अरुण राय, सैयद एहसानुल हक चुन्ने, सैयद फैसल आलम मन्नू, अरविन्द राय, अशोक साह, जितेन्द्र कुमार, रितेश कुमार पिंकू, चन्दन कुमार, विधा भूषण यादव, रवि आनंद, रामबाबू राय, शिव शम्भू महतो, मो० असफाख, मो० आहया उर्फ बरसाती, प्रभात यादवेन्दु, हेमलता कुमारी, संजीव कुमार, चमन यादव, प्रभात कुमार, प्रिंस यादव, शम्भू यादव, नेहा कुमारी, मो० आसिफ इकबाल, विनोद महतो, नीलू शर्मा, राधारमन सिह, मो० अमरोज, बिट्टू रजक, संतोष कुमार, सतीश यादव, सुमन कुमार, सुमित यादव, हर्ष आनंद, रौशन यादव, अंकित वर्धन, धर्मेन्द्र महतो, अमरजीत यादव, अनिल यादव, हरिहर झा, श्याम पासवान, डॉ० रामपुकार सिह, डॉ० अमरजीत महतो, संदीप सरकार आदि शामिल हैं।

# रंजीत कुमार शर्मा मनोनीत हुऐ पूसा भाजपा मंडल के अध्यक्ष

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर के जिला अध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुशवाहा के रंजीत कुमार शर्मा को पूसा प्रखंड का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इससे संबंधित आशय का मनोनयन पत्र जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार कुशवाहा के द्वारा रंजीत कुमार शर्मा को सौंपा गया। इसको लेकर जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने बधाई देते हुए कहा कि रंजीत कुमार शर्मा के मंडल अध्यक्ष बनने से क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान होगी। वहीं इसको लेकर हाजीपुर विधायक अवधेश कुमार सिंह, जिला महामंत्री एवं कल्याणपुर विधानसभा प्रभारी कौशल कुमार पांडेय, जिला उपाध्यक्ष प्रभात कुमार ठाकुर, जिला मंत्री रामाकान्त राय, विधानसभा सांयोजक विभूतिपुर अरबिंद कुमार कुशवाहा, पूसा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ध्रुब पाठक, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ जिला संयोजक उमेश प्रसाद कुशवाहा, पूसा के निवर्तमान मंडल महामंत्री आशीष कुमार रिक्की, उजियारपुर पूर्वी मंडल अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य अमृत चौधरी, विभूतिपुर पूर्वी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष शिवजीत झा पिंटू, राकेश कुमार एवं शिव कुमार आदि के द्वारा नव मनोनीत पूसा मंडल अध्यक्ष को बधाई दी गई।

# पूर्व सांसद आनंद मोहन पहुंचे समस्तीपुर, करणी सेना ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह गुरुवार को समस्तीपुर पहुंचे। जहां एक निजी होटल में समस्तीपुर क्षेत्रीय करणी सेना परिवार के द्वारा मिथिला परंपरा के अनुसार उनका स्वागत किया गया। समस्तीपुर करणी सेना के जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चंदेल के नेतृत्व में पूर्व सांसद आनंद मोहन का पाग, चादर और माला से स्वागत व अभिनंदन किया गया। वहीं, पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि जब भी वे उन्हें याद करेंगे तो वह लोगों के बीच उपस्थित रहेंगे। मौके पर ठाकुर संग्राम सिंह, मनीष सिंह मुखिया, रणवीर सिंह सिन्टू, ठाकुर उदय शंकर, चंदन सिंह एवं आशुतोष सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों के बीच मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल किया गया वितरण

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

खानपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को आधे दर्जन दिव्यांगजनों के बीच मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल का वितरण प्रखंड प्रमुख सन्नी हजारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी, जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह, उप प्रमुख अमरेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख सन्नी हजारी ने कहा कि सरकार की अति महवाकांक्षी योजना के तहत दिव्यांगजनो को समाज के मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से चलने में असमर्थ लोगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दिया गया है। उन्होंने बताया कि इससे दिव्यांगजनों के जीवन शैली में बदलाव होगा। उन्होंने प्रखंडक्षेत्र के सभी दिव्यांगजनों से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील किया और कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि सबों को यह लाभ मिल जाय। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त करने वालों में ब्रह्मदेव राय, राजकुमार भगत, हीरालाल सहनी, रौशन कुमार चौधरी, देवेंद्र चौधरी, तारकेश्वर नाथ ईश्वर प्रमुख हैं। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुधीर चौधरी, शिक्षक लाल बाबू, नजीर अमन कुमार, अंजनी कुमार, बीसी बरूण कुमार, पवनदेव राय, राजो राय आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण, समीक्षात्मक बैठक कर दिए कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। गुरुवार को रक्सौल पहुंच नव पदस्थापित जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल ने अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण करने के बाद एक समीक्षात्मक बैठक भी किया। बैठक के दौरान डीएम श्री जोरवाल ने कहा कि कर्मी फील्ड में जाए व काम करें, एईएस व जेई को हल्के में नही लेना है। पिछले 3-4 साल में वो स्थिति नही है, फिर भी सतर्क रहना है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जिला में कुल 6 अनुमंडल है। जिसमे एक-एक कर हमेशा समीक्षात्मक बैठक किया जाएगा। चिकत्सकीय कार्य में पब्लिक से फीड बैक लिया जाएगा। लोग स्थानीय एसडीएम से अपनी समस्या बता सकते है। उन्होंने कहा कि पब्लिक को स्वास्थ्य सुविधा मिलनी चाहिए सभी टीम बनाकर काम करें, जब आप एक्टिव रहेंगे तो सब काम अच्छा होगा। वहीं उन्होंने कहा निरीक्षण के दौरान कई जगह कई कमियां मिल रही है, जिसमें सुधार किया जाएगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अंजनी कुमार, एसडीएम रविकांत सिन्हा, अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन, रामगढ़वा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित जायसवाल एवं यूनिसेफ जिला से धर्मेंद्र कुमार एवं यूनिसेफ बीएमसी अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# एम्स पटना में अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना में कार्यरत एम्स पटना नर्सेज यूनियन ने अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया । एम्स के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में नर्सिंग अधिकारियों ,कर्मचारियों ओर सिक्योरिटी गार्ड ने हिस्सा लेकर रक्तदान किया , इस रक्तदान शिविर का उदघाटन एम्स पटना के एग्जेक्यूटिव डायरेक्टर प्रो. गोपाल कृष्ण पाल ने किया ,उन्होंने सभी रक्तदाताओ को बधाई दी ,एम्स के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सी. एम. सिंह ने अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर रक्तदान शिविर के आयोजन की सराहना की ओर रक्तदान को महादान बताया , एम्स के अधिष्ठाता डॉ. उमेश कुमार भदानी ने सभी रक्तदाताओ को शुभकामनाएं दी ओर कहा नर्सिंग सेवा के साथ साथ समाज की सेवा करने के लिए सभी नर्सिंग अधिकारियों को बधाई साथ ही नर्सेज यूनियन के कार्यो की प्रशंसा भी की ,एम्स के मुख्य नर्सिंग अधिकारी रतीश नायर ने सभी रक्तदातो को बधाई दी , एम्स पटना के ब्लड बैंक की हेड डॉ.रुचि सिन्हा ने सभी रक्तदाताओ और आयोजको को शुभकामनाएं दी , एम्स पटना नर्सेज यूनियन के सेक्रेटरी इंद्रजीत सिंह यादव ने बताया कि यूनियन हर साल अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के मौके पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमन्द मरीजो की मदद करता हैं नर्सेज यूनियन के अध्यक्ष रेनीश लॉरेंस ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन होने से कई मरीजो की जान बचाने में मदद मिलेगी और साथ ही कहा की यूनियन इस तरह के रक्तदान शिविर, भविष्य में भी आयोजित करती रहेगी , एम्स ब्लड बैंक के डॉ .बंकिम दास ने 112 यूनिट रक्तदान होने की जानकारी दी और रक्तदाताओ को बधाई दी ।एम्स पटना नर्सेज यूनियन के कोषाध्यक्ष तपेन्द्र यादव ने सभी रक्तदाताओ को शुभकामनाएं दी साथ ही इस कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने वाली टीम के सदस्यों, सहायक नर्सिंग अधीक्षक रवि गक्कड़, अमित मित्तल ,सूरजमल, विनोद पाटीदार ,ओर नर्सिंग अधिकारी नरपत,धीरसिंह,नरेंद्र झांजरिया खुशवंत, दिनेश बिश्नोई ,सुरेंद्र सहारण श्रुति ,पवन सारस्वत,अशोक ढाका,महावीर शर्मा ,कार्यो की सराहना कर उन्हें बधाई दी ।

# सोना टॉकीज में दी केरला स्टोरी का एक शो हुआ मुफ्त स्क्रीनिंग

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। पूरे देश सहित रक्सौल में भी दी केरला स्टोरी का क्रेज काफी बढ़ता नजर आ रहा है। फिल्म को लेकर लोगों के काफी उत्साह है। इसी कड़ी में आगे आते हुए रक्सौल के निवासी एवं समाजसेवी पवन गुप्ता ने गुरुवार का एक शो का आयोजन स्थानीय सोना टॉकीज में महिलाओं एवं युवतियों के लिए मुफ्त आयोजन कराया। जिससे शहर के सारे लोग प्रभावित हुए और विशेष प्रभावित होकर सोना टॉकीज के संचालक सह बीजेपी नेता ई. जितेंद्र कुमार ने श्री गुप्ता एवं विहिप के दिग्विजय

## संक्षिप्त खबरें

### 90 बोतल शराब व बाइक के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के भोरे थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के लामीचैर में कार्रवाई करते हुए 90 बोतल शराब व बाइक के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि थाने के पीएसआई सुधीर कुमार पासवान लामीचैर चैक पर वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार युवक को रोक कर उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से 90 बोतल देसी शराब बरामद किया गया। पकड़े गए धंधेबाज की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के राजपुर खाप गांव के सागर शर्मा के रूप में की गई है। जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### जमीन जोतने से मना करने पर महिला को उसके पति और सौतन ने पीटा

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के अमही मिश्र गांव में जबरन जमीन जोतने से मना करने पर एक महिला को उसके पति, सौतन सहित अन्य लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामले में पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। अमही मिश्र गांव निवासी राजू तिवारी की पत्नी सुनीता देवी ने आरोप लगाया है कि उसके पति राजू तिवारी, सौतन विभा देवी के अलावे मुन्ना तिवारी, शांति देवी के द्वारा उनके हिस्से की जमीन को जबरन जोता जा रहा था। जब सुनीता देवी ने जमीन जोतने से मना किया, तो उक्त लोगों ने उन्हें मारपीट कर जख्मी करते हुए उनके कान का झुमका निकाल लिया। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

### महिला की पीट-पीट कर हत्या करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

गोपालगंज।जिले के मांझा थाने की पुलिस ने भवानीगंज गांव में महिला की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त भवानीगंज गांव का इरफान अली बताया गया है।प्रेसवार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 3 मई को भवानीगंज गांव में मकान में पाइप लगाने के विवाद को लेकर महिला शायरा खातुन की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गयी थी।इस मामले को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। घटना के बाद मांझागढ थानाध्यक्ष विशाल आनंद को त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया गया था।

### अनियंत्रित ट्रक ने बुलेट सवार दो को रौंदा, हालत गंभीर

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के भठवा मोड़ के पास अनियंत्रित ट्रक ने बुलेट सवार दो लोगों को रौंद दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायलों की पहचान मांझागढ़ थाना क्षेत्र के देवापुर गांव के अनिल यादव और आलमपुर गांव के अजय यादव के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि अनिल यादव अपने जीजा अजय यादव के साथ बुलेट से अपनी बहन की शादी का कार्ड लेकर तमकुही रोड किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही दोनों कुचायकोट थाना क्षेत्र एनएच-27 भठवा मोड़ के समीप पहुंचे।

### उचकागांव में अलग-अलग मामले में चार गिरफ्तार

गोपालगंज । जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर अलग-अलग मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिसे पुलिस ने गुरुवार के दिन न्यायालय में प्रस्तुत किया। थाना क्षेत्र के सामपुर बाजार में पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी का शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के विजय साह व फुलवरिया थाना क्षेत्र के पैकौली बद्दो गांव के कुलदीप कुमार साह के रूप में की गई है। इस दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव में छापेमारी कर न्यायालय से जारी वारंट मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर गांव के भरत भगत और छोटई भगत के रूप में की गई है।

### पिपराही पुल से सात बोतल शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

गोपालगंज।जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के पिपराही पुल पर पुलिस ने सूचना के आधार पर छापेमारी कर झोले में रखें सात बोतल देसी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के नरईनिया गांव निवासी सोहन चैधरी के रूप में की गई है। मामले में प्राथमिकी करने के बाद पुलिस ने गुरुवार के दिन गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# भोरे प्रखंड में योजनाओं से रूबरू हुए पदाधिकारी

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गुरूवार को डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी के निदेर्शानुसार प्रशासनिक एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा जिले के भोरे प्रखंड की सभी पंचायतों का भ्रमण कर योजनाओं की जांच की गई। सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागू करने, इनके सतत अनुश्रवण, न्याय के साथ विकास को सुनिश्चित करने तथा प्रशासन को और अधिक संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से जांच की गई है। इस दौरान सभी जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा भोरे की विभिन्न पंचायतों के गांवों में जाकर सभी योजनाओं की एक-एक बिदु की जांच की गई। जांच के दौरान योजनाओं में अनियमितता के मामले उजागर हुए। पंचायतों में इस दौरान हड़कंप की स्थिति रही। डीएम द्वारा प्रखंड कार्यालय के साथ-साथ अंचल, आपूर्ति, शिक्षा व स्वास्थ्य विभागों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गड़बड़ी मिलने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जहां फटकार मिली, तो वहीं डीएम ने उन्हें उसे सुधारने की नसीहत भी दे डाली। प्रखंड कार्यालय में ही डीएम ने प्रखंड की सभी योजनाओं से संबंधित पंजी की जांच की। इसके साथ साथ ही कैंपस में आमलोगों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी बीडीओ से ली। जिस जगह पर डीएम को कमी दिखी, वहां उन्होंने बीडीओ डॉ. संजय कुमार राय को जल्द सुधार करने के निर्देश भी दिया। इसके बाद डीएम ने अंचल कार्यालय, शिक्षा विभाग का भी निरीक्षण किया। यहां संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए। जबकि भोरे रेफरल अस्पताल में गोपालगंज से आई टीम ने जांच की। इसके अलावा प्रखंड के विकास योजनाओं की भी जांच की गई। जांच के दौरान डीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि सरकारी योजनाएं धरातल पर शत-प्रतिशत उतरनी चाहिए। इन योजनाओं में गड़बड़ी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर डीडीसी अभिषेक रंजन, अपर समाहर्ता सुनील कुमार, हथुआ एसडीएम राकेश कुमार, बीडीओ डॉ. संजय कुमार राय, सीओ चंद्रभानु कुमार, बीईओ लखेंद्र दास, रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. खाबर इमाम मौजूद रहे। इसी दौरान भोरे प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में अलग अलग पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओ की जांच की गयी।

# शराब तस्करी के लिए लूटी गयी पिकअप के साथ चार गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

नगर थाने के सुकुलवा नहर के समीप चाकू के बल पर लूटी गयी पिकअप के साथ पुलिस ने बंगाल व सिवान के चार लूटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास के लूटी गयी पिकअप वाहन, एक बाइक, छह दुध के ड्रम, मोबाइल सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार लूटेरे सिवान जिले के रधुनाथपुर थाने के सुल्तानपुर गांव के पवन गिरी, बंगाल के मालदा जिले के मुधावाडी थाने के कहला गांव के मो0 सैयव इस्लाम, नगर थाने के साधु चैक मुहल्ले के रवि कुमार सिंह और हुसैनगंज थाने के सहदुलेपुर गांव के विवेक कुमार सिंह बताए गए है। गुरूवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 27 अप्रैल की रात्रि सुकुलवा नहर के समीप अपराधियों के द्वारा चाकू के बल पर पिकअप लूट ली गयी थी। लूट की घटना के बाद नगर थाने में अज्ञात लूटेरो पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इस मामले को लेकर सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने कारवाई करते हुए लूट में शामिल अपराधी रवि कुमार सिंह को लूटी गयी मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसकी निशानदेही पर सिवान के कचहरी ढाला से पवन गिरी, सैफ एवं विवेक कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर मोतीहारी के तुरकौलिया में छिपाकर रखे गयी पिकअप को बरामद कर लिया गया। इन अपराधियों ने लूट में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। उन्होने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मो0 सैयब इस्लाम उर्फ सैफ के संबध में बंगाल पुलिस से अपराधिक इतिहास की मांग की गयी है। इसके साथ ही सभी अपराधियों की कुंडली खंगाली जा रही है। गिरफ्तार अपराधी रवि कुमार सिंह पर नगर थाना व मैरवां थाने में मामला दर्ज है। वही विवेक कुमार सिंह और पवन गिरी पर मैरवां में एक-एक मामला दर्ज है। छापेमारी में नगर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार राय, तकनिकी शाखा के दिनेश कुमार यादव, थावे थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार, महम्मदपुर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी, नगर थाने के दारोगा आशुतोष रंजन, सहित अन्य पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे।

# मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

बच्चो में छुपी कला को निखारने के लिए ही प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। ताकि बच्चे शुरू से ही अपनी प्रतिभा की पहचान कर सके। उक्त बातें मीरगंज युवा क्लब द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में अव्वल आए छात्राओ को सम्मानित करते हुए नगर परिषद के उपसभापति धनंजय यादव ने कहा।

उपसभापति ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि बच्चों को जिस रूप रंग में ढालना चाहेंगे वे उसी तरह दिखेंगे। इनकी प्रतिभा परिवार की पहचान होती है। इससे पारिवारिक संस्कार, आदर्श और लग्न तीनों एक साथ परख ली जाती है। ऐसे में स्थानीय संस्थाएं बच्चो की प्रतिभावों को निखारने के लिए ऐसे आयोजन करने रहे। ऐसे सामाजिक आयोजनों में नगर परिषद के तरफ से भी समय समय पर मदद मिलता रहेगा। शहर के सेंट फ्रांसिस हाई स्कूल में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक साथ भाग लिया। जिनको क्लब के तरफ से सम्मानित किया गया। इस सम्बन्ध में मीरगंज युवा क्लब के अध्यक्ष सोहेल साहब गोलू ने बताया कि युवा क्लब की स्थापना का मुख्य उद्देश्य गरीब, असहाय लोगों की मदद करना, बच्चो को प्रोत्साहित कर विद्यालय से जोड़ना, स्वास्थ्य, शिक्षा व पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना क्लब का मुख्य उद्देश्य है। इसी कड़ी में क्लब ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। ताकि स्कूली बच्चियां अपनी प्रतिभा की पहचान कर सके। क्लब का निर्णय है कि शहर के प्रत्येक सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में इस प्रतियोगिता को आयोजित कर बच्चो को प्रोत्साहित किया जाय। आगे क्लब द्वारा हथुआ सेंट्रल स्कूल व नजमा नर्सिंग इंस्टीट्यूट में किया जाएगा। इसके लिए तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। कार्यक्रम में सेंट फ्रांसिस स्कूल के निदेशक बी।एन।राय, युवा क्लब के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने भी छात्रों का हौसला बढ़ाई। इस मौके पर क्लब के सचिव प्रकाश सिंह, कमरूद्दीन खान, दीपक कुमार, इयाजुल अनवर, शशिकांत, प्रियांशु, मानसी, वसीर, राजकुमार, सितांशु, जीशान, सैफी सहित सभी क्लब के सदस्य आदि थे।

# बरौली के व्यवसायी हत्याकांड में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के बरौली थाने के विशुनपुरा बाजार पर व्यवसायी शिव कुमार प्रसाद की हत्या में शामिल दो अपराधियों को गठित एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में मांझागढ थाने के शेखपरसा गांव के हरेश चैधरी और विनय कुमार बताए गए है। प्रेसवार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुए एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 9 मई की दोपहर विशुनपुरा बाजार स्थित सुमित इलेक्ट्रीकल एवं मोबाइल रिपेंयरिंग शॉप में घुसकर व्यवसायी शिव कुमार प्रसाद की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले को लेकर मृतक के भाई सोनेलाल प्रसाद ने गांव के ही हरेश चैधरी उनके पुत्र विनय कुमार, अजित कुमार व दो अज्ञात के विरूद्ध बरौली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया था कि भूमि विवाद व पैसे के लेनदेने को लेकर अभियुक्तों के द्वारा 10-15 दिन पूर्व जान से मारने की धमकी दी गयी थी। घटना के बाद सदर एसडीपीओं प्रांजल के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी ने त्वरित कारवाई करते हुए घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार हरेश चैधरी का पूर्व में भी अपराधिक इतिहार रहा है। इसके उपर मांझागढ थाने में दो मामले दर्ज है।

छापेमारी दल में एसडीपीओ प्रांजल के अलावे प्रशिक्षु डीएसपी साक्षी राय, सदर इंस्पेक्टर हीरालाल प्रसाद, बरौली थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार, मांझागढ थानाध्यक्ष विशाल आनंद, सिधवलिया थानाध्यक्ष हरेराम कुमार, तकनिकी शाखा प्रभारी दिनेश कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक जयहिंद यादव शामिल थे।

# गोपालगंज में वाहन जांच अभियान चला वसूला गया तीन लाख जुर्माना

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी के निर्देश पर जिले के विभिन्न जगहों पर परिवहन विभाग की टीम ने गुरूवार को वाहन जांच अभियान चलाकर दो दर्जन वाहन चालकों से करीब तीन लाख रुपए जुमार्ना वसूला। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम की कार्रवाई को देखकर कई वाहन चालक अपना रास्ता बदलते हुए नजर आए। बताया जाता है कि डीएम के निर्देश पर एमवीआई सुनील कुमार के नेतृत्व में गोपालपुर थाने के विभिन्न चैक चैराहों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान दो दर्जन वाहनों को रोककर उनसे जुमार्ना वसूला गया। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम ने बाइक के कागजात, हेमलेट, की जांच पड़ताल की। वाहन जांच के दौरान एमबीआई सुनील कुमार सिंह ने दर्जनों वाहनों से करीब तीन लाख रुपए जुमार्ना राशि के रूप में वसूल की। अभियान के दौरान कई चार पहिया वाहनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट व प्रदुषण के कागजात को देखा गया। परिवहन विभाग के द्वारा पूरे दिन चले वाहन जांच के दौरान बाइक चालकों में हड़कंप दिखा। वाहन जांच अभियान में मोटरयान निरीक्षक, सभी परीक्ष्यमान प्रवर्तन अवर निरीक्षक मौजूद थे।

# गोपालगंज में बाढ़ पूर्व तैयारियों का सचिव ने जाना हाल

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

जल संसाधन विभाग के सचिव संजय अग्रवाल गुरूवार को गोपालगंज पंहुचे। इस दौरान उन्होने जिला अतिथि गृह में डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ बाढ पूर्व तैयारियों की जानकारी ली और कई आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद सचिव संजय अग्रवाल ने सिधवलिया प्रखंड के टंडसपुर छरकी पर जाकर जल संसाधन विभाग के द्वारा कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों को समय सिमा के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान बैकुंठपुर के पूर्व विधायक सह जदयू के प्रदेश प्रवक्ता मंजित कुमार सिंह ने सचिव को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक ने अपने दिए मांग पत्र में विशुनपुर कोइनी नहर की सफाई, डुमरिया घाट पुल के नीचे बंद पडे भेंट पिल्लर से गाद की सफाई कराने, सिधवलिया प्रखंड के अमरपुरा पंचायत के बंजरिया गावं की सुरक्षा हेतू प्रोटेक्शन बांध निर्माण कराने, दुर्घटना में मृत व्यक्ति को अनुदान राशि दिलाने, गाइड बांध बनाने एवं गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में जल जमाव की समस्या से स्थायी निदान दिलाने की मांग की गयी है।

## महाविद्यालय में एनएसएस स्वयं सेविकाओं द्वारा चलाया गया सफाई अभियान

छपरा। जय प्रकाश महिला महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई- एक के द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अर्चना सिन्हा की उपस्थिति में सफाई अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं एवं कार्यक्रम पदाधिकारी ने चिलचिलाती धूप में पूरे महाविद्यालय प्रांगण की सफाई की। ज्ञात हो कि कल से गृह विज्ञान के द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरे महाविद्यालय प्रांगण की सफाई की गई। इसमें स्वयं सेविकाओं ने कड़ी धूप की परवाह न करते हुए पूरे महाविद्यालय प्रांगण की सफाई मैं बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। स्वयं सेविकाओं के दृढ़ सेवा भाव को देखकर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मंजू कुमारी सिन्हा ने सभी की प्रशंसा की और गृह विज्ञान की प्राध्यापिका डॉ आंचल सिंह एवं शिक्षकेतर कर्मचारी शीलानाथ सिंह ने भी सफाई में अपना योगदान दिया एवं सभी का मनोबल बढ़ाया। स्वयं सेविकाओं में पूजा, अर्चना, प्रियंका, रेखा, प्रिया आदि छात्राओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जिला स्तरीय विकास समन्वय की बैठक सम्पन्न

छपरा। जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक माननीय सांसद सारण राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागर में दूसरे दिन भी जारी रही। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में 10 मई को संपन्न जिला स्तरीय विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में अवैध रूप से वृक्षों की कटाई के तत्काल जांच करने के आदेश की समीक्षा की गई।

जिला पदाधिकारी ने बताया की तत्काल जांच के उपरांत वृक्ष की कटाई का मामला सही पाया गया। तत्पश्चात डी. एफ. ओ. सारण को तत्काल रूप से फॉरेस्ट गार्ड को निलंबित करने एवं रेंजर से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। रेंजर से संतोषजनक जवाब नहीं पाए जाने की स्थिति में अनुशासनिक कार्रवाई करने को कहा गया। सारण जिला के विभिन्न सरकारी एवं निजी बैंकों में जमा एवं लोन दिए जाने की चर्चा के दौरान सारण जिला के एल डी एम ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2022- 23 में सारण जिला के विभिन्न सरकारी एवं निजी बैंकों में कुल 14 हजार 284 करोड़ रुपया जमा किया गया। इसमें से कुल 5 हजार 873 विभिन्न तरह के लोन के रूप में लाभुकों को दिया गया। लोन के अनुपात को और बढ़ाने हेतु और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता अध्यक्ष ने बताई। इस संबंध में जिला पदाधिकारी ने बताया कि पूर्व में समीक्षा के दौरान एल डी एम को मिशन फिफ्टी के तहत लोन का प्रतिशत कम से कम 50 प्रतिशत करने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया है। इसी तत्वावधान में 26 मई 2023 को एकता भवन में विशाल लोन मेला लगाए जाने की जानकारी भी दी गई। इसकी समीक्षा प्रत्येक महीने किए जाने की भी जानकारी जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा दी गई। सभी बैंकों की शाखाओं में बैंक ग्राहकों के लिए आधारभूत सुविधा यथा पीने का पानी, शौचालय एवं पंखा की व्यवस्था निश्चित रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश अध्यक्ष के द्वारा दिया गया। जिले में निमार्णाधीन एन एच के किनारे अनधिकृत रूप से निर्माण कर रोड का एप्रोच एनएच पर जुड़ने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश एन एच के अभियंता को दिया गया। जिले के विभिन्न विभागों के सड़कों पर बने बड़ी संख्या में सभी अवैध स्पीड ब्रेकर को तोड़ने का निर्देश भी अध्यक्ष के द्वारा दिया गया। इसके लिए जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को अधिकृत किया गया। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष माननीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सदस्यगणों में विधायक गण, मेयर छपरा नगर निगम, जिला परिषद के सदस्य गण, प्रखंडों के प्रमुख गण पदाधिकारियों में उप विकास आयुक्त सारण, नगर आयुक्त छपरा नगर निगम, अपर समाहर्ता सारण, संबंधित विभागों के कार्यालय प्रधान,प्रखंड विकास पदाधिकारी गण एवं अन्य कर्मी गण उपस्थित थे।

# फौजी पुत्र का सड़क दुर्घटना में साले के साथ हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। माँ के श्राद्धकर्म करने के लिए गांव आया एकलौता फौजी पुत्र का सड़क दुर्घटना में साले के साथ हुई मौत। दोनों परिजनों में मचा कोहराम। प्राप्त जानकारी के अनुसार दाउदपुर थाना क्षेत्र के गोबरही पंचायत के साधपुर गांव निवासी स्व.लाल बाबू सिंह के 32 वर्षीय फौजी पुत्र रूपेश कुमार सिंह एवं उनके साथ रिविलगंज थाना क्षेत्र के मुखरेड़ा गांव निवासी राजू सिंह के 18 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार सिंह उर्फ लक्की बाइक से गुरुवार की सुबह सिवान किसी आवश्यक काम के सिलसिले में जा रहे थे तभी सिवान जिले के हुसैनगंज थाना के समीप पिकअप व बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर में बाइक सवार दोनों व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुची पुलिस। मृतक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को दी घटना की सूचना। सूचना मिलते ही परिजन पहुचे घटनास्थल पर। जहा शव को देखते ही परिजनों में मचा कोहराम। पत्नी ऋचा देवी का रो-रो कर हुआ बुरा हाल। मालूम हो कि स्व.लालबाबू सिंह की 80 वर्षीय पत्नी खूबसूरता देवी का विगत 29 अप्रैल को लखनऊ में निधन हो गया था।जहाँ इसकी सूचना रूपेश को मिलते ही 30 अप्रैल को लखनऊ पहुच माँ का अंतिम संस्कार कर अपने परिवार के साथ श्राद्धकर्म करने के लिए गांव आया था। जहा सभी खटकर्म कर श्राद्धकर्म 12 मई को होने वाला था। इसी बीच रूपेश श्राद्धकर्म में आये अपने छोटे साले प्रकाश के साथ पड़ोसी के बाइक लेकर किसी काम के लिए पांच बजे सुबह में घर से निकल गए थे जहाँ करीब एक घण्टे के बाद हुसैनगंज पुलिस के द्वारा दुखद घटना की जानकारी परिजनों को मिली। बताया जाता है कि स्व.लालबाबू सिंह के तीन पुत्री के बाद सबसे लाडला पुत्र रूपेश था। पिता के पन्द्रह साल पूर्व मौत होने के बाद मां अपने पुत्र रूपेश की परवरिश की थी। रूपेश का आर्मी में 2011 में चयन हुआ था। जो फिलहाल अरुणाचल प्रदेश में आर्मी के नायक के पद पर कार्यरत थे। रूपेश की शादी विगत 2015 में मुखरेड़ा गांव निवासी राजू सिंह की पुत्री ऋचा से हुआ था जिसकी एक पांच वर्षीय पुत्री परी कुमारी और तीन वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार है। जो फिलहाल पुत्री ननिहाल में है जबकि पुत्र लखनऊ मौसी के पास है।

# रक्तदान कर टूटती सांसों के लिए लाडो बनी प्रेरणा, ससुराल जाते जाते किया पूरा अंगदान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। कभी अलविदा ना कहना... धड़कुंगी किसी के सीने में, किसी को दिखाऊंगी दुनिया ऐसी कई लड़कियां हैं। जो देश में लाखों अन्य लड़कियों की प्रेरणा बनी हुई है। इनमें से एक लड़की की कहानी इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं। हम आपको बताने वाले हैं सारण की एक लाडो की कहानी। नगरपालिका चैक रामानंद पर्वत व फूलमती देवी की पुत्री रचना पर्वत एक कुशल खिलाड़ी, योग प्रशिक्षक के साथ-साथ रक्त वीरांगना के रूप में सारण जिले को ही नहीं पूरे देश को गौरवान्वित किया है अब ससुराल जाते जाते अपना पूरा शरीर दान करने का संकल्प लिया है रचना का कहना हैं कि अंग अमूल्य हैं, उसे जलाकर राख करने के बजाय दान कर दुनिया से जाने के बाद भी दुनिया में रहकर मिसाल कायम करने की सोचिए। दुनिया से जाने वाले जाने चले जाते हैं कहां, कैसे ढूंढे कोई उनको, नहीं कदमों के भी निशा... अंगदान ने इन लाइनों को गलत साबित कर दिया है, क्योंकि अंगदान के माध्यम से दुनिया से जाने के बाद भी कोई किसी के सीने में दिल बनकर धड़क रहा है तो कोई दूसरों की आंखों से दुनिया से जाने के बाद भी दुनिया देख रहा है। ज्ञात हो कि रचना पर्वत फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया से जुड़कर अब तक 33 बार रक्तदान कर चुकी है साथ ही साथ आयोजित होने वाले रक्तदान शिविरों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक कर रक्तदान के प्रति प्रेरित करती रहती है। रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु इन्हें जिले स्तर पर 10 प्रभावशाली महिलाओं में सम्मिलित कर अपराजिता सम्मान से नवाजा जा चुका है उत्तरी दहियावां टोला स्लम बस्ती में फेस ऑफ फ्यूचर इंडिया की मुहिम पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया से जुड़कर निशुल्क शिक्षा देती हैं रचना एक वेटलिफ्टर भी है ।ये राष्ट्रीय स्तर पर पांच बार खेल चुकी है। जिसमें अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट वेटलिफ्टर चैंपियनशिप घोषित किया जा चुका है एवं राज्य स्तर पर 7 बार बेस्ट वेटलिफ्टर चैंपियनशिप घोषित किया जा चुका है। इनके सामाजिक कार्यो को मान्यता देने हेतु पूरे बिहार में महिलाओं में सबसे ज्यादा रक्तदान करने हेतु स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, नेशनल यूथ आवार्ड फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय युवा गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है सारण जिला अधिकारी द्वारा प्रेरणा दूत पुरस्कार से नवाजा जा चुका है एवं राष्ट्रीय स्तर पर बिहार पुलिस महानिदेशक द्वारा द अचीवर अवार्ड से नवाजा जा चुका है।

# टीवी मरीजों का पांचवा सहायता किस्त दिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित निक्षय मित्र योजना के तहत इनरव्हील क्लब छपरा ने छपरा सदर अस्पताल के टीबी के 5 मरीजों को इनरव्हील क्लब छपरा ने गोद लिया था जो, 6 महीने तक के लिए तक था जिसका पांचवा किस्त जिसमें दवाइयां तथा स्वस्थ आहार के रूप में दिए जाने वाले सहायता की अन्य सभी पांच व्यक्तियों को इनरव्हील क्लब छपरा के अध्यक्ष अनीमा सिंह तथा सेक्रेटरी अनुराधा सिन्हा के अध्यक्षता में सदर अस्पताल के सीएस कार्यालय परिसर में दिया गया। जिसको लेकर उन लोगों में उत्साह देखा गया। वही इस अवसर पर क्लब के अर्पणा मिश्रा सचिव अनुराधा सिन्हा सहित कई अन्य शामिल रहे जिन लोगों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा और इनरव्हील क्लब छपरा के द्वारा पांचों मरीजों को बेहतर पोषण के लिए चावल, दाल, सरसो का तेल, अंडा इत्यादि दिया गया है। ताकि मरीज अपने पोषण का ख्याल रख गया है जिसमें शहर के 5 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है।

जिसमें शहर के मासूम गंज निवासी अंजली कुमारी, मगाईडीह निवासी आरती कुमारी, साढ़ा ढाला निवासी पूजा देवी, मगाईडीह निवासी राजू मांझी, दौलतगंज निवासी रीता देवी शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के नेक कार्य से हम लोगों को भी अपनत्व का भाव बढ़ता है और समाज में सहयोग करने की भावना भी बढ़ती है। जिसकी जानकारी क्लब के एडिटर अर्चना रस्तोगी ने दी।

सम्पादकीय

# इमरान फौजी गिरफ्त में

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ जो सलूक किया गया है, वह पाकिस्तान में ही हो सकता है। यह वाकई शर्मनाक और कानून के राज पर कलंक है। इमरान अदालत में मौजूद थे कि खिड़कियों के शीशे तोड़ कर, पाकिस्तान के ही रेंजर्स, अंदर घुसे और इमरान को दबोच लिया। सुरक्षाकर्मियों और वकीलों को मारपीट कर एकतरफ कर दिया गया। वे जख्मी भी हुए। रेंजर्स मुल्क के पूर्व प्रधानमंत्री को घसीटते हुए, कॉलर से पकड़े, धकियाते हुए बाहर ले गए और अदालत परिसर में ही गिरफ्तार कर लिया। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की टिप्पणी थी-अदालत में जो कुछ हुआ है, वह माफी के लायक नहीं है। यह कानून का मजाक है। मैं इसकी तह तक जाऊंगा। मुख्य न्यायाधीश ने हुकूमत के गृह सचिव और राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) के महानिदेशक को अदालत में तलब किया, लेकिन वे पेश नहीं हुए। अब न्यायाधीश क्या कर सकते हैं? पाकिस्तान में ही न्यायपालिका की ऐसी नाफरमानी हो सकती है। बहरहाल इमरान की गैर कानूनी गिरफ्तारी की प्रतिक्रिया में पाकिस्तानी अवाम का एक तबका उबल पड़ा है। सडकों पर आगजनी, तोडफोड़ और सेना के प्रतिष्ठानों की घेरेबंदी की जा रही है। एक कोर कमांडर के घर में घुसकर भीड़ ने बहुत कुछ तहस-नहस कर दिया। कराची, लाहौर से क्वेटा तक पाकिस्तान किसी न किसी शक्ल में जल रहा है।

यह अराजकता, अव्यवस्था गृहयुद्ध में तबदील न हो जाए, यही आशंका और भय है। अवाम का यह उबलता रोष और विद्रोह इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का ही समर्थन है। बेशक इमरान के खिलाफ 140 आपराधिक केस बताए जा रहे हैं, बेशक वह सेना के कुछ कमांडरों, आईएसआई और शरीफ हुकूमत के घोर, कट्टर आलोचक हैं, उनकी बयानबाजी आपत्तिजनक हो सकती है, बेशक वह भी दूध के धुले हुए नहीं हैं, लेकिन अर्द्धसैन्य बल के रेंजर्स, एक पूर्व प्रधानमंत्री को, अदालत के कक्ष में ही, इस तरह दबोच और गिरफ्तार नहीं कर सकते। यह विशेषाधिकार अदालत का है कि उन्हें क्या सजा दी जाए। उसकी भी एक निश्चित, शालीन प्रक्रिया है। देश के महानायक रहे शख्स पर ऐसी गुंडागर्दी पाकिस्तान में ही की जा सकती है। इससे साबित होता है कि पाकिस्तान में संविधान, न्यायपालिका और जम्हूरियत नाममात्र के और दिखावटी हैं। सिर्फ फौज का ही वर्चस्व है और यही पाकिस्तान का कुरूप यथार्थ है। वैसे पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्रियों को जेल में डालने या उनकी हत्या करने अथवा निर्वासन के लिए मजबूर कर देने की परंपरा रही है। जुल्फिकार अली भुट्टो को तो फांसी पर लटका दिया गया था।

उनका नाती बिलावल फिलहाल विदेश मंत्री है। पाकिस्तान के मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लंदन प्रवास पर थे, जब पाकिस्तानी फौज ने यह कांड किया। जाहिर है कि इसकी रणनीति फौज के कमांडरों ने पहले ही तय कर ली होगी कि इमरान को दबोचने के फलितार्थ क्या होंगे? अब पाकिस्तान कितना जलेगा, कितने लोग मारे जाएंगे, कितने भवन-वाहन जला दिए जाएंगे, इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। अलबत्ता सेना बनाम अवाम के समीकरण बन गए हैं। सेना में भी इमरान समर्थक सैनिक और कमांडर हैं। यदि यह विभाजन सतह पर आया, तो गृहयुद्ध को शांत करना मुश्किल होगा। इमरान को अल कादिर ट्रस्ट के भ्रष्टाचार और दलाली केस में गिरफ्तार दिखाया गया है, लेकिन कानूनी फैसला तो कोई भी इमरान के खिलाफ नहीं है। बहरहाल गंभीर सवाल यह है कि अब इमरान खान का क्या होगा?

# करिश्मा कुदरत का

पीके खुराना

सन् 2020 की भयानक वैश्विक महामारी कोरोना ने सारे संसार को घुटनों पर ला दिया। कई बिजनेस बंद हो गए, नौकरियां खलास हुईं और वेतन घट गए। इस महामारी से कोई उद्योग, कोई व्यवसाय और कोई व्यक्ति अछूता नहीं रहा और बहुत से परिवारों के मुखिया या कमाने वाले हाथ भगवान को प्यारे हो गए। उस कठिन दौर में हमारे देश में चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने अथक मेहनत की, लोगों की बातें सुनीं, पर अपना काम करते रहे। यह हमारा सौभाग्य था कि अंततः देश में ही बनी वैक्सीन कारगर सिद्ध हुई और कोरोना पर लगाम लगने की प्रक्रिया शुरू हो सकी तथा हमें विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सामने झुकना या गिड़गिड़ाना नहीं पड़ा। बीमारी हो, दुर्घटना हो, चोट हो, चिंता हो या अवसाद हो, यानी परेशानी शारीरिक हो या मानसिक, चिकित्सा जगत हमारी सेवा में उपलब्ध है। तकनीक में हो रही उन्नति का लाभ हम सबको मिलता ही है और चिकित्सा जगत में भी नई तकनीक, नए शोध, नए उपकरणों ने चिकित्सा को आसान और सहज बनाया है। परेशानी सिर्फ इतनी सी है कि एक अस्पताल बनाने पर सैकड़ों करोड़ रुपए लग जाते हैं और इतनी अधिक लागत से बने अस्पताल को चलाना भी खचीर्ला काम है। परिणाम यह है कि इलाज लगातार महंगा होता जा रहा है। दूसरी समस्या नैतिकता की है। यह किसी से छुपा नहीं है कि बहुत से प्रतिष्ठित अस्पताल भी मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, जानबूझकर गलत सलाह देते हैं, फालतू के टैस्ट लिखते हैं, मरीज की मृत्यु के बाद भी बिल बनाते रहते हैं और बहुत से डाक्टर कमीशन के चक्कर में जानबूझकर महंगी दवाइयां लिखते हैं, गैरजरूरी टैस्ट करवाते हैं और गलत इलाज करते चलते हैं।

कई मामलों में ऐलोपैथी के मुकाबले में प्राकृतिक चिकित्सा न केवल ज्यादा प्रभावी है, बल्कि बहुत सस्ती भी है, तो भी अभी ज्यादातर लोगों का रुझान इस तरफ नहीं हुआ है। यह एक शुभ संकेत है कि योग का प्रसार धीरे-धीरे बढ़ रहा है जिससे अंततः बहुत सी बीमारियों की रोकथाम हो सकेगी। योग और प्राकृतिक चिकित्सा के मेल से हम एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। जंक फूड का प्रचलन इस दिशा में एक बड़ी अड़चन है। चिंताजनक तथ्य यह है कि जंक फूड के बढ़ते जाने, सही तरह से भोजन न करने और गलत जीवनशैली के कारण आज शहरों में पैदा होने वाले 95 प्रतिशत बच्चे रोगी पैदा हो रहे हैं और इस तरफ किसी का ध्यान है ही नहीं। आधुनिक जीवन में भागदौड़ बढे, हमेशा काम में लगे रहने तथा परिवारों में भी आपसी समझ घटने के कारण समाज में तनाव बढ़ता चल रहा है। एक सर्वेक्षण में पता चला कि हर सात में से एक भारतीय मानसिक विकारों अथवा मानसिक व्याधियों से परेशान है। तनाव खुद कई बीमारी की जड़ है। लेकिन आम जनता ही नहीं, पढ़े-लिखे और बुद्धिजीवी लोग भी तनावग्रस्त पाए जाते हैं। इसी तरह आर्थिक संपन्नता के बावजूद, धनवान और साधन-संपन्न होने के बावजूद, सुख-सुविधाएं होने के बावजूद लोगों में तनाव बढ़ रहा है क्योंकि हमारी शिक्षा में तनाव से निपटने के साधनों का जिक्र न के बराबर है। इसके बहुत भयंकर परिणाम हो रहे हैं। परेशानी तब और बढ़ जाती है जब हम देखते हैं कि किशोर वय से ही तनाव बढा शुरू हो जाता है और जब लावा फूटता है तो बहुत कुछ नष्ट हो जाता है। जनसामान्य को मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों की सेवाओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

जनसामान्य की बात तो छोड़िए, चिकित्सा जगत से जुड़े लोग भी तनावग्रस्त होने के बावजूद अक्सर मनोवैज्ञानिकों अथवा मनोचिकित्सकों के पास जाने से परहेज करते हैं या फिर तनाव के बावजूद तनाव की स्थितियों से निपटने के बजाय इसकी उपेक्षा करते चलते हैं। यही नहीं, चिकित्सा विज्ञान की जो सीमाएं हैं, वैसी ही सीमाएं मनोवैज्ञानिकों और मनोचिकित्सकों की भी हैं क्योंकि वे अक्सर अवचेतन मन तक नहीं पहुंच पाते और या तो उनके पास आने वाले रोगियों का इलाज अधूरा होता है या अस्थायी होता है। कई बार रोगियों की परेशानियां फिर-फिर उभर आती हैं। बहुत से रोगियों के इलाज से यह सिद्ध हुआ है कि मानसिक विकारों और मानसिक व्याधियों के इलाज के लिए ब्रेन-वेव एक्टीवेशन पद्धति बहुत कारगर है, यह एक प्राचीन भारतीय पद्धति है जो मानो कुदरत का करिश्मा ही है, पर अभी इसे चिकित्सा जगत ने नहीं अपनाया है क्योंकि इसके बारे में पूरी जानकारी नहीं है, इस पद्धति के सभी परिणाम विज्ञान की पकड़ में नहीं आते और विज्ञान के अहंकार में डूबा चिकित्सा जगत इसके महत्व से अनजान है या इसे ढोंग बताकर इससे मुंह चुराता है। ब्रेन-वेव एक्टीवेशन पद्धति में रोगी के अवचेतन मन को जगाकर भूली-बिसरी यादों को समझा जाता है, अवचेतन मन में कहीं गहरी दबी हुई वेदना का विश्लेषण होता है। इससे रोगी खुद अपने इलाज में थैरेपिस्ट के साथ हो लेता है जिससे रोग का निवारण आसान और स्थायी हो जाता है। मनोविकारों और मानसिक व्याधियों के निराकरण में तो यह पद्धति प्रभावी है ही, नशा छुड़ाने तथा खराब आदतें बदलने के अलावा, बहुत सी शारीरिक व्याधियों के निराकरण में भी इससे लाभ होता देखा गया है। यही कारण है कि मैं इसे कुदरत का करिश्मा कहता हूं क्योंकि इस पद्धति में खुद रोगी ही अपने इलाज में सहायक हो जाता है। समझने की बात यह है कि सभी रोगों के निवारण के लिए सिर्फ किसी एक पद्धति पर ही निर्भर रहना संभव नहीं है। ऐलोपैथी जहां रोग को समझने और रोग को डायगनोज करने में ज्यादा प्रभावी है, वहीं बीमारियों से तुरंत राहत और हार्ट-स्ट्रोक, ब्रेन-स्ट्रोक तथा दुर्घटनाओं के समय हमें ऐलोपैथी का सहारा लेना ही पड़ता है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस: नर्सों के समाज के लिए योगदान को नमन

**लेडी विद द लैंप के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी।लेडी विद द लैंप के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना की गई थी।**

**योगेश कुमार गोयल**

लेखक 33 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 203वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। लेडी विद द लैंप के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से लेडी विद द लैंप कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी।

1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

# राजस्थान में पायलट और गहलोत के बीच घमासान के चलते बिखराव के कगार पर पहुँची कांग्रेस

**पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलो की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोड़ने के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया। गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे।**

**योगेंद्र योगी**

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अनदेखी से राजस्थान में कांग्रेस दो फाड़ होने के कगार पर पहुंच गई है। पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलो की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोड़ने के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया।

गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे। इसी के साथ गहलोत ने एक तीर से दो शिकार करते हुए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी लपेट लिया। इससे भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। गहलोत ने वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार गिराने की कवायद में साथ देने से इंकार कर दिया था। इससे आगे एक ओर दांव चलते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बगैर कहा कि जिन विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह से रुपए लिए, वे उन्हें वापस लौटा दें। गहलोत यहां तक कह गए कि यदि विधायकों ने 10 करोड़ में से कुछ करोड़ खर्च कर दिए हैं तो इसकी भरपाई वे खुद कर देंगे या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से करवा देंगे। गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं। पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई? गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं। चुनावी वर्ष में प्रदेश में उठ रहे राजनीतिक बंवडरों की चपेट में आने से पूर्व मुख्यमंत्री राजे को भी तगड़ा झटका लगा है। लंबे अर्से से पार्टी में वनवास की हालत झेलने के बाद राजे ने केंद्र से अपने संबंधों में जो सुधार की कोशिश की थी, उससे नुकसान होना तय है। बड़ा सवाल देश जोड़ने के लिए यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के राजस्थान कांग्रेस में होते बिखराव को देखते रहने का है। कमोबेश पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पायलट-गहलोत विवाद में मूक दर्शक बने रहे। राजस्थान में गुर्जरों के निर्विवाद प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत के बीच ऐसी ठन गई है कि इसका समाधान अब कांग्रेस के बूते से बाहर हो गया है। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक प्रहार करने में जुटे हुए हैं। पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं दिए जाने से आहत पायलट ने लंबे अर्से तक घुटन झेलने के बाद खिलाफत का रास्ता अपनाया है। दो साल पूर्व की गई गहलोत सरकार की तख्ता पलटने की साजिश के बाद से ही पायलट कांग्रेस में हाशिए पर हैं। हालांकि विशाल किसान रैलियां निकाल कर पायलट अपनी ताकत का एहसास पार्टी को करा चुके हैं। पार्टी हाईकमान पायलट की भूमिका को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाए। इससे अनुभवी पायलट को अंदाजा लग गया कि पार्टी उनके साथ न्याय नहीं करेगी और न ही अशोक गहलोत के मामले में कोई निर्णय करेगी। इस राजनीतिक विवाद को लटकाने की कांग्रेस की रणनीति से आजिज आकर पायलट ने आक्रामक भूमिका अख्तियार कर ली। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा की मुख्यमंत्री रहीं वसुंधरा राजे के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना दिया था। सचिन ने दो साल पहले मौजूद पार्टी अध्यक्ष खरगे की मौजूदगी में बहुमत का प्रदर्शन करने वाले गहलोत के दो करीबी नेताओं पर कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर भी कई बार सवाल उठाए हैं। सचिन के उठाए इस अप्रत्याशित कदम ने राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेताओं को गंभीर राजनीतिक संकट में डाल दिया। खरगे और रंधावा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सचिन के लगाए आरोपों से कन्नी काट ली। देश में कांग्रेस जिस राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रही है, ऐसी हालत में मुख्यमंत्री गहलोत पर किसी तरह का दवाब डाल कांग्रेस विद्रोह को हवा नहीं देना चाहती। लेकिन पायलट को लेकर कांग्रेस की उलझन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने अनुशासनहीनता का आरोप लगा कर पायलट को दबाने का प्रयास किया। इससे पायलट ज्यादा भड़क उठे। उन्होंने रंधावा के बयान की परवाह नहीं की और गहलोत के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल लिया। कांग्रेस के यह कहने के बाद कि राजस्थान में अगला मुख्यमंत्री चुनाव के बाद तय होगा, गहलोत के समर्थकों ने अघोषित तौर पर उन्हें आगामी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रचारित करना शुरू कर दिया। कांग्रेस हाईकमान सहित दूसरे नेता ऐसे दुविधापूर्ण मामलों में बयान देने से बचते रहे। यह संभव है कि कांग्रेस हाईकमान पायलट और गहलोत के इस विवाद को टालता रहे, किन्तु विधानसभा चुनाव के करीब आने के साथ यह कांग्रेस में उठ रही असंतोष की ज्वाला निश्चित तौर पर बगावत के तौर पर उभरेगी।

# जलवायु परिवर्तन के जवाब में जन्म हड़ताल

डा. ओपी जोशी

सत्तर के दशक से जोर पकड़ते पर्यावरण प्रदूषण ने अब ऐसे जलवायु परिवर्तन तक की यात्रा पूरी कर ली है जिसमें माताएं बच्चों को जन्म तक देने से बचना चाहती हैं। उनका कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपभोग ने अव्वल तो आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा है और दूसरे, इस आपाधापी में पृथ्वी बर्बाद, बदसूरत होती जा रही है। इस आलेख में इस विषय को खंगालने की कोशिश करेंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट में चेतावनी दी गयी है कि अगर 2030 तक जलवायु परिवर्तन पर लगाम नहीं लगायी गयी तो आने वाली पीढिों के लिए पृथ्वी ग्रह रहने लायक नहीं रहेगा। जलवायु परिवर्तन से बाढ़, सूखा, जंगलों की आग, तापमान, वर्षा की तीव्रता, मरुस्थलीकरण और विभिन्न प्रकार के प्रदूषण बढ़ रहे हैं एवं कृषि पैदावार, वन क्षेत्र एवं जैव विविधता घट रही है। मलेरिया एवं डेंगू रोग बढ़ रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस कदर बढ़ गया है कि भविष्य में धरती की आबादी के लिए 4 से 6 पृथ्वी की जरूरत होगी। इस खतरनाक परिदृश्य से पैदा संकट को ध्यान में रखकर अमेरिका की युवा सांसद अलेक्जेंड्रीया ओकोसिया कार्टेज अपने इंस्टाग्राम पर लाखों फालोअर्स को समझा रही हैं कि आने वाले समय में बच्चों को भयानक प्राकृतिक आपदाओं को झेलना होगा। ऐसे में बच्चों को जन्म देना क्या उचित होगा? इस पर गंभीरता से विचार किया जाए।

कई प्रदूषणकारी पदार्थ गर्भवती महिलाओं के गर्भ-नाल (प्लेसेंटा) से गर्भस्थ शिशु तक पहुंचकर कई प्रकार की विकृतियां पैदा कर रहे हैं। ब्रिटेन की एक संगीतकार ब्लीथ पेपीनो ने अपनी कई महिला सहयोगियों के साथ निर्णय लिया है कि जलवायु परिवर्तन से पैदा विपरीत प्रभावों में सुधार नहीं होने तक वे गर्भधारण नहीं करेंगी। अपने इस निर्णय के प्रचार-प्रसार हेतु उन्होंने एक संगठन बर्थ-स्ट्राईक बनाया है जिससे हजारों महिलाएं जुड़ रही हैं। संगठन का कहना है कि वे बच्चों को ऐसी दुनिया में जन्म देना नहीं चाहतीं जहां उनके हिस्से के प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट कर पर्यावरण प्रदूषित कर दिया गया है। इस संगठन के लोगों ने जून 2019 में लंदन में जोरदार प्रदर्शन कर लोगों को बताया कि आने वाली पीढिों को बेहतर जीवनयापन के प्राकृतिक संसाधन नहीं मिल पायेंगे, इसलिए बच्चे पैदा नहीं करें। बर्थ-स्ट्राईक संगठन जलवायु परिवर्तन रोकने के लिए अमीर, विकसित देशों की सरकारों को गंभीरता से जल्द कार्यवाही करने हेतु विभिन्न माध्यमों से दबाव भी डालता है। पर्यावरणविदों ने भी कहा है कि महिलाओं का इस प्रकार का निर्णय उन्हें संतान-सुख के नैतिक अधिकार से दूर कर रहा है। पुरुष भी अब इस संदर्भ में सोचने लगे हैं।

वर्ष 2020 में अमेरिका की मॉर्निंग कंसल्ट एजेन्सी ने निःसंतान दम्पत्तियों के अध्ययन में पाया कि 04 में से 01 दंपत्ति ने बच्चे पैदा नहीं करने का कारण जलवायु परिवर्तन से पैदा विनाशकारी प्रभाव बताया। बच्चे कम या नहीं पैदा करने से प्राकृतिक संसाधनों के कम दोहन की बात से पर्यावरणविद एवं अर्थशास्त्री एक मत नहीं हैं।

कुछ का मानना है कि यह सही है, परन्तु ज्यादातर की मान्यता है कि वर्तमान पीढ़ी यदि प्राकृतिक संसाधनों का सीमित उपयोग करे, पुर्नउपयोग एवं रिसायकल करे तो संसाधनों की उपलब्धता आने वाली पीढिों के लिए बची रहेगी। बच्चे पैदा नहीं करने का डर या चिंता यह भी दशार्ती है कि आबोहवा तथा मौसम में आ रहे बदलाव अब शरीर के साथ मानव मन पर भी प्रभाव डाल रहे हैं। इस प्रकार से पैदा चिंता या डर को अमेरिकन सायकोलॉजिकल एसोसिएशन ने 2017 में इको-एंग्जायटी बताया था जिसका हिन्दी तात्पर्य है परिस्थितिकी चिंता या डर। कुछ मनोवैज्ञानिक इसे एक दम सही नहीं मानते, परंतु ज्यादातर का तर्क है कि जिस प्रकार सर्दियों में निराशा या हताशा के मामले बढ़ जाते हैं, ठीक उसी प्रकार मौसम में आये बदलाव भी नकारात्मकता, भय एवं चिंता के रूप में सामने आते हैं। हमारे देश में इसी वर्ष जनवरी में आयी जोशीमठ भू-धसान की आपदा से प्रभावित लोगों में फैले डर या चिंता को इको-एंग्जायटी माना जा सकता है।

भले ही इसका कारण प्राकृतिक कम एवं मानवीय हस्तक्षेप ज्यादा रहा हो। जनवरी में ही जोशीमठ के नगरपालिका परिसर में लगाये गये स्वास्थ्य शिविर में 50 प्रतिशत से अधिक लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) से ग्रसित पाये गये। चिकित्सकों ने बताया कि उनसे बात करने पर ऐसा लगा मानो उनका रक्तचाप (ब्लडप्रेशर) त्रासदी के कारण पैदा परिस्थितियों ने बढ़ाया है। पर्यावरणविदों एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से किये गये कई अध्ययन एवं सर्वेक्षण दशार्ते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ती बाढ़, सूखा, तेज गर्मी एवं बारिश, तूफान एवं भू-धंसान की घटनाऐं बहुत से लोगों को प्रभावित कर मानसिक विकार पैदा करेंगी, जैसे अवसाद, निराशा, चिंता, आक्रामकता, गुस्सा एवं आत्महत्या। जलवायु परिव

## संक्षिप्त खबरें

### तीन महीने से लापता किशोरी बरामद

मुजफ्फरपुर। गायघाट थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब हुए किशोरी को पुलिस ने जारंग चौक के समीप बरामद कर लिया। इस मामले को लेकर किशोरी के पिता ने पांच फरवरी को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें गांव के ही एक युवक पर अपहरण करने का आरोप लगाया गया था। प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि किशोरी का अपहरण नहीं वह अपनी मर्जी से किसी दूसरे युवक के साथ चली गई थी। जानकारी के मुताबिक वह तीन महीने से बंगाल में थी। जहां दोनो के बीच हुई अनबन के बाद वह चोरी छुपे अपने घर जा रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर जारंग चौक के समीप पुलिस ने उसे अपने हिरासत में ले लिया। उन्होनें बताया की किशोरी को कोर्ट में बयान दर्ज करवाने के बाद उसके पिता को सौंप दिया गया है।

### आशा संभालेंगी परिवार नियोजन की जिम्मेदारी, घर घर करेंगी प्रेरित

बोचहा सीएचसी में बुधवार को पहुंची रीजनल आशा कोऑर्डिनेटर नेहा कुमारी ने औचक निरीक्षण किया तो परिवार नियोजन की स्थिति ठीक नहीं देख नाराजगी व्यक्त की और बीसीएम से कहा कि आशा कार्यकर्ताओ को परिवार नियोजन की पूरी जिम्मेदारी सौंपी। जो घर घर जाकर हर दंपति को प्रेरित करेगी, तभी लक्ष्य को पूरा होगा। इस बीच टीम में शामिल रीजनल एकाउंट मैनेजर नरेश साहू, इंजीनियर सूरज कुमार ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए राष्ट्रीय कार्यक्रमों व अन्य विषयों पर चर्चा की। सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार का कहना है कि परिवार कल्याण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए आशा कार्यकताओं का अहम भूमिका है। जिनको परिवार नियोजन की आवश्यकता है। ऐसे लक्षित दंपतियों को उनकी पसंद के अनुसार गर्भ निरोधक साधनों जैसे- माला-एन, छाया, सी पिल्स एवं कंडोम उपलब्ध कराना है। इसके अलावा, जो महिलाएं अंतरा गर्भ निरोधक इंजेक्शन की सुविधा लेना चाहती हों उनको आशा स्वास्थ्य इकाई तक पहुंचना है। इसके साथ ही वह हर दंपति को प्रेरित करें, जो परिवार नियोजन करना चाहती हो। इस मौके पर आरबीएस के चिकित्सा पदाधिकरी डॉ विनोद कुमार, डॉ राजीव रंजन, मैनेजर आलोक कुमार, बीसीएम मिथिलेश कुमार, डाटा ऑपरेटर निरंजन कुमार, एएनएम बबीता कुमारी, जीएनएम श्वेता व अन्य उपस्थित थे।

### बच्चों में गणित फोबिया को दूर करेगा प्रशिक्षण शिविर

नई शिक्षा नीति के तहत गणित विषय को आमजन और विद्यार्थियों को आसान तरीके से समझाने हेतु बिहार में पहली बार ज्यामितीय प्रमेय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नवीन राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के रमन सभागार में किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग एवं दुर्गदारणी फाउंडेशन पटना के निर्देशन में शुरू की गई है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य सह सचिव राज्य प्रौद्योगिकी शिक्षा परिषद डॉ चंद्रशेखर सिंह, पंजाब से आए गणित विषय के विशेषज्ञ सह राष्ट्रीय प्रशिक्षक गुरमीत सिंह, प्रशिक्षक हरजिंदर गोगना, संस्था के उपाध्यक्ष हरि ओम उत्तम, सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष हर्ष रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण शिविर में पटना जिला के गणित विषय के शिक्षक के अलावा शिक्षा स्नातक और परास्नातक गणित विषय के अभ्यर्थी शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि आर्यभट्ट की धरती पर पहली बार आयोजित हो रहे ज्यामितीय प्रमेय पर प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों के माध्यम से प्रचार प्रसार करना है ताकि गणित विषय के प्रति भ्रांति दूर हो। नई शिक्षा नीति के तहत गणित विषय के प्रति समझ को आसान करने के लिए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। समय के साथ हुए शोध शिक्षकों को पढ़ाने में आसान साबित होगी। डॉ चंद्रशेखर ने कहा कि गणित विषय इंजीनियरिंग से ही संबंधित नहीं है आम जीवन में भी इसका महत्व है। पंजाब से आए गणित विषय के भारत सरकार के पेटेंट प्रशिक्षक विशेषज्ञ गुरमीत सिंह अब तक देश के 50 शहरों में 240 से ऊपर गणित विषय पर प्रशिक्षण उपलब्ध करा चुके हैं। गुरमीत सिंह जी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से ऐसे शिक्षक समाज और राज्य के सामने आएंगे जो विद्यार्थियों में गणित फोबिया को दूर करने में सक्षम होंगे। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के गणित फोबिया खत्म होगा। गणित के ज्यामितीय प्रमेय को आसान एवं प्रभावशाली, प्रैक्टिकल ढंग से सीखाने का बिहार में पहली बार मौका मिला है। सह प्रशिक्षक हरजिंदर गोगना ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन स्क्वायर रेक्टेंगल, ट्रायंगल, अल्टरनेट एंगल, वर्टिकल ऑपोजिट एंगल एवं कंप्लीमेंट्री और सप्लीमेंट्री एंगल पर मैथ टूल किट के साथ प्रशिक्षित किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में प्रथम दिन कुल 56 परीक्षार्थी शामिल हुए।

# युवक की हत्या परिजनों ने लगाया आरोप पुलिस जुटी मामले की छानबीन में

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के राजनगर थाना क्षेत्र के बलाठ गांव जाने वाले रास्ते में नाले के पास गुरुवार की सुबह एक युवक का शव स्थानीय लोगों ने देखा नाले में शव मिलने की जानकारी तेजी से पूरी इलाके में फैल गई। जिससे बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों के भीड़ जुटनी शुरू हो गई वही इस घटना की सूचना राजनगर थाना को दी गई सूचना पाते ही राजनगर थाना पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची घटनास्थल पर लगे लोगो की भीड़ को हटाया और नाले में पड़े शव को अपने कब्जे में लिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगो से शव की पहचान के लिए पुलिस के द्वारा पुछताछ करने के दौरान बरामद शव की पहचान कलुआही थाना क्षेत्र के मलमल गांव निवासी राजेश कुमार सहनी उम्र करीब 27 वर्ष पिता ओपी सहनी के रूप में हुई है। वही पुलिस ने बरामद हुए शव की पहचान के बाद इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई सूचना पाते ही मृतक के परिजनों मधुबनी सदर अस्पताल पहुंचे जहां मृतक राजेश कुमार सहनी के परिजन ने बताया कि मृतक युवक बीती रात अपने दोस्त के छेका का भोज खाने के लिए गया हुआ था उसी दौरान मृतक युवक राजेश कुमार साहनी के फोन पर किसी दोस्त का फोन आया जिसके बाद वह वहां से निकल गया मृतक युवक राजेश कुमार सहनी अपने घर से दूर रहकर आठ से दस वर्षों से ग्रेट इंडियन स्कूल में बच्चों को पढ़ाता था उसी दौरान स्कूल के ही एक शिक्षिका से प्रेम हो गया और वो लोग एक ही रास्ते से आया जाया करते थे।

प्रेम प्रसंग में ही राजेश कुमार सैनी की मौत हो गई है ये परिजनों का कहना है, वहीं इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रखा है इस घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के परिजनों से मृतक राजेश कुमार साहनी की बात बुधवार की देर शाम तक हुई और गुरुवार की सुबह आचनक परिजनों को युवक की मौत की खबर मिली। वही इस घटना के संबंध में जब राजनगर थाना प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने ने बताया प्रथमदृष्टि में शव को देखने से यह प्रतीत हो रहा है की युवक की हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। पुलिस कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# अलग अलग जगहों से तीन अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगहों से तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है रहिका थानाध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि मारपीट मामले में दो अभियुक्त कुंदन कुमार पिता बबलू कामत दूसरा.राकेश कुमार साकिन सौराठ मारपीट मामले में कई दिनों से फरार चल रहे थे। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है वही न्यायालय द्वारा निर्गत अधिपत्र के आधार पर एक वारंटी मैनेजर सहनी पिता भोगी साहनी सतलखा तीनों थाना रहिका जिला मधुबनी को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया है।

# एईएस कोर कमिटी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आज एईएस कोर कमिटी की बैठक हुई जिसमें बिंदुवार समीक्षा किया गया। जिले में 11 मामले अभी तक प्रतिवेदित हुए है। जो सभी सुरक्षित और निरोग है। पदाधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्रों में भ्रमण किया जा रहा है। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने पोषण क्षेत्र में सभी बच्चों का प्रत्येक दिन स्वास्थ्य का जायजा लेगी। संधारित पंजी पर हस्ताक्षर करेगी। पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर पंजी पर प्रतिहास्तक्षर करेंगे।

प्रभारी जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने आज विगत 4 वर्षों में प्रभावित 572 बच्चों के लिए 580 ˇ गुड रेड क्रॉस के सौजन्य से सभी सीडीपीओ के बीच वितरित किया गया। प्रति बच्चा 1 ˇ गुड दिया गया हैं।प्रत्येक मंगलवार को ब्लॉक लेबल टास्क फोर्स की बैठक अनिवार्य रूप से करने का निदेश दिया गया। उन्होनें कहा कि धरातल स्तर पर प्रत्येक घर तक जाकर कार्य करे। एएनएम लगातार आशा और आंगनवाड़ी सेविका की मीटिंग और मॉनेटरिंग करते रहेंगें। उन्होनें जीविका को भी समानांतर रूप से 0 से 10 वर्ष के बच्चों का सर्वे कर प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया गया। पीड़ित बच्चों के भौतिक सत्यापन हेतु केयर इंडिया, यूनिसेफ और डब्लूएचओ द्वारा फीड बैक प्राप्त किया जा रहा है। जिसमें आईसीडीएस को और अधिक क्षेत्र भ्रमण करने का निदेश दिया गया। महादलित टोलों एवं स्लम बस्तियों में विडियों वैन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा। बैठक में डीपीआरओ सिविल सर्जन, नोडल एईएस एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# धर्म परिवर्तन करा तालिफ ने दुबई में किया शादी, वापस इंडिया आकर रचाई दूसरी शादी

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। इधर दी केरला स्टोरी मूवी चल रही है, जो काफी चर्चित है और इसी से थोड़ी मिलती-जुलती कहानी निकल कर आई है, जो सोशल मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है। मामला उत्तरप्रदेश की रहने वाली एक हिंदू युवती का है, जिसे मोतिहारी के तुरकौलिया के रहने वाले एक दूसरे समुदाय के युवक तालिफ रेजा ने प्रेम जाल में फंसा कर दुबई ले गया और वहां धर्म परिवर्तन कराकर शादी कर लिया। शादी के कुछ समय साथ रहा और जब उसे मौका मिला तो पीड़ित लड़की के जेवर एवं पैसा लेकर वापस इंडिया भाग आया और यहां आकर दूसरी शादी रचा ली। जब युवती को इसकी भनक लगी तो जैसे-तैसे पता करते हुए उसके घर पहुंची, तो उसे घर के घुसने से रोक दिया गया, इसके बाद युवती धरना पर बैठ गई है। सोशल मीडिया पर छाई जानकारी के मुताबिक युवती यूपी के बुलंदशहर के पटानी थाना की रहने वाली है, जो नोएडा में रहकर पढ़ाई करने के साथ डोमिनाज में बर्गर टीम में कार्य करती थी, जहां तालिफ रेजा भी काम किया करता था। वहीं उनकी प्यार परवान चढ़ी। वर्ष 2018 ने तालिफ दुबई चला गया और वर्ष 2019 में उसने युवती को भी दुबई बुला लिया और धर्म परिवर्तन कराते हुए अपने रीति रिवाज के अनुसार विवाह कर लिया। इधर युवती एक ब्यूटी पार्लर में काम करने लगी। सब कुछ ठीक चल रहा था, तभी युवती ईलाज के लिए इंडिया आई और जब वापस अक्टूबर 2022 में गई तो उसका पति किराए के घर में रखे उसके जेवर और पैसा लेकर फरार था और जब वह इंडिया आकर पता की तो ये मामला सामने आया। उक्त सभी आरोप लगाती हुई, युवती रो-रो कर इंसाफ की गुहार लगा रही है। अब मामला जांच के बाद सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

# पत्रकारों को झूठा मुकदमा में फंसाने का काम कर रही पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। गुरुवार को प्रेस क्लब में जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष शालिग्राम सिंह की अध्यक्षता में पत्रकारों की बैठक हुई। जिसमें पत्रकार सुधांशु पाठक को पुलिस के द्वारा हत्या के मुकदमा में फंसाने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज देने के मामले पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शामिल सैकड़ों पत्रकारों बेगूसराय पुलिस की रवैए के खिलाफ में एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में पत्रकार सुधांशु पाठक को बेगूसराय पुलिस के द्वारा एक साजिश के तहत फंसाने के विरोध में जिले में विशाल पत्रकारों का धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इस मामले को सीआईडी से जांच कराने की मांग की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि पत्रकार को लगातार पुलिस के द्वारा टारगेट किया जा रहा है। क्योंकि पत्रकार पुलिस के खिलाफ लगातार खबर प्रसारित कर रहे हैं और इसके एवज में पुलिस के द्वारा झूठे मुकदमा कर पत्रकारों को प्रताड़ित करने का भी काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में पुलिस के खिलाफ उग्र आंदोलन करने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पत्रकार गोपाल कुमार, अशोक राय, राजेश सिंह, पवन बंधु सिन्हा, धनंजय झा, संतोष कुमार, जितेन्द्र कुमार, पंकज झा, अजय शास्त्री, संजय कुमार, कौनैन अली, प्रभात कुमार, अवधेश कुमार, जीवेश तरुण, रामकुमार, मो. मुमताज, नबी आलम, आकाश कुमार समेत अन्य पत्रकार मौजूद थे।

# मुजफ्फरपुर के लोक कलाकार शांति का अलख जगा रहे छत्तीसगढ़ में

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। हिंसा और खून खराबा को समाप्त करने के उद्देश्य से मुजफ्फरपुर के लोक कलाकार सुनील कुमार,संयोजक सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान बस्तर संभाग के अलग अलग प्रखंडों, जिला में छत्तीसगढ़ में शांति का माहौल कायम हो ,इसको लेकर मोहला मानपुर,कोंडागांव,नारायणपुर जिले में गीत संगीत,अभिनय,नुक्कड़ नाटक,कठपुतली के माध्यम से अहिंसा के प्रति लोगो को जागरूक कर रहे हैं और बदले की भावना को त्याग आपस में भाईचारा का संदेश जन जन तक अपनी कला के माध्यम से पहुंचा रहे हैं। लोक कलाकार सुनील कुमार का मानना हैं हिंसा और टकराव से भरे बस्तर में शांति संभव है। इसके लिए हम सभी को मिलजुल कर प्रयास करने की जरूरत हैं। हिंसा और खून खराबा छत्तीसगढ़ के विकास में बाधक हैं। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोगो के मन से डर,भय आक्रोश को समाप्त होना जरूरी हैं।नक्सल समस्या के कारण लोग अपने गांव को छोड़ कर दर दर भटकने के लिए मजबूर हैं।हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से जगह जगह ह्लचैकले मांदीह्वसुख शांति के लिए बैठकें की जा रही हैं। बस्तर संभाग में चल रहे सुख शांति बैठक में सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकर सुनील कुमार गीत गाते हुए, नुक्कड़ नाटक, अभिनय तो कभी कठपुतली के माध्यम से तो कभी मदारी -जमुरा का खेल दिखा कर बस्तर क्षेत्र में शांति एवं हिंसा खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। लोक कलाकार सुनील कुमार का कहना हैं कि अंगुलिमाल डाकू था, लेकिन महात्मा बुद्ध ने अपने वातार्लाप के प्रभाव से उसका ह्रदय परिवर्तन किया, और दस्यु प्रकृति से छुटकारा दिलाया ' उसी भाव को सामने रख कर हमलोग बस्तर के निवासी को नक्सली समस्या से छुटकारा न मिलने के कारण और उसके समाधान प्रस्तुत करने की दिशा में प्रयास कर रहे है।नक्सलियौं को भय से नहीं, प्रेम से बदलने तथा शासन में बैठें लोग,जनप्रतिनिधि,बुद्धिजीवी समाज से कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ में शांति स्थापना का आग्रह कर रहे हैं।

# नकाब ओढ़े समाज का सच बयां करती हैं मंटो की कहानियां : चंद्रभूषण सिंह चंद्र

ब्रह्मानन्द ठाकुर,
प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।. सआदत हसन मंटो की कहानियां समाज को उधेड़ कर उसकी आंतरिक सच्चाई उजागर करती है। सच को सच लिखने में उन्हें न ही कोई गुरेज रहा, न ही कोई हिचक। कथित सभ्यता का नकाब ओढ़े इंसानी समाज को चुनौती देती उनकी कहानियां समाज की नंगी और कुरूप सच्चाइयों को बयां करती हैं। कभी वे रिश्तों का कीचड़ लिखते हैं, तो कभी शर्मसार कर देने वाली इंसानियत के बारे में। स्त्री की विविध भावनाओं व विभाजन की त्रासदी दशार्ती उनकी कहानियां उन्हे लीक से अलग कर दोहरे समाज में बदनामियों के बीच शोहरत दिलाने वाली है। साहित्य भवन कांटी में गुरुवार को आयोजित सआदत हसन मंटो की जयंती समारोह में नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने यह बातें कही। मंटो के लेखन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि मंटो ने सच से पर्दा उठाने की कोशिश में अश्लीलता का आरोप झेला। मुकदमे झेले,अदालत गए व जुमार्ना भी हुआ। मंटो को अदालतों व बैठकों में खुलकर बोलने वाले के तौर पर पहचाना जाता था। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि मंटो सिर्फ 42 बरस आठ महीना ही जी पाये,जिसमें लेखन के तकरीबन 20 साल में उन्होने 270 कहानियां,100 से अधिक ड्रामे, फिल्मों की कहानी व संवाद के साथ ढेरों नामवर व गुमनाम शख्सियत के रेखाचित्र भी लिखे। परशुराम सिंह ने कहा कि मंटो के लिखे अफसाने दुनिया में तहलका मचा देते थे। उनपर मुकदमे चले व पाकिस्तान में तीन महीने की कैद व जुमार्ना भी हुआ। फिर भी उसी पाकिस्तान में उन्हें मरने के बाद उनको मुल्क के सबसे बड़े नागरिक सम्मान निशान- ए- इम्तियाज से नवाजा गया। चंद्रकिशोर चौबे ने कहा कि मंटो ने अफसाने को हकीकत व जिंदगी से बिल्कुल करीब कर दिया है। ठीक वैसा ही लिखते हैं, जैसा है, जैसा नजर आता है। जो बिल्कुल साफ नजर आता है उसे उकेरना और जो बिल्कुल छुपा हुआ है,उसे उजागर करना ही मंटो का लेखन है। पिनाकी झा ने कहा कि कहानी लेखन में मंटो की वही हैसियत है,जो शायरी में मीर व गालिब की। उन्होंने शोहरत की तरह ही बदनामी कमाई थी और यही उनकी रचनात्मक विलक्षणता की वास्तविक कमाई थी। जयंती समारोह में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में महेश प्रसाद,मनोज मिश्र,राकेश कुमार राय, रोहित रंजन,प्रकाश कुमार शामिल थे।

# बखरी में रेलवे की भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। खगड़िया-समस्तीपुर रेलखंड के मध्य सलौना रेलवे स्टेशन के निकट गुरुवार को रेलवे की अतिक्रमित भूमि को अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जानकारी के अनुसार बखरी के सीओ सह प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी शिवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान स्टेशन परिसर के आसपास व बखरी मुख्य बाजार स्थित ढाला के समीप अतिक्रमणकारियों की झोपड़ी एवं अन्य दुकानों को बुलडोजर से तोड़कर खाली कराया गया। इस बीच आगे-आगे पदाधिकारी और पीछे पुलिस की टोली सक्रिय दिखाई दी। अभियान प्रारंभ होते ही रेल परिसर में अफरातफरी मच गई। कई लोग आरजू विनती करते दिखे। लेकिन प्रशासनिक पदाधिकारियों ने किसी की भी एक नही सूनी। बताते चलें कि प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा पूर्व में ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस कर अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद भी अतिक्रमणकारी अपने आदतों से बाज नहीं आए। तब जाकर अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारी दुकानदारों में हड़कंप का माहौल दिनभर देखा गया। प्रशासन का कड़ा रुख देखते हुए कई दुकानदारों ने तो स्वतः अपनी दुकान खाली कर झोपड़ी तक हटा ली। उल्लेखनीय है कि रेलवे प्रशासन द्वारा इस तरह का अतिक्रमण अभियान साल में एक-दो बार अवश्य चलाया जाता है। जिसके कारण पूर्व की भांति अब रेलवे की जमीन पर कोई स्थाई अतिक्रमण देखने को नहीं मिलता है। मौके पर बखरी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर हिमांशु कुमार सिंह, परिहारा ओपीध्यक्ष चन्द्र प्रकाश महतो, एसआई पुष्पलता, मनीष कुमार पंडित एएसआई शिवनारायण सिंह, रेलवे आरपीएफ के एएसआई संजीत दास, अशोक कुमार के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# घायल मजदूर की मौत पर लोगों ने किया एनएच जाम

प्रात : किरण संवाददाता

बरौनी, बेगूसराय। इलाज के दौरान घायल मजदूर की मौत से आक्रोशित लोगों ने गुरुवार को एनएच 28 को तीन घंटे तक जाम रखा। मृतक की पहचान बरौनी थाना क्षेत्र के असुरारी निवासी चन्द्रदेव यादव का 35 वर्षीय पुत्र ललन यादव के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ललन यादव ट्रक से बालू-गिट्टी इत्यादि लोडिंग व अनलोडिंग का काम करता था। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले वह जीरोमाइल से एक ट्रक पर सवार होकर वीरपुर थाना क्षेत्र में गिट्टी अनलोडिंग करने पहुंचा। जहां ट्रक की चपेट आकर घायल हो गया। साथ में काम करने गए मजदूरों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बुधवार की देर रात उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीण और परिजन शव लेकर बरौनी ब्लॉक के समीप मोती चौक पर एनएच 28 को जामकर यातायात ठप कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोग मृतक मजदूर के परिजनों को मुआवजा की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन पहुंची। लेकिन लोग कुछ सुनने को तैयार नहीं थे। करीब तीन घंटे के बाद बरौनी थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार, तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह, बरौनी बीडीओ वीरेन्द्र कुमार सिंह, बीहट नगर परिषद चेयरमैन बबीता देवी ने लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम समाप्त कराया। तत्काल मृतक के पत्नी को परिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार का चेक प्रदान किया गया। विधायक एवं अधिकारियों ने सरकारी प्रावधान के अनुसार अन्य सहायता दिलाने का भी आश्वासन दिया। जिसके बाद शव को हटाकर एनएच पर यातायात सुचारु किया जा सका। मौके पर अशोक सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शंभू सिंह, विकास कुमार, लालबाबू, मुकेश कुमार, सुन्दर कुमार आदि उपस्थित थे।

# यू डी आई डी निर्माण हेतु विस्तृत कार्य योजना के निर्माण हेतु बैठक हुई

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी उप विकास आयुक्त विशाल राज की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में जिले के शून्य से अठारह आयुवर्ग के दिव्यांगजनों को विकलंगता प्रमाण पत्र जारी करने एवं यू डी आई डी निर्माण हेतु विस्तृत कार्य योजना के निर्माण हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिले के शून्य से अठारह आयुवर्ग के सभी दिव्यांगजनों की दिव्यांगता जांच दिव्यांगता प्रमाण पत्र का निर्माण और यू डी आई डी का निर्माण किया जाना है। ऐसे में जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त दिशानिर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों के पंचायतवार दिव्यांगता सूची का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षा विभाग द्वारा निर्मित सूची उपलब्ध कराई जा चुकी है। विभागीय दिशनिर्देश के अनुसार बाल विकास परियोजना और सामाजिक सुरक्षा के कार्यालय स्तर से निर्मित सूची में यदि नए नाम पाए जाते हैं तो उनसे प्रखंड स्तरीय सूची को पुख्ता स्वरूप प्रदान करने का काम किया जाएगा। अतः बाल विकास परियोजना और सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा भी अपने अपने स्तर से दिव्यांगजनों की सूची उपलब्ध कराई जा रही है। इससे किसी भी दिव्यांग के छूट जाने के अवसर नगण्य होंगे। ऐसे में उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द उक्त सूची को तैयार कर लिया जाए। ताकि, प्रखंड स्तरीय कैंप के आयोजन को लेकर तिथियों का निर्धारण किया जा सके।उप विकास आयुक्त ने कहा कि शून्य से अठारह आयुवर्ग के मानसिक, अस्थि, श्रवण एवं दृष्टिबाधित सभी श्रेणी के दिव्यांगों के लिए इन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उक्त बैठक में डीपीओ सर्वशिक्षा, कुंदन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी राजीव रंजन देसाई, एडीपीसी, सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मौसम ने दिखाया रौद्र रूप, सूरज उगल रहा आग

प्रात : किरण संवाददात

मुजफ्फरपुर। मौसम फिर एकबार उग्र रूप धारण कर चुका है. पछुआ हवा और अधिक तेज हो गयी है ,जिसके कारण तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग की ओर से फिर से भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है।डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र व भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 14 मई तक के लिए पूवार्नुमान जारी किया है। इस अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के बादल रह सकते हैं।आमतौर पर मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 22 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहनै की समू है।सापेक्ष आद्रर्ता सुबह में 70 से 75 प्रतिशत तथा दोपहर में 45 से 50 प्रतिशत रहने की संभावना है।. पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 10 से 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है।12 मई को पुरबा हवा भी चल सकती है।

# आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध होगा कार्रवाई : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा आज समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से पंचायत उप निर्वाचन 2023 एवं नगर पालिका आम निर्वाचन 2023 के सफल आयोजन के परप्रेक्ष्य में जिले के सभी अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी व सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पंचायत उप निर्वाचन एवं नगर पालिका आम निर्वाचन को लेकर बारी बारी समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने आदर्श आचार संहिता को प्रभावी तरीके से लागू करने पर जोर देते हुए विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पूरी सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करवाने एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई का भी निर्देश दिया।उन्होंने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों से बंध पत्र लिखवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में निर्वाचन कार्य संपन्न करवाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसके अतिरिक्त सभी संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के लिए बज्र गृह एवं मतगणना स्थल के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सभी सुविधाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से स्थलीय निरीक्षण के निर्देश भी दिए हैं।उक्त बैठक में समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में उप विकास आयुक्त विशाल राज, नगर आयुक्त अनिल चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, अमेत विक्रम बैनामी, डायरेक्टर डीआरडीए, किशोर कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रशांत शेखर, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, शंभू प्रसाद यादव, जिला कोषागार पदाधिकारी, कन्हैया लाल गोस्वामी, डीसीएलआर सदर, राकेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त

असरगंज। असरगंज थाना क्षेत्र के शंभूगंज मार्ग के कष्टकारी मोड़ के पास एक बाराती वाहन पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। बाराती मुंगेर जिला के झौआ बहियार से शंभूगंज जा रहा था। घायलों का ईलाज असरगंज पीएचसी में कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही असरगंज थाना के पुलिस ने पीएचसी जाकर घटना के कारणों का जांच हेतु घायलों से पूछताछ किया। तीनों को मामूली चोट लगी है।

### युवक ने शिक्षक पर किया हमला, घायल

पूर्णिया/केनगर। प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी में नामांकन कराने पहुंची छात्रा के साथ आए एक युवक ने नाम पंजीकृत नहीं करने पर आक्रोशित होकर प्रशासी वरीय शिक्षक पर लोहे के बॉक्सर से हमला कर सिर फोड़ लहू- लूहान कर दिया। घायल वरीय शिक्षक का नाम अरविंद कुमार अमन बताया जाता है। जानकारी के अनुसार छात्रा निराली प्रवीण पिता फिरोज आलम अपनी माता सहजादी खातून एक अन्य युवक मो सियम पिता मो इमाम उद्दीन निवासी बिठनौली पूरब वार्ड संख्या 10 के साथ विद्यालय पहुंची और नौवीं कक्षा में नामांकन करने की मांग वरीय शिक्षक अरविंद कुमार अमन से की। वरीय शिक्षक ने 11वीं कक्षा के टर्मिनल परीक्षा के अलावा जातीय जनगणना में पर्यवेक्षक रहने और प्रखंड कार्यालय में गणना के कागजात जमा करने की व्यस्तता दशार्ते हुए बुद्धवार को नामांकन लेने में असमर्थता व्यक्त की है। इस पर छात्रा के साथ आये युवक मो सियम ने हाथ में लोहे का बॉक्सर पहन गाली गलोज करते हुए वरीय शिक्षक के सिर पर वार कर दिया। जिससे शिक्षक घायल हो गये।

### गैस सिलिंडर के विस्फोट से 14 घर व दुकान जलकर हुआ राख, लाखों की क्षति

पूर्णिया/ केनगर। थाना क्षेत्र के गोकुलपुर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में लगभग दोपहर 12 बजे गैस सिलेन्डर में विस्फोटक के कारण आग लग गयी। आग लगने से 17 व्यक्ति का 14 घर व दुकान जलकर खाक हो गया। आग जैसे ही फैली लोगों ने बनमनखी एवं केनगर थाना में मौजूद दमकल को फोन कर सूचना दी। आनन फानन में दमकल की गाडी.पहुंच कर आग को बुझाने में मदद किया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग की खबर सुनकर मौके पर पहुंचे केनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, राजस्व पदाधिकारी शिल्पी कुमारी, गोकुलपुर राजस्व कर्मचारी सुधीर कुमार गोकुलपुर मुखिया नीरज मेहता, पैक्स अध्यक्ष मो कामिल मुजाहिद, कुन्दन यादव ने लिया जायजा। पीडित परिवार को सभी लोगों ने बंधाया ढांढ़स। केनगर अंचलाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि कुल 17 पीडित परिवार के सदस्यों के बीच एक एक कम्बल और प्लास्टिक फिलहाल दिया गया है। सभी को तेरह तेरह हजार रुपए का चेक प्रदान किया जायेगा। जिसमें मो समीद पिता फटकन, मो कासिम पिता मो मगरू मियां, मो अब्बास पिता मो मगरू, मो सिराज पिता मो मगरू, मो मुख्तार पिता मो समीद, मो इसराइल पिता मो समीद, मो मंगल पिता मो पपूल, इब्राहिम पिता पपूल, मो तारीख पिता मो मुगल, मो जाहीद पिता मो मुस्लिम, मो ताहिर पिता मो मुस्लिम, मो रज्जाक पिता मो मुस्लिम, मो हदीस पिता स्व सुदी, वहीं मनोज मेहता का पूरा टेंट सामान एवं नगद रूपया जलकर खाक हो गया।

### देश में हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धिः खेमका

पूर्णिया। सदर विधायक विजय खेमका ने कहा कि देश में हवाई यात्रिओं की संख्या लगातार वृद्धि हो रही है यह देश की समृद्धि की ओर इंगित करता है। श्री खेमका ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश में हवाई यात्रियों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि यह बताता है कि लोगों की व्यय क्षमता में वृद्धि हुई है। लोग अब बस और ट्रेन के अलावा प्लेन में भी सफर करने में सक्षम है। श्री खेमका ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में प्लेन से सफर करने की बात कोई आम आदमी सपने में भी नहीं सोच सकता था। उड़ाने इतनी कम थी, आसमान में हवाई जहाज का देखना अचंभित करता था। बच्चे आसमान में हवाई जहाज देखकर तालियां बजाते थे लेकिन आज स्थितियां बदल गयी है। हवाई जहाज बस और ट्रेन की तरह सर्व सुलभ है। श्री खेमका ने कहा कि मोदी सरकार ने न सिर्फ लोगों की क्रयशक्ति बढ़ा कर प्लेन से सफर करने की क्षमता प्रदान की, बल्कि हवाई सेवाओं का विस्तार भी किया। भारत में हवाई यात्रियों की संख्या रिकॉर्ड 1.3 करोड़ के स्तर पर पहुंच गयी है। घरेलू एयरलाईन्स ने मार्च में 13 मीलियन यात्रियों के सफर कराने का रिकॉर्ड बनाया, जो 2018 -19 के इसी महीने की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। श्री खेमका ने कहा कि घरेलू विमान सेवाओं के यात्रियों की संख्या जनवरी-मार्च 2023 के दौरान 375.04 लाख रही, जबकि जनवरी-मार्च 2022 की अवधि के दौरान यह संख्या 247.23 लाख थी।

# मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर ताला जड़, कार्य का किया बहिष्कार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के दर्जनों पारा मेडिकल के छात्र छात्राओं ने कॉलेज के मुख्य द्वार को बंद कर अनिश्चितकालीन कार्य का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए, साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान धरनार्थी छात्रों ने प्रोफेसर व चिकित्सकों को कॉलेज परिसर में घुसने से मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रवेश करने से बाधित कर दिया। चिकित्सक अपने जरूरी कार्य हेतू बगल के रास्ते से लगे लोहे की बाउंड्री छड़प कर कॉलेज परिसर में घुसे। वही कॉलेज परिसर में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे कई मृतकों के शव को सड़कों पर ही घंटो खड़ा कर दिया था। दरअसल छात्र छात्राओं की मांग है

की उनका सत्र नियमित किया जाए, अवधि से लंबित परीक्षाफल को घोषित कर पारामेडिकल काउंसिल का गठन किया जाए, साथ ही पारा मेडिकल के छात्रों को छात्रावास की सुविधा दी जाए। ऐसे कई मांग को रखते हुए छात्रों ने कहा की दो साल के सत्र में पांच साल लग गया है, लगातार धरने पर बैठते हैं लेकिन कोई सुनवाई नही होती है, अगर मांगें नहीं मानी गयी तो उग्र आंदोलन होगा, साथ ही भूख हड़ताल पर भी बैठेंगे। वही बरारी थाना पुलिस पदाधिकारी मामले की गम्भीरता को देखते हुए मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराने को लेकर मौके पर पहुंच धरनार्थी छात्र छात्राओं से बात चीत करने के साथ बल का प्रयोग करते हुए मुख्य द्वार के लगे ताले को खोलवाने के साथ मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवाकर अपने गन्तव्यं स्थलों पर भेज दिया।

## कल तक जो बच्चों के साथ रहते थे अपने घरों में, देखते ही सड़क पर आ हुए खड़े

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। नाथनगर प्रखंड क्षेत्र के अजमेरिपुर बैरिया में भीषण अगलगी घटना होते ही कई परिवार के खुशियों को आगलगी ने जिंदगी बैरंग व वीरान कर दिया है। ज्ञात हो कि पछुवा हवा व तेज सूर्य की तपिश ने खुशहाल गांव को उजाड़ कर बिरान बना दिया है। के इतनी तेज चली की देखते ही देखते कई घर आग की जद में समाहित हो गया मामला जब शांत हुआ तब मालूम पड़ा कि गांव के 2 सौ घरों को आग ने अपने चपेट में ले राख की ढेड़ में तब्दील कर दिया है।

कल तक जो ग्रामीण परिवार अपने बच्चों के साथ घर मे रहते थे वो अब सड़क पर आ गए हैं। जहां तहां खेतो में या फिर पन्नी के तिरपाल के सहारे रहने को विवश हैं। वही आगामी समय में ग्रामीण राजीव के दो बहनों पूनम और चांदनी की शादी होने वाली थी, कल सगुन होना था, जिसकी सारी तैयारियां पूरी करने में पूरा परिवार जुटा हुआ था, लेकिन प्रकृति को कुछ और ही मंजूर था। आग ने ऐसा कहर बरपाया की बदन पर पहने कपड़े के अलावे और कुछ शेष नहीं बचा। वही घटना से आहत हुए परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं मामले को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी व उनकी टीम मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों का हाल जाना साथ ही सामुदायिक किचन को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं एसडीओ ने अधिकारियों व गांव के लोगों के साथ जमीन पर बैठकर ही सामुदायिक किचन का खाना खाया। एसडीओ ने कहा कि क्षतिपूर्ति का आकलन किया जा रहा है, जल्द ही मुआवजा राशि की राहत दी जाएगी। वही घटना से पीड़ित परिवारों को अब सरकार से मदद की आश है, उन्हें उम्मीद है सरकार इनपर अपनी नजरें इनायत करेंगी, और फिर इनके दिन बहुरेंगे।

## छात्र के सकुशल घर वापसी से परिवार के बीच खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज के मसदी गाँव के छात्र रोशन कुमार की अपने घर वापसी पर उन्होंने मनिपुर में हिंसा के दौरान हुए घटना को लेकर कहा कि वहां के लोगों के दर्द को शब्दों में बया कर पाना मुश्किल है। ज्ञात हो कि मनिपुर में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा में लाखों घर गलत अफवाहों के बजह से आग की भेंट चढ़ गया। वही इस घटना की चपेट में आकर कई लोगों की जान जाने बात कही है। भागलपुर सुलतानगंज के मसदी पंचायत के मसदी गाँव के रहनेवाले किसान संतोष मंडल के पुत्र रोशन कुमार मनिपुर हिंसा से सकुशल अपने घर वापस लौटने पर राहत की सांस ली है। वही मसदी गाँव के छात्र रोशन कुमार ने बताया कि तीन वर्षो से मनिपुर के इमफाल पश्चिम जिला के लेगोल शहर में रहकर एनआई टी कॉलेज में बीटेक कोर्स की तैयारी कर रहे थे। 25 दिनों से चल रहे मनिपुर के सटे दुसरे जिले चुरा चन्द्रपुर में हो रही दो समुदायों के बीच हिंसा प्रर्दशन की

खबर देखी जा रही थी, जो मनिपुर के कई जिले में द्वेषपूर्ण आग की चपेट में आने पर कई लोगों की मौत हो गई है। हमारे जिले इमफाल पश्चिम में भी कॉलेज एनआईटी के समिप दो समुदायों के बीच हिंसा होने पर कॉलेज सहित पुरे ईलाको एंव बजारों में कर्फ्यू लागू होने पर हम लोगों को बाहर निकलना मुसकिल हो गया था। दो से तीन दिनों तक बिहार के लगभग 350 छात्र एंव छात्राएं भुखे रहकर किसी तरह अपना जान बचाने के साथ डर डर कर जीवन व्यतीत कर रहे थे। तभी कॉलेज के द्वारा सीआरपीएफ के सुरक्षा बलों को बुलाकर हम लोगो को इमफाल हवाई अड्डा तक पहुचाकर हवाई जहाज द्वारा गुहाटी लेजाया गया और वहाँ से अवद असम ट्रेन से नबगछिया के रास्ते भागलपुर होते हुई सुलतानगंज के मसदी गाँव अपने घर बाई रोड पहुचने पर बहुत परिजनों ने खुशी के साथ राहत की सांस ली। वही अपने पुत्र की सकुशलता की चिंता में डूबे छात्र के माता पिता ने अपने बेटे की घर वापसी को लेकर बताया कि बहुत घबरा गये थे कि मेरा पुत्र कैसे वापस घर लौट कर आये। वही अपने पुत्र के घर वापस लौटने पर खुशी का माहौल बन गया। वही मामले को लेकर मसदी पंचायत के मुखिया निशा देवी सहित अन्य लोगों ने भी छात्र रोशन कुमार के घर सकुशल वापसी के बाद मुलाकात करते हुए मनिपुर कि हिंसक घटना की जानकारी लेते हुए छात्र रोशन कुमार को शुभकामनाएं एंव बधाई दी इस दौरान उन्होंने सरकार से भी आग्रह करते हुए कहा कि मणिपुर हिंसा के चक्र जाल में फंसे छात्र को सकुशल उनके माता पिता के पास वापस लाया जाये। बिहार के दर्जनों छात्र जो मनिपुर में फंसे हुए हैं उसे जिन्दा वापस लाते हुए परिजनों को सौपा जाए, जिससे छात्र व छात्राओ के माता पिता अपने परिवार के साथ खुशीहाली जीवन जी सके।

## 250 से अधिक लोगों को कराया सदस्यता ग्रहण

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी पूरी तरह से 2024-25 के चुनावी मूड में दिख रहे हैं। वहीं प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद से ही उन्हें बिहार का योगी भी कहा जाने लगा है, लोकसभा चुनाव में अब चंद महीने ही शेष बचे हैं, ऐसे में सम्राट चौधरी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। नियुक्ति के बाद से ही वह सूबे के अलग-अलग जिले में जाकर कार्यकताओं में जोश भरते दिख रहे हैं, साथ ही बड़ी संख्या में आरजेडी और जदयू समेत दूसरे पार्टी से आए लोगों का सदस्यता ग्रहण करने के साथ भाजपा में शामिल करवा रहे हैं। इसी कड़ी में साईं नगर कॉलोनी, शाहजंगी में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें खुद भाजपा के फायर ब्रांड नेता और प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी तकरीबन 250 से भी अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण करवाकर भाजपा में शामिल करवा दिया है। सबसे खास बात इसमें यह है कि भाजपा में शामिल होने वाले प्रायः तर सभी लोग यादव समुदाय के हैं। मिली जानकारी के अनुसार यह प्रदेश भर में पहला ऐसा मौका है, जब इतनी संख्या में एक साथ यादव समाज के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। वहीं एक ओर जहां इसको लेकर भाजपा काफी उत्साहित दिख रही है, वहीं दूसरी पार्टियां खासकर राजद के कार्यकताओं की इससे बेचैनी निश्चित रूप से बढ़ गई है। कार्यक्रम के संयोजक मनीष यादव ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के आगमन को लेकर तैयारी की गई थी। वही भाजपा के राष्ट्रीय परिसद के सदस्य अभय वर्मन ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा हैट्रिक लगाने जा रही है। भारी-भरकम बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाएगी और 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने दम पर बिहार में अपनी बहुमत के साथ सरकार भी बनाएगी।

## आगामी 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो।

भागलपुर। राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों को समझौते के माध्यम से सुलझाने का एक वैकल्पिक मंच है। मंच के माध्यम से सभी प्रकार के सिविल वाद व ऐसे अपराधों को छोड़कर जिसमें समझौता वर्जित है, वैसे लंबित मामले को निशुल्क निपटाए जा सकता हैं, साथ ही लोक अदालत के फैसले के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में अपील नहीं की जा सकती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर भागलपुर में आयोजित होगा। आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार

भागलपुर की सचिव ज्योति कुमारी द्वारा कई विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां पूरी कर ली है, उन्होंने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अनुमंडल राजस्व सिविल, परिवारिक विभाग भरण पोषण, विद्युत, पानी, एक्सीडेंटल क्लेम, श्रम संबंधी, बैंक कर्ज सेटेलमेंट व ट्रैफिक के चालान संबंधित मामले की सुनवाई होनी है, जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। राष्ट्रीय लॉक अदालत में कुल 26 बेंच में अट्ठारह, नवगछिया में 6 और कहलगांव में 2 बेंच बनाए जा रहे हैं, जिससे केस के निष्पादन में आसानी हो सकेगी। वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार भागलपुर की सचिव ज्योति कुमारी ने बताया कि पिछले बार से ज्यादा केस इस बार निष्पादित किए जाएंगे, साथ ही उन्होंने बताया इस बार भागलपुर, नवगछिया व कहलगांव के एक एक गांव में जागरूकता रथ निकाली गई है, जो भ्रमण कर लोगों को इस राष्ट्रीय लोक अदालत में केस निष्पादन के लिए जागृत भी किया जा रहा है।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने किया, भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर (भागलपुर)। भारतीय जनता पार्टी बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी व पूर्व केंद्रीय मंत्री सह प्रवक्ता सैय्यद शाहनवाज हुसैन का भागलपुर से बॉका दौरे पर जाने के क्रम मे जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी चौक, खिरीबांध व जगदीशपुर बाजार के मुख्य सड़क मार्ग पर संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, माला, एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर पीरपैंती विधायक ललन पासवान, कहलगांव विधायक पवन यादव, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, निवर्तमान जिलाध्यक्ष रोहित पाण्डेय, नाथनगर विधानसभा प्रभारी कन्हाई मंडल, जगदीशपुर निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार झा, मंडल अध्यक्ष वैद्यनाथ मंडल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मंटू झा, पूर्व जिला अध्यक्ष नभय चौधरी, अर्जित शाश्वत चौबे

सहित भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे। वही ग्रामीणों एवं जन प्रतिनिधि व कार्यकताओं ने आवेदन के माध्यम से मालदा डिवीजन के अंतर्गत टेकानी स्टेशन पर राजेन्द्र नगर पटना एक्सप्रेस व कबीर गुरु एक्स प्रेस के अलावा अन्य एक्सप्रेस रेल की ठहराव के मांग की। जिससे जगदीशपुर क्षेत्र के कतरनी चावल व चूड़ा के व्यवसायी को बड़े शहर में व्यापारी के सम्पर्क करने के साथ कतरनी चावल का बिजनस करने में सुविधा मुहैया हो सके। उक्त आवेदन पर प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने ग्रामीणों से कहा कि हम इस कार्य के लिए जीजान से लगे हुए हैं, जल्द ही उक्त दिशा में कार्य धरातल पर दिखाई देगा।

## दो वाहनों के बीच हुई सीधी टक्कर, चालक की हालत गंभीर

नाथनगर (भागलपुर)। मधुसुदनपुर इलाके के किशनपुर बाईपास पर सीमेंट लदे ट्रैक्टर और मुर्गा से भरे पिकअप वाहन के बीच सीधी टक्कर हो गई। घटना में पिकअप वाहन चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। वाहन की रफ्तार इतनी तेज थी कि मुर्गे से भरे पिकप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही घटना को लेकर मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने 112 पुलिस टीम को जानकारी दी ।

## लोक अदालत में सुलहनीय वाद से संबंधित मामले का निष्पादन को लेकर बनाए गए 13 खंड पीठ

मुंगेर, प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार आगामी 13 मई को सुलहनीय वादों से संबंधित मामले का निष्पादन किए जाने को लेकर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर की ओर से किया गया है इसमें सुलहनीय वादों से संबंधित मामले जैसे की बैंकिंग, दवा एवं बीमा वाद, वन विभाग से संबंधित मुकदमा, सुलहनीय अपराधिक एवं दीवानी वाद, राजस्व सेवा से संबंधित मामले, पेंशन मामले, वैवाहिक मुकदमा, मोटरयान दुर्घटना वाद, विद्युत मुकदमा, पानी विप्रत्र से संबंधित मुकदमा, दुरभाष से सम्वंधित मुकदमा मुकदमा, श्रम एवं मजदूरी से संबंधित वाद राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर पदमा को सुलह किया जाना सुनिश्चित है। इस इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के प्रभारी सचिव प्रवाल दत्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत को सफल बनाने और अधिक से अधिक सुलहनीय मुकदमा के निष्पादन के लिए लोक अदालत एवं सिविल कोर्ट के प्रांगण में लगभग 13 पीठों का गठन किया गया है।

जिसमें पीठ संख्या 01 न्यायिक दंडाधिकारी श्री गुंजन पांडे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम, परिवार एवं वैवाहिक मुकदमा और सभी विवाद पूर्ण वादों के निपटारे के लिए पीठासीन बनाए गए हैं। पीठ संख्या 02 न्यायिक पदाधिकारी के तौर पर श्री सुनील दत्त पांडेय, दवा एवं बीमा , ट्रैफिक चालान, मोटरयान राजस्व वाद स्वयं एवं सभी एडीजे कोर्ट के सुलहनीय अपराधिक वाद निष्पादन करेंगे। पीठ संख्या 03 न्यायिक दंडाधिकारी श्री प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश षष्टम है, जिसमें एसीजीएम चतुर्थ एवं उनके प्रभारी न्यायालय के प्रभार वाले न्यायालय के सुलहनीय अपराधिक एवं दीवानी मुकदमा के साथ ही वन,माप-तौल, श्रम एवं विद्युत एसीजेएम चतुर्थ एवं प्रभारी कोर्ट शामिल है के का निष्पादन करेंगे। पीठ संख्या 04 न्यायिक पदाधिकारी के रूप में बिपिन बिहारी राय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय जिनके जिम्मे अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय एवं उनके प्रभारी न्यायालय के सुलहनीय अपराधिक एवं दीवानी वाद, प्रभारी न्यायालय के प्रभार वाले न्यायालय से संबंधित मुकदमा एवं वंदे मातरम एवं विद्युत एसीजेएम चतुर्थ एवं प्रभारी कोर्ट एस एण्ड फइईनस और महिंद्रा फाइनेंस यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बी एस एन एल और अन्य बैंक जो किसी पीठ में ना हो की सुनवाई करेंगे। पीठ संख्या 05 प्रवाल दत्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ शामिल है। जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं उनके प्रभारी न्यायालय के सुलहनीय अपराधिक एवं दीवानी मुकदमा , प्रभारी न्यायालय के प्रभाव वाले न्यायालय से संबंधित मुकदमा मुंगेर जमुई कॉपरेटिव बैंक एवं वित्तीय माप तौल श्रम एवं विद्युत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं उनके प्रभार वाले कोर्ट को देखेंगे। पीठ संख्या 06 के लिए न्यायिक दंडाधिकारी के तौर पर श्रीमती खुशबू श्रीवास्तव अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम रहेंगी , जो स्वयं एवं प्रभारी न्यायालय के सुलहनीय अपराधिक एवं दीवानी मुकदमा, प्रभारी न्यायालय के प्रभार वाले न्यायालय से संबंधित मुकदमा एवं वित्तीय माप तौल श्रम एवं विद्युत से संबंधित मामले का संचालन करेगी।

## जिला पदाधिकारी ने कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा लगातार सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागू करने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से जिले के अनुमंडल एवं प्रखंडों में विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में, जिलाधिकारी, पूर्णिया द्वारा प्रखंड कार्यालय एवं अंचल कार्यालय श्रीनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा लॉग बुक, रोकड़ पंजी, जनशिकायत पंजी, बायोमैट्रिक अटेंडेंस एवं विभिन्न पंजियों का गहन अवलोकन किया गया और म्युटेशन केस एवं आरटीपीएस काउंटर पर प्राप्त विभिन्न आवेदनों का निरीक्षण भी किया गया। अंचल कार्यालय में रोकड़ पंजी अद्यतन नहीं पाया गया

एवं प्रखड़ कार्यालय में बायोमैट्रिक अटेंडेंस में बीपीआरओ एवं एमओ की उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी महोदय ने बीपीआरओ एवं एमओ से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया एवं अंचलाधिकारी को सभी पंजियों को 24 घंटे के अंदर अद्यतन करने का निदेश दिया गया। साथ ही निरीक्षणोपरांत मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित कर्मियों को आवश्यक पंजियो को अद्यतन रखने एवं आरटीपीएस काउंटर पर प्राप्त विभिन्न आवेदनों को ससमय निष्पादित करने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर आए हुए फरियादियों से भी रूबरू होकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। जिला पदाधिकारी द्वार पीएचसी श्रीनगर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला अधिकारी द्वारा श्रीनगर पीएचसी प्रभारी को साफ सफाई करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य सहायता केंद्र, ओपीडी, दवा भंडार, दवा वितरण कक्ष एवं निबंधन काउंटर का निरीक्षण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं संबंधित नर्सों से रूबरू होकर अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों एवं विभिन्न प्रकार के आवश्यक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। मरीजों द्वारा बताया गया कि डॉक्टरों एवं नर्सों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मौके पर उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं चिकित्सा कर्मियों को निर्देश दिया गया कि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है किसी भी मरीज को बाहर से दवा नहीं खरीदना पड़े इसका पूरा ध्यान रखा जाए।

## पीयू में शिक्षक एवं छात्र दोनों के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार : डॉ. आलोक

पूर्णिया । शिक्षकों का प्रोन्नति का मामला छात्र हित से सीधा जुड़ा हुआ है और विश्वविद्यालय प्रशासन मूकदर्शक बनकर समय टाल रही है। पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया के लिए सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन कोई मायने नहीं रखता यह विश्वविद्यालय का संचालन विश्वविद्यालय प्रशासन अपने मनमौजी अपनी नियमावली से करने को ही मानता है सही संविधान और नियमावली कोई मायने नहीं रखता। उक्त बातें विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति के संस्थापक एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता डॉक्टर आलोक राज ने कही। उन्होंने पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रशासन पर आरोप लगाया है कि पूर्णिया विश्वविद्यालय में बैठे संकीर्ण मानसिकता के पदाधिकारी यह नहीं चाहते कि सीमांचल क्षेत्र में शिक्षा का विकास हो इसी का परिणाम है कि राज सरकार द्वारा एक पत्र निर्गत की गई है जिसमें शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए समय सीमा तय की गई थी लेकिन यह समय सीमा पूर्णिया विश्वविद्यालय के लिए कोई मायने नहीं रखता। उन्होंने कहा कि शिक्षक के प्रोन्नति से सिर्फ शिक्षकों का मामला जुड़ा हुआ नहीं है सीधा छात्रों से जुड़ा हुआ मामला है। डॉक्टर आलोक राज ने कहा कि अगर जल्द ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिक्षकों की प्रोन्नति देकर शोध के लिए सीट की संख्या नहीं बढ़ाई तो विश्वविद्यालय बनाओ संघर्ष समिति विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगी।

## विश्व नर्स दिवस पर विशेष : दुर्गम क्षेत्रों में शत प्रतिशत कोविड टीकाकरण में महती भूमिका निभाने वाली एएनएम गीता के जज्बे को सलाम

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । वैश्विक महामारी कोरोना काल की बातें या चचाएं शुरू होती है तो आम से लेकर खास तक की जुबां पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं नर्सों का ख्याल सबसे पहले आ जाता है। क्योंकि इन्हीं लोगों की बदौलत न जाने कितने की जिंदगी वापस लौटी होगी। बायसी सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार का कहना है कि कोरोना संक्रमण के दौरान अपनी जिंदगी की चिंता छोड़ कोविड-19 टीकाकरण में अपनी जिम्मेदारियों को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने में जिले के स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम गीता कुमारी आगे रहीं। उन्होंने दुर्गम क्षेत्रों में जाकर शत प्रतिशत टीकाकरण जैसे कार्यो में महती भूमिका निभायी। जिसके लिए एएनएम गीता कुमारी को उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर राज्य सरकार द्वारा विगत दिनों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा चुका है। गीता की नियुक्ति सितंबर 2019 में जिले के बायसी में हुई थी। उसके पहले गृह जिले मुजफ्फरपुर के मीनापुर में 2007 से लेकर अगस्त 2019 तक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि एक अच्छी नर्स के द्वारा मरीजों का लगातार ध्यान देना उतना ही महत्वपूर्ण होता है, जितना कि एक विशेषज्ञ सर्जन के द्वारा किसी भी ऑपरेशन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों

को निभाया जाना है। आने वाले वर्षो में वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने के लिए नर्सिंग सेवा से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। जिले की जीएनएम एवं एएनएम को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए समय-समय पर प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उनलोगों का मनोबल बढ़ते रहे। एएनएम गीता कुमारी ने बताया कि बायसी सीएचसी मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर मड़वा स्वास्थ्य उप केंद्र पर प्रतिनियुक्ति हुई है। जहां 12 साइट के अंतर्गत 08 आंगनबाड़ी केंद्र एवं 04 नियमित टीकाकरण सत्र स्थलों पर कार्य करना पड़ता है। इसके अंतर्गत महानन्दा नदी के उस पर दक्षिणी छोड़ पर लेलुका गांव जाना पड़ता जहां आने जाने के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है। लेकिन अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए नदी पार करना पड़ता है। ताकि वंचित क्षेत्र के निवासियों को शत प्रतिशत टीकाकरण के अलावा सभी तरह की सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मड़वा एचएससी जैसे अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में कोविड-19 के दौरान टीकाकरण करना बहुत ज्यादा मुश्किल था लेकिन किसी तरह से समझाने के बाद शत प्रतिशत टीकाकरण कार्य संपन्न कराया गया। किसी किसी परिवार में पांच से छः बार जाकर समझाना पड़ा था। तब जाकर कोरोना का टीकाकरण कराने में सफलता मिली थी। गीता ने आगे बताया कि महानंदा नदी के उस पार जाने के लिए पैदल जाने के अलावा कोई साधन नहीं है। जिस कारण नदी की लंबी दूरी तय करने के बाद उस

## संक्षिप्त खबरें

### सभी उम्मीदवारों का नामांकन वैध

आरा। चरपोखरी प्रखंड के बाबूबांध पंचायत में मुखिया पद के लिए 05, पंच पद के 03, ग्राम पंचायत सदस्य के 02, प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। जिसमें मुखिया के लिए पूर्व पंचायत समिति सदस्य संध्या देवी, अरविंद कुमार, उर्फ मिंटू कुमार, राजेश कुमार, पूर्व मुखिया संजय सिंह की पत्नी सीमा देवी, एवं उप मुखिया चिंता देवी, ने नामांकन पत्र सहायक निर्वाचन पदाधिकारी रघुनंदन चौधरी के समक्ष भरा था। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा नामांकन पत्र को जांच किया गया। जिसमें सभी उम्मीदवारों का नामांकन पत्र सही पाया गया। ग्राम पंचायत पंच पद मुकुंदपुर से रिंकू देवी, फागूराम, बाबुबाध पंचायत पंच पद से हृदानंद प्रसाद, एवं ठाकुरी पंचायत के ग्राम पंचायत सदस्य के लिए मुकेश कुमार, सुरेंद्र पंडित, ने नामांकन पत्र सही पाया गया सभी उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में जाने से पहले चुनाव आचार संहिता का पालन करने का सुझाव सहायक निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिया गया। निर्वाचि पदाधिकारी ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

### वृहस्पतिवार को कटे 4 नाजिर रशीद, नहीं हुआ एक भी नामांकन

गड़हनी। भोजपुर जिले के नगर पंचायत गड़हनी में वार्ड 9 में पार्षद पद के लिए होने वाले उप चुनाव के नामांकन के तीसरे दिन भी एक भी प्रत्यासीयों ने नामांकन नहीं कराया। प्रखंड गड़हनी के नाजिर पंकज कुमार ने बताया कि वृहस्पतिवार को चार लोगों ने नाजिर रसीद कटाया। अभी तक वार्ड पार्षद के लिए कुल 8 लोगों ने नाजिर रशीद कटवाया है।

### प्रदेश नेतृत्व के फैसले पर जदयू कार्यकर्ता में हर्ष का माहौल

आरा। जनता दल यूनाइटेड, बिहार प्रदेश के द्वारा युवा नेता प्रिंस बजरंगी को बिहार प्रदेश जदयू के प्रदेश सचिव के साथ साथ दरौली विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया है वहीं प्रदेश महासचिव सह पूर्व विधायक प्रभुनाथ राम जी को गरखा (अजा.) विधानसभा, प्रदेश महासचिव मनोज उपाध्याय को बक्सर विधानसभा, प्रदेश महासचिव सुरेंद्र रजवार को परसा विधानसभा एवं प्रदेश सचिव रामेश्वर रजक को साहेबगंज विधानसभा का प्रभारी मनोनीत होने पर जदयू, भोजपुर के कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है। जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने नव मनोनीत सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है। इन सभी के मनोयन के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजीव रंजन ललन सिंह और प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा जी का आभार व्यक्त करने के साथ ही कहा कि इन सभी के मनोयन से दल की मजबूती को बल मिलेगा।

### पेड़ से टकराकर सैकड़ों लोगों का जान चले जाने के बाद आखिरकार जिला प्रशासन ने पेड़ को कटवाया

अरवल। नहर कैनाल रोड के बीचो बीच खतरनाक पेड़ों को हटाने की पुरानी मांग को जिले के तेजतर्रार जिला पदाधिकारी ने गंभीरतापूर्वक लेते हुए वन विभाग एवं कैनाल विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक मंत्रणा करते हुए खतरनाक पेड़ों को हटाने का निर्णय लिया गया। इन खतरनाक पेड़ों के वजह से आए दिन दुर्घटना होते रहती थी कई लोगों की जानें जा चुकी थी, दर्जनों लोग घायल होकर अपाहिज हो चुके थे। राजद युवा नेता रविंद्र कनौजिया ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए। डीएम साहिबा को मांग पत्र सौंपा था। आज पेड़ कटाई में काम लगने पर अरवल के लोगों में काफी खुशी है। इसके लिए राजद नेता रविंद्र कनौजिया, श्याम जीत कुमार, उदय कुमार, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, नवलेश कुमार चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार गुप्ता, कुंदन शर्मा, मुन्ना राम, शक्ति पासवान, विकास कुमार गुप्ता, यशवंत यादव ने डीएम साहिबा को धन्यवाद दीया है।

### संगठन मजबूत एवं जन समस्याओं को लेकर बसपा कार्यकताओं की बैठक

अरवल बहुजन समाज पार्टी जिला कार्यालय में बसपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह यादव के अध्यक्षता में जिला के संगठन की मजबूती एवं जन समस्याओं को लेकर बैठक किया गयो बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं द्वारा सूखी बीघा पुल की नवीनीकरण पर बसपा के द्वारा लगातार जन आंदोलन का प्रतिफल नहर में भी जल्दी लगेगा अर्थ वर्क हाल ही के दिनों में लगातार रोड एक्सीडेंट में विशेष चर्चा (1)नहर रोड में वृक्षों की कटाई अति आवश्यक (2) भदासी फखरपुर रोड़ का अतिशिघ्र नव निर्माण (3)बायपास फ्लाईओवर (4)अरवल जिले के लिंक रोड का हाल जर्जर (5)अरवल जिले के सोन नहर लिंक नहर मे अर्थ वर्क जरूरी (6) अरवल जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जन आंदोलन को तेज करने हेतु मुद्दों पर जल्दी जन आंदोलन का रूपरेखा तय करेगी। जिला पदाधिकारी से मिलकर बैठक के प्रस्ताव को दिया जाएगा इस दौरान बसपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सफाईकर्मियों से निर्धारित अवधि तक कार्य लेना सुनिश्चित करें : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गुरुवार को नगर निगम गया आयुक्त अभिलाषा शर्मा, द्वारा सुबह में गया नगर निगम क्षेत्र के सफाई व्यवस्था, बड़े नालों की ऊडाही एवं वार्डवार हो रहे, छोटे झ छोटे नालियों की सफाई का निरीक्षण किया गया है इस निरीक्षण के समय उप नोडल पदाधिकारी सफाई, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

ए.पी.कॉलोनी, गया कॉलेज रोड, गेवाल बिगहा रोड, नूतननगर, राजेंद्र आश्रम, कोइरीबारी, रामसागर रोड पूर्वी, चांद चौरा, विष्णुपद, ब्रह्मसत रोड एवं मानपुर रोड इत्यादि पथों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण को पूरी गम्भीरता से लेते हुए , और इस क्रम में सड़क पर झाडु लगाते हुए एवं कूड़े के लिए बनाये गये प्वाईट से उठाव सफाई कर्मियों द्वारा करते हुए पाया गया है। वार्ड के सफाई कर्मियों की उपस्थिति पंजी के जाँच के दौरान जिस वार्ड में सफाई कर्मी अनुपस्थित पाये गये उनका हाजिरी काटते हुए संबधित सफाई पर्यवेक्षक को निर्देश दिया गया की जो सफाई कर्मी उपस्थित नही हो रहे है उनके संबंध में लिखित प्रतिवेदन दें जिससे उनके विरुद्ध कार्यवाई की जा सकेगी। आगे यह भी निर्देश दिया गया कि सफाई कर्मियों से निर्धारित अवधि तक कार्य लेना सुनिश्चित करे अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी। वार्ड संख्या 32,33,34,36,37,39,42,40, 53 के नालियों की सफाई का भी निरिक्षण किया गया है, नालियों में उड़ाही का किया किया जा रहा था। वही मंसारवा नाला के उड़ाही का निरीक्षण किया गया है इसपर निर्देश दिया गया कि युद्ध स्तर पर सभी नाला नालियों के उड़ाही का कार्य कराकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करे। नाला एवं नालियों की सफाई में किसी प्रकार की लापारवाही बर्दाश्त नही की जाएगी एवं संबंधित कनीय अभियंता, वार्ड निरीक्षक एवं सफाई पर्यवेक्षक के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाई की जाएगी। प्रफुल्लचंद्र यादव, उपनगर आयुक्त एवं नोडल पदाधिकारी सफाई द्वारा भी शहर के उतरी भाग यथा वार्ड न. 1,3,15,16,20 एवं 21 की सफाई व्यवस्था एवं नाला, नाली उड़ाही कार्य का निरीक्षण किया गया है। सफाई कार्य एवं नाली उड़ाही का कार्य किया जा रहा था। बॉटम नाला का भी उड़ाही युद्ध स्तर पर सफाई कार्य किया जा रहा है।

## शिक्षकों की आवाज बनेंगे जीवन कुमार : राहुल रंजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा राहुल रंजन ने नव निर्वाचित विधान परिसद जीवन कुमार के शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल होकर जीवन कुमार को वधाई पुष्पगुच्छ भेट कर दिया और जीवन कुमार को कहा की शिक्षा जगत के उगते हुए सूरज की तरह पुरे मगध, शाहाबाद ही नहीं पुरे बिहार के वितरिहत शिक्षक एवं नव नईयोजित शिक्षक आपके तरफ एक नई आशा की किरण की तरह देख रहे है। लोगो को ये आशा उम्मीद है की जीवन कुमार शिक्षक परिवार के हर सुख -दुख मे शामिल रहेंगे शिक्षको के हर लड़ाई को लड़ेंगे क्युकी समाज शिक्षक के बिना अधूरा है। और जबतक शिक्षा का अलख पुरे बिहार मे नहीं जागेगा तब तक बिहार का सम्पूर्ण विकास संभव नहीं है। राहुल रंजन अपने सैकड़ो साथियों के साथ शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे शामिल हुए हैं।

## शराबी पिता ने अपने जुड़वा बच्चों को जमीन पर पटक-पटक कर मार डाला

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया में एक शराबी पिता ने अपने जुड़वा बच्चों को पटक पटक कर मार डालने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना की जानकारी के बाद गुरुवार की सुबह मगध मेडिकल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है और मृत बच्चों के शव को बरामद कर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया है

, घटना के बाद आरोपी पिता देवेश शर्मा फरार हो गया है. देवेश शर्मा ऑटो चलाने का काम करता है। इस बीच बीती रात्रि को वह शराब के नशे में अपने घर में आया और अपनी पत्नी रानी देवी के साथ मारपीट की है। पत्नी के साथ मारपीट करने के बाद अपने जुड़वा बच्चों को भी पटक-पटक कर हत्या कर दी है इस संबंध में फरार आरोपी पति देवेश शर्मा की पत्नी रानी देवी ने बताया कि बीती रात को शराब के नशे में उसके पति आए थे। उसके साथ पहले मारपीट की और फिर दोनों बच्चों को मार डाला. वही, इस संबंध में विधि व्यवस्था डीएसपी मोहम्मद खुर्शीद आलम ने बताया कि जुड़वा बच्चों को एक पिता द्वारा पटक कर हत्या कर दिए जाने की घटना हुई है. इस मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है. आरोपित की तलाश की जा रही है।

## शतरंज का प्रशिक्षण का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : चेस इन स्कूल योजना के तहत भोजपुर जिला शतरंज संघ द्वारा स्थानीय नोट्रे डेम हाई स्कूल सिंगही आरा के सभागार में शतरंज का प्रशिक्षण दिया गया।

शतरंज संघ के सचिव डॉ मो सैफ के अनुसार दो दिवसीय शतरंज प्रतिक्षण में स्कूल के लगभग 40 खिलाड़ियों ने शतरंज प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया । यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रशिक्षक बीरेंद्र कुमार उपाध्याय के द्वारा दिया गया। उन्होंने इस शिविर में शतरंज खिलाड़ियों को शतरंज के इंटरनेशनल नियम और ओपनिंग गेम जानकारी दी । शतरंज खिलाड़ी चेतन श्रीवास्तव, आगम कुमार सिंह, अबयान सिंह, अंकुश कुमार सिंह, दर्श कुमार सिंह, तरयमबक, सत्यम पाण्डेय, ॐ पाण्डेय, सुंदरम सिंह आदित्य कुमार ने ट्रेनिंग ली सचिव डॉ मो सैफ ने बताया कि अगला प्रशिक्षण शनिवार को दिया जाएगा इसके उपरांत नोट्रे डेम हाई स्कूल प्रांगण में भोजपुर जिला अंडर 11 और 13 ओपन और बालिका वर्ग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। नोट्रे डेम स्कूल निदेशक अजीत कुमार सिंह में कहा के विद्यालय में हर महीने शतरंज प्रतिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। जिससे बच्चों का इससे बच्चों का विकास होगा। आज के आयोजन में नेहा कुमारी, स्मृति श्रीवास्तव, सुष्मिता, अनामिका कुमारी, बीर प्रताप सिंह, ददन मिश्रा, सरस्वती प्रसाद, शालिनी महाराज, आमिर खां का सराहनीय सहयोग रहा।

## आरा के उच्च शिक्षा जगत में बक्शी अवधेश का नाम अविस्मरणीय

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शिवादी क्लासिक सेंटर ऑफ आर्ट एंड म्यूजिक के बैनर तले सांस्कृतिक संस्था बिरजू महाराज कला आश्रम के संस्थापक स्व. बक्शी अवधेश कुमार श्रीवास्तव जी की तेरहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर खुला चौपाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। सर्वप्रथम वरिष्ठ तबला वादक श्री राणा प्रताप सिन्हा व महंत छठू लाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। बक्शी जी के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुये श्री शंभू शरण ओझा ने कहा कि बक्शी जी को उच्च शिक्षा जगत में उनके कार्यों के बदौलत आज भी याद किया जाता है। बक्शी जी एक कुशल तबला वादक होने के साथ साथ संगीत के आजीवन प्रचारक रहें। आरा के आखिल भारती संगीत सम्मेलन को पुनः शुरू करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में सर्व प्रथम कथक नृत्यांगना मीनाक्षी पाण्डेय व संजना कुमारी ने युगल कथक नृत्य की शुरूआत गणेश वंदना से करते हुये तीनताल में उपज, ठाट, आमद व परन प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। वहीं बाल कलाकार आयुष पाण्डेय ने स्वतंत्र तबला वादन प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। श्रेया पाण्डेय ने राग विहाग में एकताल की बंदिश "बाहिया धरी चूड़ियां फोड़ी गगरी गिरायी" व नीतीश पाण्डेय ने दादरा "सांवरिया को कोई बुला दें मोरा जिया लागे ना" की प्रस्तुति से समां बांधा। वहीं शास्त्रीय गायक महेश यादव ने राग भीमप्लासी में बड़ा ख्याल व छोटा ख्याल "जा जा रे अपने मन्दिरवा जा" व श्री जय किशोर सिंह ने राग शोभावरी में झपताल की बंदिश "महिमा गुरु की री" प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री चंद्रमोहन ओझा ने खमाज की ठुमरी रसिया मोहे बुलावे व गजल की सुरीली प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। वहीं श्री शिवनंदन प्रसाद श्रीवास्तव व श्री राणा प्रताप सिन्हा ने तबला वादन प्रस्तुत करते हुये बनरास घराने की कई क्लिष्ट बंदिशों को सुनाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## लूट के दौरान पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। गुरुवार को बैंक में पैसा जमा करने जा रहे पेट्रोल पंप मालिक से पैसा लूट कर भाग रहे बदमाश और उनका पीछा कर रही पुलिस के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। घटना नगर थाना से 50 गज की दूरी पर आर्य समाज मंदिर के समीप स्थित एसबीआई बैंक के पास की है। जबकि पैसा लूटकर भाग रहे अपराधी और उनका पीछा कर रही पुलिस की मुठभेड़ नगर थाना क्षेत्र के बिंदटोली मुहल्ले में हुई है। जहां दोनों ओर से काउंटर में दर्जनों राउंड फायरिंग की गई है। पुलिस और अपराधी के बीच मुठभेड़ में हुई गोलीबारी में एक भोजपुर पुलिस के आरक्षी को अपराधियों द्वारा चलाई गई गोली लग गई और वो बुरी तरह से घायल हो गया है। जबकि इस दौरान जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से चली गोली से एक लूटेरा भी घायल हो गया है। घटना के बाद घायल पुलिस जवान और जख्मी लूटेरे दोनों को पुलिस ने तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सक की देखरेख में दोनों का इलाज चल रहा है। वही इस घटना की सूचना मिलने के बाद भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच पूरे मामले की छानबीन में जुट गए है। मिली जानकारी के अनुसार नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा में स्थित विनायक पेट्रोल पंप के मालिक सुशांत कुमार जैन आज सुबह 4 लाख 99 हजार 500 रुपया लेकर नगर थाना के सटे आर्य समाज मंदिर के पास स्थित एसबीआई बैंक की शाखा में पैसे जमा करने के लिए जा रहे थे। जैसे ही पेट्रोल पंप मालिक पैसा लेकर बैंक गेट के अंदर प्रवेश करने वाले थे। तभी एक हथियार लिए बदमाश पिस्टल का भय दिखाकर पेट्रोल पंप मालिक सुशांत कुमार जैन से पैसे छिन कर भागने लगा। इस दौरान पेट्रोल पंप मालिक के द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से अपराधी पर फायरिंग की गई, लेकिन तब भी वो भागता रहा। जिसके बाद पास में मौजूद नगर थाना के क्रोस मोबाइल के सिपाही से पीड़ित पेट्रोल पंप मालिक ने बाइक से पीछा करने को बोला।

जिसके बाद सिपाही ने पीछा किया तो नगर थाना क्षेत्र के बिंदटोली में भाग रहे अपराधी पीछा कर रहे सिपाही पर गोली चलाने लगे। इस दौरान जवाब में सिपाही के तरफ से भी गोली चलाई गई। लगभग 25 से 30 राउंड के फायरिंग में एक गोली सिपाही अर्जुन कुमार के पेट मे लग गई जो भागलपुर जिले का रहने वाला है। वहीं जवाबी कार्यवाही में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में लुटेरा नगर थाना क्षेत्र के रोजा मुहल्ला निवासी मो ताज अली को भी गोली लगी। जिससे वो भी घायल हो गया है। घटना के बाद सिपाही अर्जुन कुमार को निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है जबकि घायल बदमाश का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। इस मामले में पीड़ित पेट्रोल पंप मालिक सुशांत कुमार जैन ने बताया है कि रोज की तरह आज भी आर्य समाज मंदिर के पास मौजूद एसबीआई शाखा में पैसे जमा करने जा रहे थे तब ही एक बदमाश पिस्टल दिखा मेरा पैसे से भरा बैग छिन लिया और भगाने लगा जिसके बाद मौके पर मौजूद सिपाही ने बाइक से पीछा करते हुए बदमाश से गोली का सामना किया और कई राउंड फायरिंग किया जिसमें उसे गोली लगी है मौके से पूरा पैसा भी बरामद कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि भोजपुर पुलिस के जांबाज सिपाही के दिलेरी के कारण बैंक में पैसा जमा करने आ रहे पेट्रोल पंप मालिक से जो लाखों की लूट हुई है। उन सारे पैसे को पुलिस ने बरामद कर लिया है। लूट की घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे अपराधियों का पीछा कर रही पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग की है। जिसके जवाब में पुलिस ने भी उन पर फायरिंग की है।

## कार्यकर्ताओं के बल पर विधानसभा व लोकसभा सदस्य होते हैं निर्वाचित:सिद्दकी

बेगूसराय। जिला राष्ट्रीय जनता दल के बुद्धिजीवियों की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष मोहित यादव की अध्यक्षता में प्रधान महासचिव एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी की उपस्थिति में हुई। उपस्थित साथियों ने संगठन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत एवं धारदार बनाने हेतु प्रकाश डाला। साथ ही राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के आह्वान पर बिहार सरकार के लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री देश के युवाओं की आवाज तेजस्वी प्रसाद यादव एवं बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के नेतृत्व में बिहार प्रदेश के सभी प्रखंड मुख्यालय में देशरत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विचारों पर परिचर्चा आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के आलोक में बेगूसराय जिला राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा अंबेडकर परिचर्चा सफल बनाने हेतु सभी प्रखंडों में प्रखंड प्रभारी एवं सहायक प्रखंड प्रभारी मनोनीत किया गया है। जो निम्न प्रकार हैं। तेघरा प्रखंड प्रभारी बाल्मीकि यादव जिला सचिव, सहायक प्रभारी राम कृपाल सिंह जिला सचिव, बरौनी प्रखंड प्रभारी जनार्दन यादव, पंचायती राज प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजद सहायक प्रभारी मोहम्मद शकील जिला सचिव, बछवारा प्रखंड प्रभारी कामदेव यादव जिला सचिव, सहायक प्रभारी राकेश कुमार युवा राजद जिला उपाध्यक्ष, प्रखंड मंसूरचक प्रभारी मोहम्मद जाहिद अफसर राज्य परिषद सदस्य बछवारा विधानसभा, सहायक प्रभारी अरुण कुमार यादव जिला सचिव, प्रखंड भगवानपुर प्रभारी मोहम्मद नसीम अख्तर जिला उपाध्यक्ष राजद, सहायक प्रभारी मनोज कुमार यादव प्रवक्ता, प्रखंड बीरपुर प्रभारी मोहम्मद गालिब अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राजद, सहायक प्रभारी सुबोध कुमार, सदर प्रखंड बेगूसराय प्रभारी अर्जुन यादव जिला महासचिव सहायक प्रभारी, विपिन पासवान अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव, मटिहानी प्रखंड प्रभारी राजीव कुमार गुड्डू व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष, सहायक प्रभारी त्रिभुवन राय जिला महासचिव, प्रखंड शाम्हो प्रभारी त्रिभुवन कुमार सिंह उर्फ पिंटू किसान सेल जिला अध्यक्ष राजद बेगूसराय, सहायक प्रभारी बैजू पासवान सरपंच, प्रखंड बलिया प्रभारी अनिरुद्ध सहनी जिला सचिव, प्रखंड चेरियाबरियारपुर प्रभारी त्रिवेणी महतो राजद वरिष्ठ नेता बिहार सरकार के लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री देश के युवाओं की आवाज तेजस्वी प्रसाद यादव एवं बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निर्देश के आलोक में अंबेडकर परिचर्चा प्रखंड स्तर पर सफल बनाने हेतु मनोनीत किया है। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अब्दुल बारी सिद्दकी ने कहा किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता ही रीढ़ होता है।

## राजभवन व शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देने को लेकर जदयू छात्र संघ की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गया। छात्र जदयू मगध विश्वविद्यालय के अध्यक्ष यश वर्मा उर्फ उत्तम कुशवाहा ने छात्र जदयू के पदाधिकारी एवं नेताओं के साथ सामूहिक बैठक की इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गया कॉलेज में जो घटना घटी है उस पर विचार विमर्श किया गया है। मालूम हो कि मंगलवार को छात्रों को समस्याओं को लेकर जब विभागाध्यक्ष से बात करने जदयू के नेता गए तो उनके साथ धक्का-मुक्की एवं मारने की धमकी दी गई थी।

इसी समस्याओं को लेकर, इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने कहा कि गया कॉलेज के रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने छात्रों के साथ बदसलूकी धक्का-मुक्की साथ ही धमकी देने का जो कार्य किया है। जो निंदनीय इसको लेकर हमारी टीम ने मगध विश्वविद्यालय के ।कुलपति से मुलाकात करके उनको इस पर उचित कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा है। परंतु अभी तक कुछ कार्रवाई नहीं हुई है। परंतु मुझे विश्वविद्यालय के कुलपति पर पूरा भरोसा है कि वह इस पर जल्द कार्रवाई करेंगे, इसके साथ ही कहां कि रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष विजेंद्र कुमार है उन पर पहले से ही कई मामले दर्ज है मगध विश्वविद्यालय में लाखों रुपयों का गमन का आरोप उन पर पहले से लगा हुआ है विजिलेंस टीम के द्वारा कई मामलों में हूं परजात चल रहा है, इसके साथ ही मगध विश्वविद्यालय के द्वारा लेटर भी जारी किया गया है कि उनको किसी भी संवैधानिक बैठने नहीं दिया जाए परंतु गया कॉलेज में दबंगई के रूप में जबरन कई विभाग में दो-दो विभाग के विभागाध्यक्ष बने हुए हैं और छात्रों के साथ बदतमीजी करते हैं गया कॉलेज के प्राचार्य की भी बातें नहीं मानते हैं और उन्हें भी धमकी देते हैं कि ऐसा नहीं कह करेंगे तो वह गया कॉलेज में स्ट्राइक करेंगे आंदोलन करेंगे इस तरह की धमकी वह देते रहते हैं हमेशा, इन सारी बातों पर छात्र नेताओं के साथ विचार विमर्श किया गया है। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी एक-दो दिनों के अंदर जितने भी छात्र संगठन है सब के साथ सामूहिक बैठक किया जाएगा, साथ ही उसकी शिकायत राजभवन, यूजीसी, बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री को भी ज्ञापन दिया जाएगा। इसके साथ उत्तम कुशवाहा ने कहा दो दिनों के अंदर इनकी बर्खास्त ही नहीं होती है तो छात्र जदयू एवं अन्य संगठनों के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेगी, इस मौके पर उपाध्यक्ष अमरजीत कुमार, रोशन कुमार, प्रवक्ता अनिल यादव छात्रा प्रमुख प्रीति यादव, महासचिव जय प्रकाश सिंह, गोरेलाल, गया कॉलेज अध्यक्ष कुंदन कुमार, अनुग्रह कॉलेज अध्यक्ष पिंटू यादव, हिमांशु कुमार,, बिट्टू शर्मा, रवि ,रोशन, बिट्टू चौधरी सौरभ कुमार समेत अन्य छात्र जदयू के नेता गन रहे उपस्थित है।

## डीएम ने दशरथ मांझी समाधी स्थल का किया निरीक्षण दिए कई निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। दशरथ मांझी समाधी स्थल का गुरूवार को जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने निरीक्षण करते हुए इस क्षेत्र के साथ-साथ समाधि स्थल का और बेहतर किस तरह से विकास किया जा सके, इस पर संबंधित पदाधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण करने के साथ-साथ स्पॉट पर ही बैठक किये है।

इस एरिया में पेयजल की क्या व्यवस्था है, के संबंध में स्थानीय मुखिया से जानकारी लेने पर बताया गया कि क्षेत्र में लगभग 10 टोला में पानी की समस्या है, जिसमें विशेषकर वार्ड संख्या 9, वार्ड संख्या 10 एवं वार्ड संख्या 12 पूर्ण रूप से जल संकट की स्थिति में है। स्थानीय ने बताया कि वार्ड संख्या 10 में पानी का डिस्चार्ज कम रहने के कारण स्टैंड पोस्ट के माध्यम से लोगों को पानी दिया जा रहा है। समाधि स्थल के आसपास पानी की समस्या को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने स्थानीय मुखिया को निर्देश दिया कि 15 वी वित्त आयोग के उपलब्ध राशि से वार्ड संख्या 9 एवं वार्ड संख्या 10 में 3 दिनों के अंदर नए तकनीक के माध्यम से डीप बोरिंग करवाना सुनिश्चित करें। आगे कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण को निर्देश दिया कि रविदास टोला एवं मांझी टोला में नए चक्कर अगले तीन दिनों के अंदर लगवाना सुनिश्चित करें। इस क्षेत्र में बंद पड़े मिनी जलापूर्ति योजना का नए सिरे से मरम्मत हेतु प्राक्कलन दो दिनों के अंदर तैयार करें ताकि उसे दशरथ मांझी महोत्सव के पहले चालू करवाया जा सके। दशरथ मांझी समाधि स्थल के समीप जर्जर अवस्था में रहे समुदायिक भवन को डिमोलिश करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल को दिया साथ ही डिमोलिश के पश्चात नए सिरे से बड़े आकार का कमरा तैयार करने का निर्देश दिए ताकि भविष्य में शादी विवाह तथा अन्य कार्य हेतु ग्रामीणों को प्रयोग में आ सके। इस कार्य को दशरथ मांझी महोत्सव के पहले पूर्ण करने का निर्देश दिए ताकि महोत्सव के दिन इसका उद्घाटन कराया जा सके। साथ ही एक अन्य सामुदायिक भवन, वह भी काफी जर्जर स्थिति में है उसे भी तोड़ने का निर्देश दिए तथा तोड़ने के पश्चात नया कमरा निर्माण करने को कहा ताकि वहां जीविका से समन्वय स्थापित कर दीदी की रसोईया चालू करवाया जा सके ताकि आम पर्यटक जो घूमने आते हैं उन्हें खाने-पीने का भी सहूलियत मिलेगा। वही स्थानीय मुखिया ने जिला पदाधिकारी से अनुरोध किया कि दशरथ मांझी समाधि स्थल के समीप पहाड़ों पर पौधारोपण करवाया जाए ताकि पहाड़ हरा भरा दिख सके।

दशरथ मांझी के परिजन ने जिला पदाधिकारी से अनुरोध किया कि दशरथ मांझी समाधि स्थल में अतिरिक्त पानी टंकी के साथ 5 से 10 नल लगवाया जाए ताकि राहगीरों को पानी पिलाया जा सके। गहलौर प्राथमिक विद्यालय जो आपकी जर्जर स्थिति में है वर्तमान में वह विद्यालय भवन गिर चुकी है। यहां के बच्चे 3 किलोमीटर दूर जाकर पढ़ाई कर रहे हैं। नए विद्यालय भवन की मांग स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई , जिस पर जिला पदाधिकारी ने बताया कि अति शीघ्र नए विद्यालय भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। इस निरीक्षण के दौरान स्वच्छता कर्मी अफसर कुमार से सफाई व्यवस्था के जानकारी लेने पर स्वच्छता कर्मी ने बताया कि पूरे परिसर को उनके द्वारा साफ सुथरा रखा जाता है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि यदि आप समाधि स्थल के साथ-साथ पूरे परिसर को अच्छे तरीके से साफ सुथरा रखेंगे तो दशरथ मांझी महोत्सव के दिन आपको सम्मानित करने के साथ-साथ रुपए 10000 का प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। बिजली प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आसपास में लगे सभी लाइट को मरम्मत कराते हुए चालू रखें।

## क्लिनिकल ट्रायल फंडामेंटल्स: हैंडस - ऑन पर राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना । इंटरनेशनल क्लिनिकल ट्रायल डे के उपलक्ष्य में एम्स पटना के फामाकीलॉजी विभाग में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । क्लिनिकल ट्रायल में अनुसन्धान के माध्यम से विकसित नयी चिकित्सा पद्धतियों के सामान्य प्रयोग के पूर्व इनके प्रभाव व दुष्प्रभाव का अध्ययन किया जाता है। इस अवसर पर अस्पताल के कार्यकारी निदेशक डॉ. जी के पाल ने इस कार्यशाला का शुभारंभ किया तथा सभी को इस का महत्त्व और आधारभूत चिकित्सीय परीक्षण के संदर्भ में अन्य बाते बतायी, इस मौके पर संस्थान के डीन अकादमी डॉ उमेश भदानी, डीन रिसर्च डॉ प्रेम कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ सी. एम सिंह, डी. डी. ए. डॉ अरुण प्रसाद व अन्य गणमान्य फैकल्टी उपस्थित थे।

इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के तहत देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए चिकित्सक इसमे 11 मई से 13 मई तक शिरकत करेंगे।

इस कार्यशाला के अवसर पर फामाकीलॉजी विभाग के डॉ प्रमोद कुमार, डॉ श्रुति, डॉ विकास, डॉ राजेश, ड

**सेंसेक्स**
61749.25 पर बंद
**निफ्टी**
18255.80 पर बंद

**सोना**
60592
**चांदी**
70100

## आईआईएफएल फाईनेंस दे रहा है व्हाट्सऐप पर 10 लाख रु. तक का बिज़नेस लोन

**नई दिल्ली, एजेंसी** आईआईएफएल फाईनेंस तीव्र अनुमोदन के लिए व्हाट्सऐप पर ग्राहकों को 10 लाख रु. तक का बिज़नेस लोन दे रहा है। व्हाट्सऐप पर आईआईएफएल फाईनेंस का बिज़नेस लोन एमएसएमई लेंडिंग उद्योग में अपनी तरह का पहला अभियान है, जहाँ लोन के आवेदन से डिस्बर्सल तक का पूरा काम 100 फीसदी डिजिटल होता है। भारत में व्हाट्सऐप के 450 मिलियन से ज्यादा ग्राहक आईआईएफएल फाईनेंस से 24/7 एंड-टू-एंड डिजिटल लोन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। आईआईएफएल फाईनेंस में बिज़नेस हेड, अनसिक्योर्ड लेंडिंग, भरत अग्रवाल ने कहा, ''आईआईएफएल फाईनेंस ने लोन के आवेदन और डिस्बर्सल की कठिन प्रक्रिया को व्हाट्सऐप पर आसान पेपरलेस प्रक्रिया द्वारा आसान बना दिया है। छोटे उद्यमियों पर केंद्रित होकर हमने व्हाट्सऐप उत्पाद पर यह अभिनव इंस्टैंट बिज़नेस लोन शुरू किया है।'' आईआईएफएल फाईनेंस इस समय अपने व्हाट्सऐप लोन चैनल द्वारा 1 लाख एमएसएमई क्रेडिट निवेदनों को सेवाएं देने में सक्षम है। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में सबसे बड़े रिटेल-केंद्रित एनबीएफसीज़ में से एक है, जिसके पास 10 मिलियन से ज्यादा ग्राहक हैं, जो अधिकांशतः बैंक सेवाओं से वंचित या बैंक सेवाओं की कमी वाले हैं। आईआईएफएल फाईनेंस भारत में छोटे उद्यमियों का लोन लेने के लिए पसंदीदा संस्थान है। यहाँ यह संस्थान अनेक शाखाओं और विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से काम करता है।

## बिरला कॉर्पोरेशन ने मार्च तिमाही में 41 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया

**कोलकाता, एजेंसी।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मार्च तिमाही में रिकॉर्ड बिक्री और चौतरफा मजबूत प्रदर्शन के साथ एक चुनौतीपूर्ण वित्त वर्ष 2022-23 का समापन किया। इस बेहतर प्रदर्शन के साथ ही दिसंबर के अंत तक संचयी घाटा समाप्त कर दिया। अधिकांश प्रमुख बाजारों में सुस्त मांग के बावजूद, मार्च तिमाही के लिए मात्रा के हिसाब से कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट की बिक्री सालाना आधार पर 4.5 प्रतिशत बढ़कर 4.44 मिलियन टन हो गई, जो एक रिकॉर्ड हाई है, और यहां तक कि कीमत कमजोर रहने के बावजूद, प्राप्ति पिछले साल की तुलना में 4.3 प्रतिशत अधिक थी। पिछले साल इसी अवधि में 5,261 रुपये प्रति टन था। पूरे वर्ष के लिए, मात्रा में कंसोलिडेटेड बिक्री 10.6 प्रतिशत बढ़कर 15.73 मिलियन टन हो गई। लागत बाधाओं के बावजूद, सीमेंट डिवीजन ने मार्च तिमाही के लिए प्रति टन एबिटिडा 615 रुपये दर्ज किया, जबकि पिछले साल यह 650 रुपये था, और समान-के-लिए-समान आधार पर 689 रुपये था। जबकि ये एबिटिडा नई शुरू किए गए मुकुटबन यूनिट को छोड़कर था जो कि तुलनात्मक आधार पर 6 प्रतिशत की वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में तिमाही के लिए 85 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ 23.4 प्रतिशत कम था, जो मुकुटबन यूनिट के बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। पूर्वी महाराष्ट्र में एक साल पुराने यूनिट के विस्तार की लागत आंतरिक बजट के भीतर थी। उत्तरी और मध्य भारत के पारंपरिक बाजारों में कंपनी के यूनिट्स उच्च क्षमता उपयोग को बनाए रखते हुए अपने पूरे दमखम के साथ काम करती हैं, और प्रीमियम और मिक्स सीमेंट में बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। उनके मजबूत प्रदर्शन ने लाभप्रदता में सुधार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुकुटबनः मुकुटबन कंपनी की सामग्री सहायक, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड की एक इकाई है। इसकी निर्धारित क्षमता 3.9 मिलियन टन है और वित्त वर्ष 2022-23 की शुरुआत में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया। एक मार्च में यूनिट एबिटिडा-पॉजिटिव हो गई है, और इसका प्रदर्शन महाराष्ट्र में बाजार की स्थिति बहुत अधिक उत्साहजनक नहीं होने के बावजूद कंपनी की आंतरिक उम्मीदों से आगे रहा है।

## इलेक्ट्रिक राजमार्ग के विकास पर कई कंपनियों से चर्चाः गडकरी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि आर्थिक रूप से व्यवहार्य इलेक्ट्रिक राजमार्ग के विकास के लिए वह कई कंपनियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। गडकरी ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि टिकाऊ विकास ही अंतिम लक्ष्य है और इसके लिए परिवहन के क्षेत्र में कम लागत वाली, प्रदूषण-मुक्त और स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास की जरूरत है। उन्होंने टिकाऊ कारोबारी मॉडल बनाने के लिए बड़ी कंपनियों से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''कल ही मैंने आर्थिक रूप से व्यवहार्य इलेक्ट्रिक राजमार्ग बनाने के बारे में टाटा और कुछ अन्य पक्षों के साथ चर्चा की।''

गडकरी ने कुछ समय पहले इलेक्ट्रिक राजमार्गों के विकास की संकल्पना पेश की थी। गडकरी ने कहा, ''जिस तरह से हमारे शहरों का विकास हो रहा है, उसमें हमें आखिरकार अपने शहरी कानूनों में संशोधन करने की जरूरत पड़ेगी। बेंगलुरु जैसे शहर में लोगों को दफ्तर पहुंचने में दो घंटे लग जाते हैं।'' उन्होंने कहा कि लोगों को यह समझाने की जरूरत है कि पानी से हाइड्रोजन बनाने जैसी चीजें संभव हैं और इस काम में हमारी प्रतिभा और ज्ञान भंडार का इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चक्रीय अर्थव्यवस्था को अपनाने से विनिर्माण लागत में कमी लाने और आयात घटाने में खासी मदद मिलेगी। तांबा और एल्युमीनियम जैसी धातुओं का दोबारा उपयोग कर वाहन कलपुर्जों के विनिर्माण की लागत में 20-25 प्रतिशत तक की कटौती की जा सकती है।

# जीएसटी चुकाने के लिए 31 मई तक समय, जीटीए के पास सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर भुगतान का विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने माल परिवहन एजेंसियों के लिए चालू वित्त वर्ष में सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर जीएसटी देने की समयसीमा बढ़ाकर 31 मई कर दी है। माल ढुलाई से जुड़ी एजेंसियों (जीटीए) के पास सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर जीएसटी संग्रह और भुगतान का विकल्प है।

### गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में जुटा अदाणी समूह

अदाणी समूह 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहा है। वह बदायूं से प्रयागराज तक 464 किमी के निर्माण को मूर्त रूप दे रहा है। इसका निर्माण उन्नत मशीनों और तकनीक से लैस कुशल इंजीनियरों की मदद से किया जा रहा है।

### बजाज फाइनेंस ने एफडी पर ब्याज 0.4 प्रतिशत बढ़ाया

बजाज फाइनेंस ने एफडी पर ब्याज दरों में 0.40 फीसदी वृद्धि की है। कंपनी ने बुधवार को बताया, नई दरें 36 से 60 माह तक की परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर बढ़ाई गई हैं। अब वरिष्ठ नागरिकों को 44 माह की विशेष अवधि की जमा पर 8.60 फीसदी ब्याज मिलेगा।

### गांवों में डेढ़ साल बाद एफएमसीजी की बढ़ी बिक्री

लगातार छह तिमाहियों तक बिक्री में गिरावट के बाद गांवों में एफएमसीजी उत्पादों की बिक्री में मार्च तिमाही में तेजी आई है। कुल एफएमसीजी बिक्री में गांवों का योगदान 35 फीसदी है। इसमें सुधार की उम्मीद है। शहरी इलाकों में इसी दौरान 5.3 फीसदी की वृद्धि रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच गांवों में एफएमसीजी की बिक्री 0.3 फीसदी बढ़ी है। अप्रैल-जून, 2021 में गांवों में बिक्री में तेजी देखी गई थी। यह बिक्री मूल्य के लिहाज से 10.1 फीसदी बढ़ी है।

### गेहूं खरीद 42 फीसदी बढ़कर 2.52 करोड़ टन

सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक 2.52 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है। यह एक साल पहले के मुकाबले 42 फीसदी ज्यादा है। खाद्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक की खरीद पूरे विपणन वर्ष 2022-23 में हासिल किए गए 1.88 करोड़ टन के आंकड़े को पार कर चुकी है। कुल 2.52 करोड़ टन की खरीद में पंजाब की हिस्सेदारी 1.18 करोड़ टन है। हरियाणा से 62.1 लाख टन और मध्य प्रदेश से 66.5 लाख टन गेहूं की खरीदारी की गई है।

## दिल्ली में कैब एग्रीगेटर, डिलिवरी सेवा कंपनियों के नियमन के लिए नीति के मसौदे को मंजूरी

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में ऑनलाइन कैब सेवाएं देने वाली कंपनियों और डिलिवरी सेवाप्रदाताओं के नियमन के लिए एक नीति को बुधवार को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योजना के मसौदे को उपराज्यपाल के पास भेज दिया गया है। परिवहन विभाग इसके बाद इसे अंतिम रूप देने से पहले जनता की प्रतिक्रिया लेगा। केजरीवाल ने मोटर वाहन एग्रीगेटर योजना-2023 को मंजूरी दी है, जो दिल्ली में कैब सेवा प्रदाता और डिलिवरी सेवा प्रदाताओं के लिए नियमन की आधारशिला तैयार करती है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह योजना यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देती है और समय पर शिकायत निवारण सुनिश्चित करती है, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देती है और शहर में प्रदूषण के स्तर को कम करती है।

## भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह परः एमएसएमई मंत्री

**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को वैश्विक और घरेलू उद्योगों से भारत में निवेश जारी रखने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने यहां सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के सहयोग से इंवेंटिवप्रेन्योर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (आईसीसीआई) द्वारा आयोजित 'जीआईसी 23 इंटरगवर्नमेंटल कनेक्ट में यह टिप्पणी की। उन्होंने इस कार्यक्रम में दुनियाभर से आए लगभग 200 प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, ''2014 में 10 सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल भारत आज 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हम 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। प्रधानमंत्री ने इसकी परिकल्पना की है। मंत्री ने आगे कहा कि भारत

## आयुथवेदा के चारकोल इन्फ्यूज्ड रेंज के साथ अपनी त्वचा की प्राकृतिक चमक को करें अनलॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयुथवेदा के एक्टिवेटिड चारकोल रेंज अल्टीमेट स्किन डिटॉक्स रेजिमेन के साथ आता है जिसे त्वचा को भीतर से साफ करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रोडक्ट की यूनिक सेलिंग धारणा प्राकृतिक इंग्रीडिएंट्स जैसे फ्लोरल डिस्टिलेट्स की संरचना में निहित है जो कि महिलाओं की कोमल त्वचा की पूर्ती करने के लिए इसमें जोड़े जाते हैं। चारकोल इन्फ्यूज्ड रेंज सभी गंदगी, अशुद्धियों को निकालने के साथ साथ त्वचा को डिटॉक्सीफाई भी करती है। आयुथवेदा के एक्टिवेटिड चारकोल स्किन डिटॉक्स रेजिमेन को चेहरे एवं शरीर दोनों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है, इस रेंज में - एक हैंडमेड चारकोल कैस्टिल सोप, चारकोल फेस वॉश एवं चारकोल और कॉफी शीट सीरम मास्क शामिल हैं।

आयुथवेदा चारकोल फेस वाश ( जो ऑयल प्रोडक्शन को कंट्रोल करता है, छिद्रों को बंद करता है और त्वचा को खूबसूरत बनाता है) - आयुथवेदा का यह परफेक्ट स्किनकेयर क्लींजर, चारकोल फेस वाश छिद्रों को साफ करने वाला आयुर्वेदिक सोल्यूशन है जो प्रभावी रूप से त्वचा को प्रदूषण से बचाने, ऑइल कंट्रोल करने तथा डेड स्किन सेल को एक्सफोलिएट करता है। फ्लोरल डिस्टिलेट्स त्वचा को जरुरी डेटॉक्सीफिकेशन प्रदान करते हैं जिसमे फेस वाश तत्काल मेकअप रिमूवर के रूप में भी काम करता है जो कि त्वचा को कोमलता प्रदान करता है और इसे कई ग्राहकों का पसंदीदा बनाता जा रहा है। इसके साथ ही यह त्वचा में मौजूद गंदगी एवं और अशुद्धियों को दो गुना तादाद से बाहर निकालता है। एक्टिवेटिड चारकोल तथा रोज़, लोटस, ब्यूटिया एवं मेरीगोल्ड के रिफ्रेशिंग डिस्टिलेट्स से बना, फ़ॉर्मूलेशन स्किन सेल मैट्रिक्स को पुनर्स्थापित करता है, डार्क स्पॉट्स को कम करता है और रोमछिद्रों को खोलता है। मुख्य इंग्रीडिएंट्स- एक्टिवेटेड चारकोल, ब्यूटिया, लोटस,

## चिप बनाने को मिल सकता है 10 अरब डॉलर का प्रोत्साहन, सरकार खत्म कर सकती है 45 दिन की अवधि सीमा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सेमीकंडक्टर (चिप) निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार बड़ा फैसला कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस उद्योग को प्रोत्साहन और सहायता के लिए 10 अरब डॉलर की योजना के लिए फिर से आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आवेदन जमा करने के लिए पिछले 45 दिनों की सीमा को खत्म करते हुए इसे लंबे समय तक खुला रखा जा सकता है। ऐसे में सरकार तब तक आवेदन स्वीकार करने के लिए तैयार है, जब तक इसका 10 अरब डॉलर का बजट खत्म नहीं हो जाता। आवेदनों के लिए पहले घोषित शॉर्ट विंडो के कारण योजना में सिर्फ कुछ ही आवेदक शामिल हो पाए थे। इसमें वेदांता व फॉक्सकॉन के बीच साझेदारी और एक अन्य समूह जिसमें टॉवर सेमीकंडक्टर भी शामिल है। एपल की आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन सहित कई कंपनियां इस समय चीन के बजाय भारत पर फोकस कर रही हैं। इसलिए भारत एक मजबूत प्रोत्साहन योजना देकर इसका फायदा उठाना चाहता है। फॉक्सकॉन ने बंगलूरू में मंगलवार को ही 300 एकड़ जमीन खरीदी है।

इस जमीन पर एपल के आईफोन बनाने की फैक्टरी लगाई जाएगी। इसके लिए कंपनी ने 300 करोड़ खर्च किए हैं। जमीन पर 70 करोड़ डॉलर के निवेश से एक अत्याधुनिक फैक्टरी बनेगी।

# 84 अरब डॉलर पहुंचा भारत-यूएई व्यापार, द्विपक्षीय कारोबार उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत-संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच हुए व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) को लागू हुए एक वर्ष पूरा हो चुका है। समझौते के बाद द्विपक्षीय व्यापार 84 अरब डॉलर पार हो गया है। यह द्विपक्षीय कारोबार का उच्चतम स्तर है। सीईपीए के कार्यान्वयन की पहली वर्षगांठ पर दुबई में अंतरराष्ट्रीय आभूषण प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन किया गया।

इस समारोह भारत की तरफ से वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह व यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्रालय में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के सहायक अवर सचिव जुमा मोहम्मद अल-कैत शामिल हुए। सिंह ने कहा, व्यापार समझौता द्विपक्षीय व्यापार संबंधों के लिए

वरदान साबित हो रहा है।

भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त, एलेक्स एलिस ने कहा, लंदन में भारतीय उच्चायोग को नुकसान ठीक नहीं था। अगर ब्रिटेन के एक मिशन में इसी तरह की घटना होती तो वह 'समान रूप से नाराज' होते। एलिस ने एक आयोजन में कहा, जो हुआ उसके बारे में मैं यहां के गुस्से को पूरी तरह से समझता हूं।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और निवेश संरक्षण समझौते पर चर्चा करते हुए जोर दिया कि कनेक्टिविटी परियोजनाओं को संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। दोनों पक्षों ने दिल्ली में सोमवार को आयोजित अपनी चौथी रणनीतिक साझेदारी समीक्षा बैठक में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

बुधवार को जारी एक साझा बयान में कहा गया है कि भारत और ईयू ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार यूक्रेन में व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की जरूरत को भी रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की उसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में स्पष्ट रूप से निंदा की। इसमें सीमा पार हमले भी शामिल हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ ने भारत-इस्राइल व्यापार मंच में समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें इस्राइली निर्माता संघ, निर्यात व अंतरराष्ट्रीय सहयोग संस्थान व इस्राइल-एशिया चैंबर ऑफ कॉमर्स से समझौता ज्ञापन शामिल हैं।

## व्यवसायों के लिए चीन पर निर्भरता खत्म करने की जरूरतः एस जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत का विकास चीन की दक्षता पर नहीं किया जा सकता है। घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाने देने के लिए मजबूती के साथ आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि व्यवसायों को भी चीन पर निर्भरता खत्म करने की जरूरत है। 'मेड इन इंडिया - 75 इयर्स ऑफ बिजनेस एंड एंटरप्राइजेज' नामक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई भी बड़ा देश नहीं है जिसने विनिर्माण क्षेत्र का निर्माण किए बिना अपनी वैश्विक स्थिति को बनाए रखा या बढ़ाया है। भारत को भी इसी पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। इस पुस्तक के लेखक जी20 के शेरपा अमिताभ कांत हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत को उन देशों को एक समान मैदान नहीं देना चाहिए जो अपने उत्पादों को सब्सिडी देते हैं। भारत को देश में घरेलू व्यवसायों की कीमत पर दूसरों के व्यवसायों को लाभ उठाने का मौका नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार डीप विनिर्माण आपूर्ति शृंखला के निर्माण को प्राथमिकता देती है और मेक इन इंडिया केवल एक आर्थिक या विनिर्माण कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक रणनीतिक कार्यक्रम है।

## तीन सरकारी बीमा कंपनियों में प्रदर्शन के आधार पर डाली जाएगी 3000 करोड़ रुपये की पूंजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर चालू वित्त वर्ष में 3,000 करोड़ की पूंजी डालने पर निर्णय करेगा। सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्रालय ने पिछले साल तीनों बीमा कंपनियों नेशनल इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी से कारोबार के बजाय मुनाफे पर ध्यान देने को कहा था। साथ ही, बेहतर मूल्यांकन के साथ सिर्फ अच्छे प्रस्ताव पर आगे बढ़ने का निर्देश दिया था। सूत्रों ने कहा, इन कंपनियों को अपनी अनुमानित देनदारी में सुधार और नियामकीय व्यवस्था के तहत 150 फीसदी की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कहा गया है। न्यू इंडिया एश्योरेंस को छोड़कर अन्य सरकारी साधारण बीमा कंपनियों की अनुमानित देनदारी 2021-22 में नियामकीय जरूरत का 150 प्रतिशत से कम है।

## डब्ल्यूटीओ की बैठक में ई-कॉमर्स पर सीमा शुल्क रोक, कृषि मुद्दों पर हो सकती है चर्चा

**नई दिल्ली एजेंसी।** विश्व व्यापार संगठन की पेरिस में होने वाली बैठक में ई-कॉमर्स कारोबार में सीमा शुल्क पर लगी रोक समाप्त करने तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दे उठने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सात जून को होने वाली बैठक में भारत, आस्ट्रेलिया और अमेरिका समेत कुछ देशों के व्यापार मंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। डब्ल्यूटीओ की यह बैठक आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के सम्मेलन के दौरान हो रही है। यह मंत्रिस्तरीय बैठक डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की तैयारियों के सिलसिले में हो रही है। यह सम्मेलन अगले साल फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात में होगा। मंत्रिस्तरीय बैठक जिनेवा स्थित डब्ल्यूटीओ का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है।

अधिकारी ने कहा, ''बैठक में कृषि, ई-कॉमर्स के जरिए व्यापार पर सीमा शुल्क रोक, कोविड से संबंधित दवाओं और अन्य उपकरणों के लिए पेटेंट छूट जैसे मुद्दे उठ सकते हैं। पिछले साल जून में जिनेवा में 12वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में, डब्ल्यूटीओ सदस्यों ने एक 'जिनेवा पैकेज की घोषणा की थी। इसमें नुकसान पहुंचाने वाली मछली पकड़ने की सब्सिडी पर अंकुश लगाना और कोविड-19 टीकों के उत्पादन को लेकर अस्थायी पेटेंट छूट शामिल थी। डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देश हैं। यह वैश्विक निर्यात और आयात के लिए नियम बनाता है और दो या दो से अधिक देशों के बीच विवादों का निर्णय करता है। इसके नियमों के अनुसार, सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए जाते हैं।

## धानुका एग्रीटेक ने दो कृषि स्टार्टअप में निवेश किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कृषि रसायन कंपनी धानुका एग्रीटेक ने अबतक दो स्टार्टअप में निवेश किया है। धानुका एग्रीटेक ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वह देश के कृषि क्षेत्र में युवा उद्यमियों की मदद के लिए ऐसी और कंपनियों में निवेश करने को तैयार है। धानुका एग्रीटेक ने 2021 में गुरुग्राम की कृषि ड्रोन विनिर्माता आयोटेक वर्ल्ड एविगेशन में अल्पांश हिस्सेदारी के लिए 30 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की थी। धानुका समूह के चेयरमैन आर जी अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमने दो स्टार्टअप में निवेश किया है। कई युवा उद्यमी हैं, जिनके पास बेहतरीन उत्पाद और प्रौद्योगिकियां हैं। हम उनका समर्थन करने के लिए तैयार हैं।''

उन्होंने कहा कि अगर कंपनी को सही अवसर मिला तो वह ऐसी और स्टार्टअप इकाइयों में निवेश करेगी। अग्रवाल ने कहा कि आयोटेकवर्ल्ड के पास काफी ऑर्डर हैं, क्योंकि अब कीटनाशकों के छिड़काव और अन्य गतिविधियों के लिए कृषि क्षेत्र में ड्रोन का तेजी से उपयोग किया जा रहा है।

Dhanuka Agritech Limited

उन्होंने कहा कि दूसरा स्टार्टअप जहां धानुका ने निवेश किया है, वह कृषि क्षेत्र के लिए मृदा सेंसर जैसे आईओटी और कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित उपकरण बनाती है। अग्रवाल ने कृषि क्षेत्र के साथ ड्रोन और एआई जैसी तकनीकी प्रगति के एकीकरण की वकालत की। उन्होंने कहा, ''ये प्रौद्योगिकियां फसल रोगों और कीटों के हमले की पहले से पहचान करने में मदद कर सकती हैं, साथ ही साथ खाद और पानी के कुशल उपयोग में सहायता कर सकती हैं। इन तकनीकों की मदद से किसान वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर एकदम दुरुस्त निर्णय ले सकते हैं और अपनी फसल के लिए बेहतर योजना तैयार कर सकते हैं।''

कृषि रसायन क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बात करते हुए अग्रवाल ने कहा कि नकली कीटनाशकों की आपूर्ति एक बड़ी चुनौती है क्योंकि इससे किसानों और निर्माताओं दोनों के हितों को नुकसान पहुंचता है।

उन्होंने कहा कि समानांतर बाजार में नकली उत्पादों की बिक्री के खतरे को रोकने के लिए कंपनी ने पहले ही अपने सभी उत्पादों पर क्यूआर कोड अपनाया है। उन्होंने कहा कि घटिया/नकली/तस्करी किए गए/नकली कीटनाशकों की बिक्री से फसल की पैदावार और किसानों की आय पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कम गुणवत्ता वाले उत्पाद कीटों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहते हैं, जिसके फसल का भारी नुकसान होता है। धानुका समूह की तीन विनिर्माण इकाइयां गुजरात, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में हैं। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में करीब 1,500 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।

## डीजल वाहनों पर रोक लगाने संबंधी सिफारिश स्वीकार होनी बाकी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया है कि सरकार ने 10 लाख से अधिक की आबादी वाले शहरों में डीजल से चलने वाले चार-पहिया वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा को अभी स्वीकार नहीं किया है। ऊर्जा बदलाव पर गठित समिति ने बड़े शहरों में डीजल से चलने वाले वाहनों पर वर्ष 2027 तक रोक लगाने के साथ ही इलेक्ट्रिक और गैस से चलने वाले वाहनों को अपनाने का सुझाव दिया है। इसके अलावा पूर्व पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर की अध्यक्षता वाली समिति ने परंपरागत इंजन से चलने वाले मोटरसाइकिल, स्कूटर और तिपहिया वाहनों को भी 2035 तक चरणबद्ध ढंग से हटाने की सिफारिश की है।

# ताशंकद-वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय मुक्केबाजों का कमाल

## पहली बार तीन मेडल जीते

**ताशकंद (एजेंसी)।** भारतीय मुक्केबाज ने ताशंकद में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। चैंपियनशिप में भारत के 3 मेडल पक्के हो गए हैं। टूर्नामेंट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने एक सीजन में इतने मेडल अपने नाम किए हैं। यहां निशांत देव, मोहम्मद हसमुद्दीन और दीपक भोरिया ने अपनी-अपनी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीतते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टॉप-4 में प्रवेश करते हुए इन तीनों के मेडल पक्के हो गए हैं, क्योंकि बॉक्सिंग में चार खिलाड़ियों को मेडल मिलते हैं। यानी कि एक सांत्वना ब्रॉन्ज मेडल भी दिया जाता है। तीनों मुक्केबाज अपनी-अपनी सेमीफाइनल बाउट 12 मई को खेलेंगे। यहां बता दें कि चैंपियनशिप में भारत अब तक गोल्ड मेडल नहीं जीत सका है। चैंपियनशिप की 75 केजी वेट कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दीपक भोरिया ने अजरबैजान के उमिद रूस्तामोव को 5-0 से परास्त किया। दीपक चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले 8वें भारतीय मुक्केबाज बने।दीपक के सेमीफाइनल में प्रवेश करने के थोड़ी देर में मोहम्मद हसमुद्दीन ने चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत का दूसरा मेडल तय किया। उन्होंने 57 चत्न वेट कैटेगरी में बुल्गारिया के जे डियाज इबनेज को 4-3 से मात दी।दीपक और हसमुद्दीन के बाद निशांत देव ने 71 चत्न वेट कैटेगरी में क्यूबा के जॉर्ज कुएलर को 5-0 से परास्त किया।

**सचिन-हर्ष पहली बार ले रहे हैं भाग** – टीम में 2021 यूथ वर्ल्ड चैंपियन सचिन सिवाच (54 किग्रा) और हर्ष चौधरी (86 किग्रा) पहली बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इनके अलावा सभी बॉक्सरों के पास वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खेलने का अनुभव है।

**104 देशों के 640 बॉक्सर ले रहे हैं भाग** – ताशकंद में 104 देशों के करीब 640 बॉक्सर भाग ले रहे हैं। इसमें सात डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन भी शामिल होंगे, जिनमें फ्रांस के सोफियान ओउमिहा, जापान की टोमोया त्सुबोई और सिवोन्नेट्स ओकाज़ावा, अजरबैजान के लोरेन अल्फोंसो, कजाकिस्तान के सकेन बिबोसिनोव और क्यूबा के योएनलिस हर्नांडेज़ मार्टिनेज और जूलियो ला करूज़ शामिल हैं।

# आईसीसी रेवेन्यू में सबसे बड़ा हिस्सा बीसीसीआई को मिलेगा

## भारतीय बोर्ड को हर साल 1887 करोड़ रुपए मिलेंगे, पाकिस्तान को 283 करोड़

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया रेवेन्यू डिस्ट्रीब्यूशन मॉडल जारी हुआ है। आईसीसी ने साल 2024-27 के साइकल के लिए जो वित्तीय मॉडल जारी किया है, उसके मुताबिक हर साल जितनी कमाई होगी उसका 38.5 फीसद हिस्सा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को मिलेगा। आईसीसी के नए वित्तीय मॉडल में बीसीसीआई की कुल कमाई हर साल 230 मिलियन डॉलर (1887 करोड़ रुपये) से अधिक की होगी। क्रिकइंफो के अनुसार, आईसीसी खेल के तीनों प्रारूपों में पुरुषों और महिलाओं के इवेंट्स के आगामी साइकल के लिए वर्ल्ड टेलीविजन और स्ट्रीमिंग अधिकारों की बिक्री से 600 मिलियन डॉलर

(करीब 4.9 हजार करोड़ रुपए) कमाने की उम्मीद कर रहा है। इस कमाई का 38.5त्न हिस्सा हर साल बीसीसीआई को मिलेगा।

**इस लिस्ट में पाकिस्तान चौथे नंबर पर** – एक अनुमान के मुताबिक, आईसीसी के नए फाइनेंसिएल मॉडल में बीसीसीआई के बाद इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्टेलिया (सीए) की कमाई अधिक होगी। ऐसा माना जा रहा है कि नए वित्त मॉडल में इंग्लैंड 41.33 मिलियन डॉलर (करीब 339 करोड़ रुपए) की कमाई करेगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की कमाई 37.53 मिलियन डॉलर (करीब 307 करोड़ रुपए) होगी। इस लिस्ट में पाकिस्तान चौथे नंबर पर रहेगा। हर साल पाकिस्तान की कुल कमाई 34.52 मिलियन डॉलर (283 करोड़ रुपये) की होगी।

**कमाई का 11.19 फीसद हिस्सा एसोसिएट सदस्यों को** – इस नए मॉडल में आईसीसी के बाकी आठ सदस्यों की आय 5त्न से कम होगी। वहीं, आईसीसी के 600 मिलियन डॉलर कमाई में से 12 पूर्ण सदस्यों को 532.84 मिलियन डॉलर (88.81 प्रतिशत) मिलेंगे, जबकि 67.16 मिलियन डॉलर (11.19 प्रतिशत) एसोसिएट सदस्यों को मिलेंगे।

# जियो सिनेमा पर आईपीएल को 1300 करोड़ से अधिक बार देखा गया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शुरुआती पांच हफ्तों में इस लुभावने टी20 टूर्नामेंट को इसके डिजिटल स्ट्रीमिंग साझेदार जियो सिनेमा की ऐप पर 1300

करोड़ से अधिक बार देखा गया है। जियो सिनेमा ऐप पर इस दौरान प्रति दर्शक औसत समय 60 मिनट तक पहुंच गया। जियो सिनेमा पर इस बीच पांच दिन में दो बार सर्वाधिक दर्शकों का आईपीएल रिकॉर्ड भी टूटा। चेन्नई सुपरकिंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच 12 अप्रैल को हुए मैच के दौरान एक ही समय में सर्वाधिक दो करोड़ 23 लाख लोग जियो सिनेमा ऐप पर इस मैच को देख रहे थे। इसके पांच दिन बार सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के बीच मुकाबले के दौरान दर्शकों की संख्या पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए दो करोड़ 40 लाख दर्शकों के आंकड़े को छूने में सफल रही। वायकॉम 18 के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, ''जियो सिनेमा हर गुजरते सप्ताह के साथ लगातार मजबूत हो रहा है और यह इसलिए संभव हो सका है क्योंकि दर्शकों ने टाटा आईपीएल 2023 को देखने के लिए डिजिटल मंच को अपनी पहली पसंद बना लिया है।

# इटैलियन ओपन फोगनीनी ने मरे को हराया, वावरिंका भी जीते

**रोम (एजेंसी)।** फाबियो फोगनीनी ने 35 साल के दो खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में एंडी मरे को लगभग तीन घंटे में हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में

जगह बनाई। पैर की चोट के कारण एक महीने तक बाहर रहने के बाद वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले फोगनीनी ने मरे को 6-4, 4-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

फोगनीनी ने मरे के 24 के मुकाबले 49 विनर लगाए। एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी स्टेन वावरिंका को इल्या इवाश्का को 6-2, 6-4 से हराने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। बारिश के कारण यह मुकाबला 90 मिनट के विलंब से शुरू हुआ। वावरिंका 38 साल के हैं और टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी हैं। एलेक्सांद्र बुबलिक, क्रिस्टियन गेरिन, मार्टन फुकसोविक्स और सबेस्टियन बेइज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे।

चीन के यू यिबिंग ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट को 3-6, 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में लेसिया सुरेंको ने दो बार की चैंपियन यूक्रेन की हमवतन एलिना स्वितोलिना को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। स्लोएन स्टीफंस ने नादिया पोडोरोस्का को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी और अगले दौर में उनकी भिड़ंत 14वीं वरीय विक्टोरिया अजारेंका से होगी।

# आत्मविश्वास से भरे मुंबई इंडियन्स और गुजरात टाइटंस के बीच आज रोमांचक मुकाबले की उम्मीद

**मुंबई (एजेंसी)।** आत्मविश्वास से भरी मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में शुक्रवार को यहां जब अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के सामने होगी तो दोनों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। आज सूर्यकुमार यादव के तेज पर गुजरात को लगाम लगाना होगा। आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहली बार मुंबई इंडियन्स की टीम प्रभावी नजर आ रही है और मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। मुंबई ने आरसीबी के 200 रन के लक्ष्य को 17 ओवर के भीतर ही हासिल कर लिया जो दर्शाता है कि टीम का बल्लेबाजी क्रम कितना मजबूत है। टीम ने हालांकि नेट रन रेट में इजाफा करने के लिए लगातार दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया।

टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और पिछली पांच पारियां में दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे हैं लेकिन इसके बावजूद मुंबई के बल्लेबाजों ने वानखेड़े स्टेडियम में तीन प्रयास में दो बार 200 या इससे अधिक के लक्ष्य को हासिल किया।यहां तक कि पंजाब किंग्स के खिलाफ भी मुंबई ने 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 201 रन बनाए थे।मुंबई के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी चिंता रोहित की फॉर्म नहीं बल्कि टीम की गेंदबाजी है। टीम के खिलाफ लगातार चार मैच में 200 से अधिक रन बने जबकि आरसीबी की टीम भी 199 रन बनाने में सफल रही।पिछले तीन मैच में विरोधी टीमों ने सपाट विकेट और बल्लेबाजी के अनुकूल हालात का फायदा उठाते हुए मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आठ विकेट पर 214, सात विकेट पर 212 और छह विकेट पर 199 रन बनाए और गुजरात टाइटंस की नजरें भी

## सूर्य का तेज कहीं गुजरात पर भारी न पड़ जाए

बड़े स्कोर पर टिकी होंगी।मुंबई की टीम ने आरसीबी के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन गुजरात टाइटंस के पास आरसीबी के विपरीत निचले क्रम में फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं।

सूर्यकुमार यादव की 35 गेंद में 83 रन की पारी और नेहल वढेरा के दूसरे अर्धशतक से मुंबई इंडियन्स ने आरसीबी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की लेकिन टीम को पता है कि वे शीर्ष पर चल रहे गजरात टाइटंस के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरत सकते। सूर्यकुमार की फॉर्म में वापसी मुंबई के लिए सबसे सकारात्मक चीज है जबकि इशान किशन, कैमरन ग्रीन, टिम डेविड और तिलक वर्मा ने भी टीम के लिए उपयोगी पारियां खेली हैं। यह देखना होगा कि वर्मा शुक्रवार को होने वाले मुकाबले के लिए फिट होते हैं या नहीं।मैच में काफी कुछ हालांकि इस पर भी निर्भर करेगा कि मुंबई के बल्लेबाज गुजरात के अफगानिस्तान के दो स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद के आठ ओवरों में कैसा प्रदर्शन करते हैं।गुजरात ने 11 में से आठ मुकाबले जीते हैं और प्ले ऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर खड़ी है।कप्तान हार्दिक पंड्या और आशीष नेहरा इस साल भी खिलाड़ियों की सफलता के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में सफल रहे हैं जिससे टीम लगातार दूसरे साल खिताब की मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है।

गुजरात टाइटंस ने इस साल विरोधी के मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है और उसे अब तक तीनों हार अहमदाबाद के अपने घरेलू मैदान पर मिली हैं।शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा की गुजरात की सलामी जोड़ी अच्छी फॉर्म में है और बड़ा स्कोर खड़ा करने का मंच तैयार कर रही है।हार्दिक और डेविड मिलर ने भी बल्ले से प्रभावित किया है जबकि निचले क्रम में राहुल तेवतिया की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत करती है।

### टीम इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस-** रोहित शर्मा (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, अरशद खान, जेसन बेहरेनडोर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन, डुआन जेनसन, क्रिस जोर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा और सूर्यकुमार यादव।

**गुजरात टाइटन्स-** हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नालकंडे, जयंत यादव, आर साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

**समय** – मैच शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग

- आस्ट्रेलिया पहुँची प्रथम स्थान पर
- भारत को लगा झटका, पाकिस्तान रैंकिंग में निकला आगे

**दुबई (एजेंसी)।** भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की गुरुवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया जबकि ऑस्ट्रेलिया पहले पायदान पर बरकरार है। रैंकिंग में वार्षिक अपडेट के बाद पांच बार के विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रेटिंग में पांच अंक का सुधार किया। टीम के नाम अब 118 रेटिंग अंक हैं। पाकिस्तान 116 रेटिंग अंक के साथ दूसरे और भारत 115 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। आईसीसी की विज्ञप्ति के मुताबिक, ''वार्षिक अपडेट से पहले ऑस्ट्रेलिया 113 अंक के साथ शीर्ष पर था और दशमलव के अंतर में भारत दूसरे स्थान पर था। पाकिस्तान 112 अंक के साथ तीसरे स्थान पर था लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे एकदिवसीय में जीत के बाद वह कुछ समय के लिए शीर्ष पर पहुंचा था। पाकिस्तान अगर पांचवें एकदिवसीय मैच को जीत लेता तो वह तालिका में शीर्ष पर बरकरार रहता लेकिन न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले को जीत कर उसे सूपड़ा साफ करने से रोक दिया। आईसीसी की वार्षिक रैंकिंग में मई 2020 से पूरी हुई सभी एकदिवसीय श्रृंखलाओं को शामिल किया गया है। इसमें मई 2022 से पहले पूरी हुई श्रृंखलाओं के लिए 50 अंक प्रतिशत दिये गये हैं जबकि इसके बाद की सभी श्रृंखलाओं को 100 अंक प्रतिशत दिये गये हैं। आईसीसी ने कहा, ''इसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान की इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार के अंक को इस रैंकिंग से हटा दिया गया जबकि 2021 में इसी टीम के खिलाफ मिली 0-3 की शिकस्त का 50 प्रतिशत रेटिंग अंक ही गणना में आया।

# भारत में खेलने को लेकर पीसीबी ने आईसीसी को नहीं दिया लिखित आश्वासन, पाक सरकार पर टिकी निगाहें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप को लेकर गतिरोध बरकरार रहने के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से उसकी राष्ट्रीय टीम के भारत में होने वाले 2023 विश्व कप में भाग लेने को लेकर कोई लिखित

आश्वासन नहीं मिला है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बुधवार को पीटीआई से कहा, ''भारत का पाकिस्तान आना और पाकिस्तान का भारत जाना बीसीसीआई या पीसीबी पर निर्भर नहीं करता है इसलिए पीसीबी वैश्विक आयोजन में अपनी भागीदारी के बारे में आईसीसी को कोई आश्वासन नहीं दे सकता है।

उन्होंने कहा, ''बीसीसीआई की तरह यहां भी पाकिस्तान सरकार स्वीकृति देगी, सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद ही पीसीबी फैसला कर सकता है। पाकिस्तान के अहमदाबाद में भारत से खेलने की संभावना है और उसके ज्यादातर मैच दक्षिणी भारत के शहरों जैसे बेंगलुरू और चेन्नई में होने की उम्मीद है। इस बीच एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) एशिया कप को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए तैयार है क्योंकि अधिकांश सदस्य देशों ने पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी द्वारा पेश 'हाइब्रिड मॉडल' के विचार को खारिज करने का फैसला किया है।

प्रस्ताव के अनुसार पाकिस्तान अपने सभी मैच पाकिस्तान में खेलेगा जबकि भारत अपने मैच दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खेलेगा। हालांकि श्रीलंका और बांग्लादेश ने सुपर फोर के लिए क्वालीफाई करने की स्थिति में पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच यात्रा को लेकर आशंका व्यक्त की है। एसीसी के एक सूत्र ने पुष्टि की कि अगर टूर्नामेंट को श्रीलंका में स्थानांतरित किया जाता है तो पाकिस्तान उसमें हिस्सा नहीं लेगा।

सूत्र ने कहा, ''सेठी ने सदस्यों को समझाने की कोशिश की कि 'हाइब्रिड मॉडल' व्यावसायिक रूप से अधिक व्यावहारिक हो सकता है लेकिन मैं आपको बता सकता हूं कि हर दूसरे दिन पाकिस्तान और यूएई के बीच यात्रा करना अन्य देशों के क्रिकेटरों के लिए बुरे सपने की तरह हो सकता है। उन्होंने कहा, ''एसीसी पाकिस्तान से अपने मेजबानी के अधिकार को बनाए रखने का अनुरोध करेगी लेकिन अगर वे सहमत नहीं होते हैं तो महाद्वीपीय प्रतियोगिता पांच टीम के बीच होगी।

# रिंकू सिंह भारतीय टीम में जगह बनाने से बहुत दूर नहीं : हरभजन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह छोटे प्रारूप में जल्द ही भारतीय टीम में जगह बनाएंगे।बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू ने 11 मैच में 151 के स्ट्राइक रेट से 337 रन बनाकर खुद को फिनिशर के रूप में स्थापित किया है।हरभजन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ''भारतीय टीम की कैप (टीम के लिए पदार्पण) जल्द ही रिंकू के सिर पर होगी। वह प्रेरणादायी खिलाड़ी है। वह आज जहां है वहां पहुंचने के लिए उसने बेहद कड़ी मेहनत की है। अपने ऊपर यह विश्वास रखने के लिए उसे पूरा श्रेय जाता है। उसका यात्रा जीवन का एक सबक है और सभी युवा बच्चों को उससे सीखना चाहिए।''एक अन्य पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भी हरभजन के सुर में सुर मिलाया।कैफ ने कहा, ''रिंकू सिंह में वह परिपक्वता है। उसका फुटवर्क काफी अच्छा है और स्ट्राइक रोटेट करने की भी कोशिश करता है। रिंकू को पता है कि अपनी फॉर्म को अच्छी पारी में कैसे बदलना है और उसे यह भी पता है कि जब तेजी दिखानी है। वह बड़े शॉट खेलने में सक्षम है।''भारत को जुलाई में वेस्टइंडीज और अमेरिका में पांच टी20 मैच खेलने हैं और फिर अफगानिस्तान से अपनी सरजमीं और आयरलैंड से उसके मैदानों पर सबसे छोटे प्रारूप में तीन-तीन मुकाबले खेलने हैं।

# हार के बाद रिकी पोंटिंग हुए आग-बबूला

## बीच के ओवरों में लगभग 34 खाली गेंद , ऐसे कभी नहीं जीत सकते

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि यहां चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बीच के ओवरों में ज्यादा खाली गेंद खेलना उनकी टीम पर भारी पड़ा। सुपरकिंग्स के आठ विकेट पर 167 रन के स्कोर का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम को चार बार की चैंपियन टीम के खिलाफ 27 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। पोंटिंग ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''हमने तीन विकेट जल्दी गंवाए और फिर स्पिनर गेंदबाजी के लिए आ गए... स्पिनरों के खिलाफ हमने कोई तत्परता नहीं दिखाई।

उन्होंने कहा, ''बीच के ओवरों में लगभग 34 खाली गेंद खेली...अगर बीच के ओवरों में इतनी खाली गेंद होंगी तो आप किसी स्कोर का पीछा करते हुए कभी नहीं जीत सकते। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को इस बात का भी मलाल है कि मौजूदा सत्र में कई बार उनकी टीम ने पहले ही ओवर में विकेट गंवाए। पोंटिंग ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस सत्र में यह पांचवां, छठा या शायद सातवां मौका था जब हमने मैच के पहले ओवर में ही विकेट गंवा दिया। एक बार तो हमने मैच के पहले ओवर में दो विकेट गंवाए हैं। यह स्पष्ट रूप से एक क्षेत्र है जहां हम सही नहीं कर रहे। जाहिर है कि हम मुकाबला कहां हारे।

पोंटिंग ने कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे पृथ्वी साव को एकादश से बाहर कर दिया गया है क्योंकि वह टीम की उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया। उन्होंने कहा, ''पृथ्वी.. यह तथ्य कि वह नहीं खेल रहा है, यह इस बात का संकेत है कि उसने वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम चाहते थे। अभी तक किसी ने भी दोनों हाथों से इस अवसर का फायदा नहीं उठाया है।

इस बीच सुपरकिंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि वह टीम के बल्लेबाजों द्वारा छोटी लेकिन प्रभावी पारियां खेलने से खुश थे और यह इस बात का प्रतिबिंब था कि खेल कैसे खेला जा रहा है।उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि यह इस बात का प्रतिबिंब है कि खेल कैसे खेला जा रहा है। हमने खिलाड़ियों को अधिक जोखिम वाले शॉट खेलने के लिए कहा है और आप एक पारी को जिस तरह खड़ा करते हैं, वह थोड़ा अलग है इसलिए मैं छोटी लेकिन प्रभावी पारियों से खुश हूं।

फ्लेमिंग ने कहा, ''अगर आप प्रतिस्पर्धी स्कोर से अधिक रन बनाने का प्रयास करते हैं तो खिलाड़ियों को क्रीज पर आकर अधिक आक्रामक रूप से खेलना होगा और इसके साथ गलतियां होंगी लेकिन आपने आज फिर देखा कि 160 रन का विकेट 175-180 रन के विकेट में बदल गया क्योंकि हमारी साझेदारियों में सकारात्मक इरादा था और खिलाड़ी आक्रामक होकर खेल रहे थे। कप्तान धोनी के बारे में फ्लेमिंग ने कहा, ''वह सिर्फ एक निश्चित तरीके से ट्रेनिंग कर रहा है। वह जानता है कि वह लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं करने वाला है और उससे आगे हमारे पास काफी बल्लेबाज हैं। इसलिए उसने वास्तव में आखिरी तीन ओवरों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने काफी मजबूत हिटिंग अभ्यास पर ध्यान केंद्रित किया है और आप इसका लाभ देख सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु मंत्रिमंडल में फेरबदल, पलानीवेल को वित्त विभाग से किया गया मुक्त

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के मंत्री पलानीवेल थियागा राजन को गुरुवार को वित्त और मानव संसाधन प्रबंधन के प्रमुख मंत्रालय से मुक्त कर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग दिया गया। थंगम थेनारासु नए वित्त मंत्री हैं और उनके द्वारा आयोजित उद्योग पोर्टफोलियो को मन्नारगुडी निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार के विधायक टीआरबी राजा को आवंटित किया गया था, जिन्हें नए मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया था।राजभवन की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि पीटीआर के रूप में संबोधित थियागा राजन आईटी और डिजिटल सेवा विभाग को संभालेंगे। आईटी विभाग का पोर्टफोलियो पहले टी मनो थंगराज द्वारा संभाला जाता था और अब उन्हें दूध और डेयरी विकास विभाग सौंपा गया है। एसएम नसर, जिनके पास दूध विभाग था, को 9 मई को मंत्रिमंडल से हटा दिया गया था।

### तेलंगाना में 12वीं परीक्षा परिणाम के बाद हताश थे कई स्टूडेंट्स, 24 घंटे में 6 छात्रों ने की आत्महत्या

**तेलंगाना, एजेंसी।** इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम आने के बाद पूरे तेलंगाना में 6 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। छात्र अपने परीक्षा परिणामों से कथित रूप से निराश थे और उन्होंने यह कदम उठाया। तेलंगाना पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पांच आत्महत्याएं अकेले हैदराबादा में हुई है। वहीं एक स्टूडेंट ने निजामाबाद में परीक्षा के नतीजे के बाद खुद की जान दे दी। परीक्षा में विफल होने से हताश एक छात्रा ने हैदराबाद के वनस्थलीपुरम में सुसाइड कर लिया। बता दें कि दिसंबर 2021 में, छह छात्रों की आत्महत्या से मृत्यु के बाद, सरकार ने छात्रों पर तनाव कम करने के लिए सभी को च्उत्तीर्णज घोषित किया था ताकि वे इंटरमीडिएट अंतिम वर्ष की परीक्षा में शामिल हो सकें। कोविड महामारी के बाद, सभी को अस्थायी रूप से इंटरमीडिएट द्वितीय वर्ष में पदोन्नत घोषित किया गया और अक्टूबर में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 51 प्रतिशत अनुत्तीर्ण रहे।

### गुरुग्राम में पेड़ से टकराई लग्जरी कार; आग से जलकर हुई खाक, ड्राइवर फरार

**गुरुग्राम एजेंसी।** गुरुग्राम में एक लग्जपी कार हादसा सामने आया है। यहां के गोल्फ कोर्स रोड पर आज सुबह एक तेज रफ्तार लग्जरी कार पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने के बाद गाड़ी में आग लग गई। इस हादसे के बाद लग्जरी कार जलकर राख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, पेड़ से टकराने के बाद लग्जरी कार डिवाइडर से टकरा गई। जिस वजह से कार में आग लग गई और कार पूरी तरह जल गई। बताया गया कि इस हादसे के बाद कार चालक मौके पर से फरार हो गया है। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को हरियाणा के रोहतक जिले में एक डिस्पोजेबल ग्लास और प्लेट निर्माण कारखाने में आग लग गई। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, इमारत से तीन बच्चों और एक महिला को बचा लिया गया और दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।

### सुशांत लोक में कमरे में मिला रवि सचदेवा का शव, पूरी तरह से गल चुकी है डेड बॉडी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सुशांत लोक में रहने वाले सीए रवि सचदेवा का शव उनके कमरे में मिला। शव पूरी तरह गल चुका है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि कम से कम 10 दिन पहले उनकी मौत हुई होगी। सुशांतलोक थाना पुलिस छानबीन में जुटी है। बता दें कि सचदेवा अपने घर में अकेले ही रह रहे थे। स्वजन विदेश में रहते हैं। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने स्टंट डलवाया था। कई दिनों से स्वजन संपर्क करने का प्रयास कर रहे थे। फोन नहीं उठाने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा खोल कर देखा तो वह मृत पड़े थे।

### एसटीएफ के निशाने पर आया कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल, अंबाला में दिखी सक्रियता

**गुरुग्राम, एजेंसी।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की सूची में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई का भाई गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई का नाम भी अब शामिल हो गया है। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। फिलहाल वह विदेश में किस नाम से रह रहा है, पासपोर्ट किस नाम से बना रखा है, सहित कई विषयों की जानकारी हासिल की जाएगी, ताकि आते ही उसे गिरफ्तार किया जा सके। बताया जाता है कि लारेंस बिश्नोई के नाम पर अनमोल बिश्नोई गैंग का संचालन कर रहा है। फिलहाल अंबाला इलाके में उसकी सक्रियता अधिक है। उसके ऊपर अंबाला आम आदमी पार्टी नेता और जिला पार्षद मक्खन सिंह लबाना से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है। डराने के लिए उसने गैंग के शूटरों साहिल उर्फ प्रजापति और कृष्ण कुमार उर्फ लवली को लबाना के घर पर गोलियां चलाने को भेजा था। दोनों ने पिछले महीने 27 अप्रैल को गोलियां चलाई थीं। दोनों को एसटीएफ गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ में सामने आया है कि वे यमुनानगर के शराब ठेकेदार और पंचकूला के एक माइनिंग ठेकेदार की हत्या करने की फिराक में थे। उन्हें पंजाब में भी टारगेट किलिंग के लिए जिम्मेदारी दी गई थी। इन बातों की जानकारी सामने आने के बाद अनमोल बिश्नोई को लेकर एसटीएफ हाईअलर्ट मोड में आ गई है। गैंग के कितने गुर्गे किन इलाकों में सक्रिय हैं, इस बारे में जानकारी हासिल की जाएगी। लारेंस बिश्नोई गैंग ने गत वर्ष 25 फरवरी को गुरुग्राम जिले में गांव खोड़ के रहने वाले पूर्व जिला पार्षद परमजीत ठाकरान और उनके सगे भाई सुजीत ठाकरान को घर के सामने ही गोलियों से छलनी कर दिया था। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले में गैंग के 20 से अधिक गुर्गे गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कहीं दोहरा हत्याकांड में भी अनमोल बिश्नोई की भूमिका तो नहीं थी, इस बारे में भी जानकारी हासिल की जाएगी। कुल मिलाकर प्रदेश में सक्रिय अन्य गैंगस्टरों की तरह अब अनमोल बिश्नोई की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।

# यौन प्रताड़ना के आरोपों से घिरे बृजभूषण सिंह की बढेंगी मुश्किलें, नाबालिग महिला पहलवान ने दर्ज कराया बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली नाबालिग महिला पहलवान ने अपना बयान दर्ज करवाया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने दिल्ली पुलिस से जुड़े सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि फेडरेशन के मुखिया और भाजपा सांसद के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित आरोपों को लेकर नाबालिग महिला पहलवान ने मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज करवाया है। महिला पहलवान का बयान सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज की गई है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में पहले ही बृजभूषण शरण सिंह पर दो केस दर्ज किया था। बताया जा रहा था कि पुलिस जल्द ही पीड़ित महिला पहलवानों का बयान दर्ज कर सकती है। अब सूत्रों के हवाले से केस दर्ज किये जाने की बात सामने आ रही है। ऐसा माना जा रहा है कि अब जब महिला पहलवान के बयान दर्ज हो गए हैं तो इससे बृजभूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ सकती है।

बृजभूषण शरण सिंह पर नाबालिग महिला पहलवानों के साथ यौन अपराध करने का केस दर्ज हुआ है। इसमें पॉक्सो एक्ट की धारा लगाई गई है। जबकि दूसरी प्राथमिकी शिकायतकर्ताओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में दर्ज की गई है। बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विनेश फोगाट, साक्षी मलिका और बजरंग पूनिया समेत देश के कई पहलवान पिछले कई दिनों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। इन पहलवानों को किसानों का भी समर्थन मिला रहा है। इसके अलावा कई राजनीतिक दल भी अब तक जंतर-मंतर पर जाकर पहलवानों को अपना समर्थन दे चुके हैं।

हालांकि, इस पूरे मामले पर खुद बृजभूषण शरण सिंह मीडिया के सामने आकर कई बार अपनी सफाई दे चुके हैं। बृजभूषण शरण सिंह बार-बार अपने उपर लगे आरोपों से इनकार करते आए हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि अगर एक भी आरोप साबित हो जाएं तो मैं फांसी चढ़ने के लिए तैयार हूं। इधर पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में बृजभूषण और आरोप लगाने वाली सात लड़कियों का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, अगर हम झूठ बोल रहे हैं तो नार्को टेस्ट करा लें, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। जो भी गलत हो उसको उसी दिन फांसी दे दी जाए।

पहलवान बोले, अगर हम यह लड़ाई जीत गए, तो 50 साल आगे तक अपनी बेटियों को संदेश देंगे। अगर हार गए तो बेटियां 50 साल पीछे चली जाएंगी। पहलवानों ने गुरुवार को देशवासियों से काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराने का आह्वान किया।

विनेश फोगाट ने उद्योगपति रतन टाटा का नाम लेते हुए कहा कि वह पांच साल से खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और ओलंपिक में सहयोग के लिए फंड दे रहे हैं। वह खिलाड़ियों तक पहुंचा या नहीं। इसकी जांच करनी चाहिए नई दिल्ली, प्र.सं.। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों में दर्ज प्राथमिकियों पर राउज एवेन्यू अदालत ने बुधवार को दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट मांगी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल की अदालत ने पहलवानों की याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया है।

## नोएडा में फ्लैट बायर्स का इंतजार होगा खत्म, अधूरे प्रॉजेक्ट्स को पूरा करने का नया प्लान

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में अधूरी आवासीय परियोजनाओं को पूरा कराने के लिए सह-विकासकर्ता (को-डेवलपर) तलाशे जाएंगे। इसके लिए दोनों प्राधिकरण डेवलपर से आवेदन मांगेंगे। को-डेवलपर के लिए शर्त यह होगी कि वे प्राथमिकता के आधार पर प्राधिकरण की बिल्डर पर बकाया रकम चुकाएंगे। बिल्डर न तो प्राधिकरण का पैसा दे रहे हैं और न ही अधूरी परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने बकाया देने के लिए करीब 62 बिल्डर को नोटिस जारी किए थे। इन पर करीब नौ हजार करोड़ रुपये बकाया हैं। इसमें से सिर्फ 300-400 करोड़ रुपये ही बिल्डर ने जमा किए। इसके बाद प्राधिकरण बिल्डर के लिए रीशेड्यूलमेंट पॉलिसी लेकर आया। करीब तीन महीने तक चली पॉलिसी में करीब 10 बिल्डर ही आए। ऐसे में प्राधिकरण की ओर से योजनाएं लाने के बाद भी बिल्डर आगे नहीं आ रहे हैं। ऐसे में खरीदारों की सहूलियत के लिए प्राधिकरण एक ओर योजना लाने जा रहा है। यह योजना को-डेवलपर की होगी। इसमें कोई डेवलपर किसी परियोजना में वर्तमान बिल्डर का हिस्सेदार बनकर अधूरी परियोजना को पूरा कर सकता है। इससे अधूरी पड़ी परियोजना पूरी हो जाएगी और लोगों को जल्द फ्लैट मिल सकेंगे। डेवलपर के लिए शर्त होगी कि वह सबसे पहले प्राधिकरण का बकाया चुकाएगा। को-डेवलपर पॉलिसी लाने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू दी है। संभवत एक महीने के अंदर यह पॉलिसी आ जाएगी।

अधिकारियों की मानें तो यह योजना आने के बाद नोएडा से ज्यादा फायदा ग्रेटर नोएडा में देखने को मिलेगा। वहां काफी संख्या में परियोजनाएं अधूरी हैं, जिनका काम बंद पड़ा है या 20-30 प्रतिशत ही काम हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि नोएडा में 40-45 परियोजनाएं अधूरी हैं, जिनमें 50-60 हजार फ्लैट बनने प्रस्तावित हैं। इनमें से यूनिटेक आदि बिल्डर की कुछ ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनमें पूरी तरह काम बंद पड़ा हुआ है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में 100-110 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।

## गोलपाड़ा जिले में मृत्यु भोज में शामिल हुए लोग फूड पॉइजनिंग का हुए शिकार, 40 लोग हुए बीमार

**गोलपारा, एजेंसी।** असम के गोलपारा जिले में चौंका देने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, गोलपारा जिले में मृत्यु भोज कार्यक्रम में कई लोग शामिल हुए थे, लेकिन वे सभी फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इस कार्यक्रम में पुरुष, महिलाओं और बच्चे शामिल हुए थे। वहां फूड पॉइजनिंग कम से कम 40 लोग बीमार पड़ गए।

**40 लोग हुए फूड पॉइजनिंग का शिकार:** पुलिस के अनुसार, पीड़ितों को तुरंत रंगजुली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने कहा कि यह फूड प्वाइजनिंग का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि बुधवार को गोलपारा जिले के मरियमपुर इलाके में आयोजित मृत्यु भोज कार्यक्रम में वहां पहुंचे लोगों ने वहां भोजन किया लेकिन, भोजन करने के बाद कम से कम 40 लोग बीमार पड़ गए। पुलिस ने कहा कि मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल हुए कुछ लोगों को जब खाना खाने के बाद उल्टी होने लगी तो उन्हें तुरंत रंगजुली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने बताया कि यह फूड प्वाइजनिंग का मामला लग रहा है, हालांकि लोगों के बीमार होने के वास्तविक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पीड़ितों के परिवार के सदस्यों ने हमें बताया कि उन्होंने मृत्यु के बाद के अनुष्ठान कार्यक्रम में अन्य भोजन के साथ मछली खाई था। वास्तविक कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, हालांकि, यह फूड पॉइजनिंग का मामला लगता है। अभी तक 20-25 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है और कई और बीमार लोग आ रहे हैं। हालांकि डॉक्टर लगातार उनका इलाज कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि हमने मामला दर्ज कर लिया है।

## दूसरी महिला के साथ बिना हेलमेट लगाए घूम रहा था शख्स, पत्नी के पास पहुंचा चालान और फोटो; मच गया बवाल

**केरल, एजेंसी।**
केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम की सड़कों के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए एक खतरे की घंटी बन चुका है। दरअसल, यदि कोई भी व्यक्ति ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसकी रिकॉर्डिंग और चालान सीधा उसके घर पहुंच जाता है। इसी चालान के जरिए एक महिला को अपने पति के काले करतूतों का भी पता लग गया।

दरअसल, वह शख्स अपनी महिला मित्र के साथ बिना हेलमेट लगाए शहर के चक्कर काट रहा था, जिसकी फोटो और चालान उसकी बीवी के हाथ लग गया और फिर बवाल शुरू हो गया।

**चालान का विवरण और तस्वीर पहुंचा पत्नी के पास:** इडुक्की के रहने वाले इस व्यक्ति ने 25 अप्रैल को बिना हेलमेट पहने शहर की सड़कों पर अपनी महिला मित्र के साथ स्कूटर की सवारी की थी। उस दौरान शहर के कई कैमरों में उसकी रिकॉर्डिंग हो गई। इसके बाद चालान के लिए उस व्यक्ति की फोटो और चालान का विवरण उसके घर पहुंचा, क्योंकि स्कूटर उसके पत्नी के नाम पर रजिस्टर थी।

इसके साथ ही, उस महिला को मैसेज के जरिए भी पता लगा कि उसका पति बिना हेलमेट लगाए किसी दूसरी महिला के साथ घूम रहा था।

**शख्स के घर पहुंचते ही मचा बवाल:** इसके बाद जब पति घर पहुंचा, तो महिला ने उससे चालान और साथ में स्कूटर पर बैठी महिला के बारे में भी पूछा। इस पर पहले उस व्यक्ति ने बोला कि उसे इस बारे में नहीं पता, उन दोनों का कोई संबंध नहीं है। कपड़े की दुकान में काम करने वाले 32 साल के उस शख्स ने दावा किया कि उसने दूसरी महिला को सिर्फ स्कूटर पर लिफ्ट दी थी। वहीं, थोड़ी देर बाद दोनों में कहासुनी हो गई। इस कहासुनी के बाद पत्नी गुस्से में पुलिस थाने पहुंची और अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। महिला ने कहा कि वह शख्स उसके और उसके तीन साल के बच्चे के साथ मारपीट कर रहा है। इस पर पुलिस ने शिकायत दर्ज करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

महिला की शिकायत के आधार पर उस शख्स को आईपीसी की धारा 321, 341 और 294 और किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## यूरोपीय देशों में मृत मिलीं 22 महिलाओं के आज तक नहीं पता चले नाम, सालों बाद इंटरपोल ने साझा किए कई सुराग

**पेरिस, एजेंसी।**
जर्मनी, बेल्जियम और नीदरलैंड में 43 साल के अंदर 22 महिलाओं के शव मिले, जिनकी आज तक पहचान नहीं हो पाई है। माना जाता है कि इनमें से ज्यादातर महिलाएं हिंसा की शिकार हुई थीं और पुलिस का कहना है कि कुछ महिलाओं की मौत के सिलसिले में दुर्व्यवहार या भुखमरी के सुराग मिले हैं।

वे महिलाएं कौन थीं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। जांचकर्ता आज भी पूरी शिद्दत से उनके हत्यारों की तलाश में जुटे हैं।

पुलिस को उम्मीद है कि बुधवार को शुरू किए गए 'ऑपरेशन आइडेंटिफाई मी' से उन महिलाओं की पहचान और हत्यारों की तलाश में मदद मिल सकती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर

पर इंटरपोल ने महिलाओं का नाम पता लगाने के लिए आम लोगों से मदद मांगी है। फ्रांस के ल्योन में स्थित अंतरराष्ट्रीय पुलिस संस्था 'इंटरपोल' ने कुछ महिलाओं तस्वीरें साझा की हैं। सबसे पुराना अवशेष 1976 में नीदरलैंड में, 12 मोटरवे द्वारा पाया गया था, जबकि सबसे हाल ही में अगस्त 2019 में बेल्जियम के एक पार्क में पाया गया था।

**कई महिलाओं के शवों से जुड़े निशान मिले:** अगर महिलाओं के नामों का पता चल जाता है तो इससे कम से कम पुलिस को एक फायदा तो होगा कि वह जांच के दौरान महिलाओं का जिक्र उनके नाम से कर पाएगी। पुलिस को अभी तक इन महिलाओं की पहचान का जिक्र उनके शवों पर मिले निशानों या कपड़ों से करना पड़ता है। जैसे एक की पहचान फूल टैटू वाली महिला के तौर पर की जाती है, तो दूसरी की शिनाख्त नकली नाखूनों वाली महिला के तौर पर होती है। या फिर उनके शव जहां से मिले हैं, उस स्थान के तौर पर पहचाना जाता है। इनमें सबसे पुराना मामला 1976 का है जब एक पार्किंग स्थल से एक लड़की का शव मिला था। इसे द गर्ल इन पार्किंग लॉट मामला कहा जाता है। महिला का शव नीदरलैंड में ए12 राजमार्ग के पास मिला था। माना जाता है कि जब उसकी मौत हुई तो वह 13 से 20 वर्ष की रही होगी। कुछ महिलाएं पूर्वी यूरोप की थीं इंटरपोल ने नीदरलैंड, जर्मनी और बेल्जियम पुलिस के हवाले से एक बयान में कहा कि माना जाता है कि कुछ महिलाएं पूर्वी यूरोप की थीं औप जांच को उलझाने के लिए संभवतः उनके शव बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी में छोड़े गए थे।

## आतंकवाद पर चीन फिर हुआ बेनकाब, यूएन में आतंकी रऊफ को ब्लैक लिस्ट में डालने के भारत के प्रस्ताव पर जताई आपत्ति

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।**
शंघाई सहयोग संगठन के मंच से हाल में आतंकवाद से लड़ने के वादे को भुला कर चीन ने पाकिस्तानी आतंकी अब्दुल रऊफ अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित करने के संबंध में भारत के प्रस्ताव का विरोध किया है। अजहर जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर का भाई है। भारत ने यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश किया था। यह वही अजहर है जो 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान आइसी814 के अपहरण कांड में शामिल था। यात्रियों से भरा यह विमान अपहरण कर अफगानिस्तान के कंधार ले जाया गया था और उसके बदले में मसूद अजहर और अन्य आतंकियों की रिहाई हुई थी। आतंकी संगठन जैश ही 2001 में भारतीय संसद पर हमले और 2016 में भारतीय वायुसेना के पठानकोर्ट स्थित अड्डे पर हमले के लिए जिम्मेदार है। इन सभी हमलों में रऊफ अजहर की संलिप्तता भी सामने आई थी। अमेरिका ने उस पर 2010 से प्रतिबंध लगाया हुआ है। बता दें कि अगस्त 2022 में भी भारत ने रऊफ अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए प्रस्ताव पेश किया था, तब भी सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में चीन ने वीटो के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए प्रस्ताव रोक दिया था। लेकिन इस बार उसने इस प्रस्ताव को रोकने के साथ ही आपत्ति भी जताई है। उसका आवागमन बंद हो जाता और उसकी संपत्तियां जब्त हो जातीं। विदित हो कि जैश-ए-मुहम्मद पाकिस्तान का आतंकी संगठन है और रऊफ अजहर पाकिस्तान में रहते हुए भारत पर आतंकी हमलों की साजिश रचता रहता है।

## पाक एक्ट्रेस ने मांगा दिल्ली पुलिस का ऑनलाइन लिंक, कहा- मोदी की शिकायत करनी है; पुलिस का जवाब- पाकिस्तान अभी हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की एक्ट्रेस सेहर शिनवारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराना चाहती हैं। सेहर ने ट्वीट कर दिल्ली पुलिस का ऑनलाइन लिंक मांगा। इस पर दिल्ली पुलिस ने दिलचस्प जवाब दिया है। सेहर ने यह ट्वीट मंगलवार रात साढ़े 10.26 बजे किया, जब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हिंसा शुरू हो चुकी थी। सेहर ने लिखा- किसी को दिल्ली पुलिस का ऑनलाइन लिंक पता है? मुझे वहां के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खुफिया एजेंसी रॉ के बारे में शिकायत करनी है, ये लोग मेरे देश में आतंकवाद फैला रहे हैं। अगर भारत का सुप्रीम कोर्ट स्वतंत्र है, जैसा कि वो दावा करता है तो मुझे वहां इंसाफ मिलने की उम्मीद है। सेहर के ट्वीट का जवाब दिल्ली पुलिस ने सेहर के ट्वीट के 31 मिनट बाद ही दे दिया। दिल्ली पुलिस ने सेहर को टैग करते हुए लिखा- पाकिस्तान अभी भी हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। हां, हम यह जरूर जानना चाहते हैं कि आपके देश में तो इंटरनेट शट डाउन है फिर आप ट्वीट कैसे कर रही हैं। 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान भी शिनवारी अपने ट्वीट को लेकर चर्चा में आई थीं। उन्होंने कहा था कि अगर जिम्बाब्वे की टीम भारत को हरा देती है तो वो जिम्बाब्वे के लड़के से शादी करेंगी। इससे पहले श्रीलंका-भारत मैच के दौरान भी उन्होंने ऐसा ही ट्वीट किया था। गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले शिनवारी ने ट्वीट किया था कि मैं शर्त लगाती हूं कि गुजरात चुनाव में भाजपा को शर्मनाक हार मिलेगी। अगर ऐसा नहीं होता है तो मुझे जो चाहो, कह लेना। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा था कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी गुजरात चुनाव में भाजपा के लिए बड़ी परेशानी बनेगी। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इन दिनों अपनी लव लाइफ की वजह से सुर्खियों में हैं।

## प्रिंस हैरी के फोन हैकिंग मामले की शुरू हुई सुनवाई, समाचार पत्र के प्रकाशक ने मांगी माफी

**लंदन, एजेंसी।**
फोन हैकिंग के आरोपों को लेकर डेली मिरर समाचार पत्र के प्रकाशक के खिलाफ ब्रिटेन के उच्च न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। बता दें कि प्रिंस हैरी उन हस्तियों में से एक हैं, जिनके दावों पर प्रकाशक के खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है। इस बीच, बुधवार को समाचार पत्र के प्रकाशक ने गैरकानूनी तरीके से सूचना एकत्र करने का आदेश देने के लिए माफी मांगी है।

मिरर ग्रुप न्यूजपेपर्स (एमजीएन) के बचाव में अदालत को सौंपे गए दस्तावेज में यह बात स्वीकार की गई है। इन दस्तावेजों में कहा गया है कि एमजीएन अवैध रूप से जानकारी एकत्र करने के ऐसे सभी मामलों के लिए माफी मांगता है और दावेदारों को आश्वासन देता है कि उसकी ओर से ऐसा आचरण दोबारा कभी नहीं दोहराया जाएगा। समूह ने कहा कि वह हैरी और 3 कम प्रसिद्ध हस्तियों के दावों का सामना कर रहा है।

डेली मिरर का प्रकाशक लंदन स्थित मिरर ग्रुप न्यूयपेपर्स (एमजीएन) है। एमजीएन ने उच्च न्यायालय में मुकदमे की शुरुआत में अदालती दस्तावेज जारी किए लेकिन फोन हैकिंग के आरोपों से इनकार किया।

**निजी जानकारी निकालने का लगा आरोप:** 38 वर्षीय हैरी और अभिनेताओं, खेल जगत के सितारों और टीवी से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों समेत करीब 100 हस्तियों ने प्रकाशक के खिलाफ मुकदमा

दायर किया है। इन्होंने प्रकाशक पर 1991 और 2021 के बीच बड़े पैमाने पर फोन हैकिंग और अन्य गैरकानूनी तरीकों से निजी जानकारी निकालने का आरोप लगाया है।

इससे पहले हुई सुनवाई में हैरी के मामले में कहा गया था कि 1996 से 2010 के बीच प्रकाशित 148 लेखों में ऐसी जानकारी शामिल है जो कथित तौर पर फोन हैकिंग सहित अन्य तरीकों से हासिल की गई थी। उनके वकीलों का तर्क है कि कंपनी के अधिकारियों को व्यापक फोन हैकिंग के बारे में पता था, लेकिन उन्होंने कार्रवाई नहीं की।

एमजीएन ने पहले गैरकानूनी तरीकों से प्राप्त जानकारी के संबंध में कुछ दावों का निपटारा किया है। उसका तर्क है कि अदालत के समक्ष लाए जा रहे दावों का नवीनतम सेट बहुत देर से और कानूनी समय सीमा से परे है। प्रिंस हैरी ने दो अन्य प्रकाशकों एसोसिएटेड न्यूजपेपर्स लिमिटेड (एएनएल) और न्यूज ग्रुप न्यूजपेपर्स (एनजीएन) पर भी आरोप लगाया है कि वह उनके फोन हैकिंग के कृत्य में शामिल थे। हालांकि, दोनों ने इससे इनकार किया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555